# समावर्तन
## 2022

एक नया
इतिहास
रचें हम

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) द्वारा श्रेणी 'बी' प्रत्यायित

## महाराणा प्रताप महाविद्यालय

जंगल धूसड़, गोरखपुर-273 014 (उ.प्र.)
Web : www.mpm.edu.in | e-mail : mpmpg5@gmail.com | Phone : 7897475917, 9794299451

# हमारे आदर्श

स्वदेश, स्वधर्म, स्वतंत्रता और स्वाभिमान के लिये सर्वस्व निछावर करने वाले राष्ट्रनायक परमवीर महाराणा प्रताप का उज्ज्वल प्रदीप्त चरित्र हमारा आदर्श है। मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान् श्रीराम के श्रीमुख से निःसृत–

**'जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी'**

और पुण्य प्रताप महाराणा प्रताप का यह उद्घोष कि–

**'जो हठि राखे धर्म को तिहि राखै करतार'**

हमारे सदा स्मरणीय बोधवाक्य हैं। शिक्षा परिषद् और महाविद्यालय को राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप के नाम पर स्थापित करने के पीछे यही स्पष्ट उद्देश्य और प्रयोजन है कि इन संस्थाओं में अध्ययन-अध्यापन करने वाला युवा आधुनिक ज्ञान-विज्ञान एवं कला की कालोचित शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ अपने देश और समाज के प्रति सहज निष्ठा और अटूट श्रद्धा का पाठ भी पढ़े।

## महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् के संस्थापक



शिक्षा के प्रसार को लोक-जागरण और राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का सशक्त माध्यम स्वीकार करते हुए युगपुरुष ब्रह्मलीन पूज्य महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज ने शैक्षिक दृष्टि से अत्यन्त पिछड़े पूर्वी उत्तर प्रदेश के केन्द्र एवं अपनी कर्मस्थली गोरखपुर में प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक की शिक्षण संस्थाओं को संचालित करने हेतु महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की 1932 ई. में स्थापना कर शिक्षा क्षेत्र में अविस्मरणीय भूमिका की नींव रखी। वर्तमान में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् के अन्तर्गत संचालित चार दर्जन से भी अधिक शिक्षण-प्रशिक्षण एवं चिकित्सा-शिक्षा संस्थाओं में 70 हजार से भी अधिक छात्र-छात्रायें कला, विज्ञान, वाणिज्य, साहित्य, चिकित्सा और प्राविधिक विषयों में परम्परागत तथा आधुनिक विषयों की शिक्षा ले रहे हैं।

## महाविद्यालय के संस्थापक

अपने वरेण्य गुरुदेव युगपुरुष महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज के बहुआयामी सपनों को साकार करने में निरन्तर संलग्न सामाजिक समरसता के उद्गाता, राष्ट्रवादी राजनीति के पुरोधा और अप्रतिम धर्मयोद्धा राष्ट्र-संत ब्रह्मलीन पूज्य महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज ने सन् 1932 ई. में गुरुदेव द्वारा स्थापित 'महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद' को अपनी निष्ठा, सुदीर्घकालीन तपस्या और अनुभव की पूँजी से उत्तरोत्तर समृद्ध, समुन्नत और प्रगतिशील रखते हुए 1957-58 ई. में गोरखपुर में वर्तमान विश्वविद्यालय की स्थापना के लिये उदारतापूर्वक विलीनीकृत तत्कालीन महाराणा प्रताप महाविद्यालय को नये रंग-रूप में पुनर्जीवित करते हुये उच्च शिक्षा से वंचित ग्रामीण अंचल जंगल धूसड़ में महाराणा प्रताप महाविद्यालय की स्थापना की, जिसने शैक्षणिक गुणवत्ता, संस्कारयुक्त एवं अनुशासित परिसर की स्थापना कर अपनी बेहतरीन साख बनायी है।

## महाविद्यालय के प्रबन्धक

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के मंत्री एवं महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़ के प्रबंधक गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त योगी आदित्यनाथ जी महाराज, माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, की स्पष्ट दृष्टि है कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद एवं महाराणा प्रताप महाविद्यालय की स्थापना लोक कल्याणार्थ शिक्षा को सेवा एवं साधना का माध्यम बनाने के लिए की गई। इस संस्था का दर्शन एवं लक्ष्य है कि इस संस्था से अध्ययन करने वाला युवा अत्याधुनिक ज्ञान-विज्ञान तथा कला की कालोचित शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ राष्ट्र एवं समाज के प्रति सहज निष्ठा और श्रद्धा का पाठ पढ़े। भारतीय जीवन दर्शन का वह अनुगामी बनें। उनका कहना है कि प्रगति और परम्परा राष्ट्रीय-सामाजिक विकास रथ के दो पहिये हैं, ऐसे में अत्याधुनिक संसाधनों, सूचना एवं संचार माध्यमों के उपयोग के साथ अध्यापन तथा भारतीय जीवन दर्शन के प्रति श्रद्धा भाव पैदा करना इस महाविद्यालय का मिशन है।

## महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्

भारत के स्वाधीनता संग्राम में बालगंगाधर तिलक का युग समाप्त होते-होते कांग्रेस के नेतृत्व पर प्रश्न चिह्न खड़ा होने लगा था। 1920 ई. के बाद क्रान्तिकारी आन्दोलन ने अलग राह पकड़ी और 1930-31 ई. तक आते-आते कांग्रेस के स्पष्ट सहयोग के अभाव में क्रान्तिकारियों का दमन करने में ब्रिटिश हुकूमत सफल रही। 1915-16 ई. के बाद इसी काल खण्ड में स्वाधीनता संग्राम की अगुवा कांग्रेस मुस्लिम तुष्टीकरण की भी शिकार हुई। इस युग तक अंग्रेजों द्वारा भारत में अंग्रेजियत में रमे बाबुओं की फौज खड़ी करने की शिक्षा नीति का प्रभाव भी दिखने लगा था। देश के समक्ष एक चुनौती थी कि भारत की नयी पीढ़ी भारतीयता के साँचे में कैसे ढले। अपनी संस्कृति और स्वदेशी दृष्टि की शिक्षा प्रणाली और शिक्षा नीति ही एक मात्र इस चुनौती का समाधान था। इस चुनौती को भी भारतीय मनीषियों ने स्वीकार किया।

महामना मदन मोहन मालवीय के अथक प्रयास से 4 फरवरी 1916 ई. को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय लोकार्पित हो गया। भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार हेतु स्थापित यह विश्वविद्यालय पूरे देश में भारतीय संस्कृति पर आधारित शिक्षा पद्धति का एक नया मानक बना और इसी धारा को तत्कालीन युगपुरुष गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज ने आगे बढ़ाते हुए 1932 ई.में गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की नींव रखी। ब्रिटिश हुकूमत को शिक्षा के भी क्षेत्र में भारतीय मनीषियों द्वारा यह कड़ी चुनौती थी, कि भारत अपने पैरों पर खड़ा होने में समर्थ है, वह अपना तंत्र, अपनी शिक्षा, अपनी संस्कृति और अपने मूल्यों की पुनः स्थापना अपनी योजनानुसार करेगा। यह दूर दृष्टि थी कि देश जब आजाद होगा तब देश की व्यवस्था चलाने हेतु भारतीय पद्धति के शिक्षा संस्थानों से निकले युवाओं की फौज तैयार मिलेगी।

देश पराधीन था। जनता विपन्न थी। ज्ञान कौशल के अभाव में स्वाभिमान और राष्ट्रीय पुनर्निर्माण की चेतना का जागरण दुष्कर था। स्वतंत्रता संग्राम के एक सशक्त सिपाही महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज अपनी संकल्प शक्ति के बल पर आजादी की लड़ाई के एक प्रमुख शस्त्र के रूप में शैक्षिक क्रान्ति के पथ पर भी आगे बढ़े। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् के अन्तर्गत 1932 ई. में बक्शीपुर में किराये के एक मकान में 'महाराणा प्रताप क्षत्रिय स्कूल' प्रारम्भ हुआ। 1935 ई. में इसे जूनियर हाईस्कूल की मान्यता मिल गयी और 1936 ई. में यहाँ हाईस्कूल की पढ़ाई प्रारम्भ की गयी तथा इसका नाम 'महाराणा प्रताप हाई स्कूल' हो गया। इसी बीच महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज के अथक प्रयास से गोरखपुर के सिविल लाइन्स में पाँच एकड़ भूमि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् को प्राप्त हो गयी और महाराणा प्रताप हाईस्कूल का केन्द्र सिविल लाइन्स हो गया तथा देश के आजाद होते समय यह विद्यालय महाराणा प्रताप इण्टरमीडिएट कालेज के रूप में प्रतिष्ठित हुआ।

महाराणा प्रताप डिग्री कालेज एवं महाराणा प्रताप महिला डिग्री कालेज की स्थापना महाराणा प्रताप

शिक्षा परिषद् का अगला पड़ाव था। तदन्तर महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज ने दोनों महाविद्यालयों को गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु समर्पित किया और विश्वविद्यालय की स्थापना के आधार स्तम्भ बने। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय का परिसर आज भी 'महाराणा प्रताप परिसर' के नाम से जाना जाता है। तत्पश्चात् महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् ने ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज के नाम से वर्तमान दिग्विजनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय की स्थापना की, सम्प्रति यह विश्वविद्यालय परिसर से सटे महानगर का एक अति प्रतिष्ठित महाविद्यालय है।

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् द्वारा वर्तमान में चार दर्जन से अधिक शिक्षण-प्रशिक्षण, चिकित्सा, तकनीकी तथा सेवा संस्थाएँ संचालित हो रहीं हैं। इनमें महाराणा प्रताप इण्टर कालेज सिविल लाइन्स, दिग्विजयनाथ पी.जी. कालेज सिविल लाइन्स, महाराणा प्रताप महिला महाविद्यालय रामदत्तपुर, श्री गोरक्षनाथ संस्कृत महाविद्यालय गोरखनाथ, दिग्विजयनाथ एल.टी. प्रशिक्षण महाविद्यालय सिविल लाइन्स, महाराणा प्रताप बालिका इण्टर कालेज सिविल लाइन्स, महाराणा प्रताप पॉलिटेक्निक गोरखनाथ, महाराणा प्रताप मंगला देवी सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल बेतियाहाता, महाराणा प्रताप कृषक इण्टर कालेज जंगल धूसड़, श्री गोरक्षनाथ संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोरखनाथ, महाराणा प्रताप कन्या इण्टर कालेज रामदत्तपुर, शिशु शिक्षा विहार लालडिग्गी, दिग्विजयनाथ इण्टर कालेज चौक माफी पीपीगंज, गुरु गोरखनाथ विद्यापीठ पितेश्वरनाथ मन्दिर भरोहिया पीपीगंज, महायोगी गुरु गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र चौक माफी पीपीगंज, प्रताप आश्रम गोलघर, महाराणा प्रताप मीराबाई महिला छात्रावास सिविल लाइन्स, महन्त दिग्विजयनाथ महिला छात्रावास सिविल लाइन्स, गुरुगोरक्षनाथ संस्कृत छात्रावास गोरखनाथ, महाराणा प्रताप टेलरिंग स्कूल सिविल लाइन्स, गुरु श्रीगोरक्षनाथ कालेज आफ नर्सिंग बालापार रोड, सोनबरसा, महायोगी गुरु गोरक्षनाथ योग संस्थान गोरखनाथ मन्दिर, श्री गोरखनाथ आधुनिक व्यायामशाला गोरखनाथ मन्दिर, योगिराज बाबा गम्भीरनाथ निःशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण केन्द्र जंगल धूसड़, हिन्दू विद्यापीठ जंगल तिनकोनिया, महायोगी गुरु श्री गोरक्षनाथ गौ सेवा केन्द्र गोरखनाथ, गुरु श्री गोरक्षनाथ सेवा संस्थान गोरखनाथ, योगिराज बाबा गम्भीरनाथ सेवाश्रम (छात्रावास) जंगल धूसड़, गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त अवेद्यनाथ महाविद्यालय चौक बाजार, दिग्विजयनाथ इण्टर कालेज चौक बाजार, दिग्विजयनाथ पूर्व माध्यमिक विद्यालय चौक बाजार, दिग्विजयनाथ प्राथमिक विद्यालय चौक बाजार, आदि शक्ति माँ पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल देवीपाटन तुलसीपुर, बलरामपुर आदि प्रमुख शिक्षण संस्थाएँ हैं। शिक्षा परिषद् की एक महत्वपूर्ण संस्था गुरु गोरक्षनाथ संस्कृत विद्यालय मैदागिन, वाराणसी में स्थित है। चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में गुरु श्रीगोरक्षनाथ चिकित्सालय, महन्त दिग्विजयनाथ आयुर्वेदिक चिकित्सालय एवं आदि शक्ति माँ पाटेश्वरी चिकित्सालय देवीपाटन, गोरखनाथ मन्दिर द्वारा महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् के अन्तर्गत ही संचालित है। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, आरोग्य धाम, बालापार रोड, सोनबरसा का लोकार्पण महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार माननीय श्री रामनाथ कोविंद द्वारा इस वर्ष किया जा चुका है। यह महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् का एक युगान्तकारी प्रघटन है, जो शिक्षा-स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक प्रतिमान संस्था के रुप में आगामी भविष्य में विकसित होगा। महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जंगल धूसड़ इसी महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित संस्था है।

## समावर्तन अतिथि

| | | |
|---|---|---|
| **समावर्तन 2008** | अध्यक्षता | **पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज**<br>उत्तराधिकारी गोरक्षपीठ एवं सांसद, गोरखपुर |
| | मुख्य अतिथि | **कर्नल बी.पी. शाही**<br>ग्रुप कमाण्डर, एन.सी.सी. ग्रुप मुख्यालय, गोरखपुर |
| **समावर्तन 2009** | अध्यक्षता | **प्रो. एन.एस. गजभिए**<br>कुलपति, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर |
| | मुख्य अतिथि | **न्यायमूर्ति श्री गिरधर मालवीय**<br>उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, उ.प्र. |
| **समावर्तन 2010** | अध्यक्षता | **पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज**<br>उत्तराधिकारी गोरक्षपीठ एवं सांसद, गोरखपुर |
| | मुख्य अतिथि | **श्री बसवराज पाटिल**<br>पूर्व सांसद, प्रख्यात शिक्षाविद् एवं सा. कार्यकर्ता, गुलवर्ग कनार्टक |
| **समावर्तन 2011** | अध्यक्षता | **पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज**<br>उत्तराधिकारी गोरक्षपीठ एवं सांसद, गोरखपुर |
| | मुख्य अतिथि | **श्री प्रकाश सिंह (पद्मश्री)**<br>पूर्व महानिरीक्षक, सीमा सुरक्षा बल, उत्तर प्रदेश |
| **समावर्तन 2012** | अध्यक्षता | **पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज**<br>उत्तराधिकारी गोरक्षपीठ एवं सांसद, गोरखपुर |
| | मुख्य अतिथि | **श्री आशीष जी**<br>अध्यक्ष, दिव्य प्रेम सेवा मिशन, हरिद्वार |
| **समावर्तन 2013** | अध्यक्षता | **पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज**<br>उत्तराधिकारी गोरक्षपीठ एवं सांसद गोरखपुर |
| | मुख्य अतिथि | **डॉ. कृष्ण गोपाल जी**<br>सहसर कार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, नई दिल्ली |
| **समावर्तन 2014** | अध्यक्षता | **पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज**<br>उत्तराधिकारी गोरक्षपीठ एवं सांसद, गोरखपुर |
| | मुख्य अतिथि | **न्यायमूर्ति कलाधर शाही**<br>अ.प्रा. न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, उ.प्र. |
| **समावर्तन 2015** | अध्यक्षता | **गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त योगी आदित्यनाथ जी महाराज**<br>सांसद, गोरखपुर |
| | मुख्य अतिथि | **प्रो. राम शंकर कठेरिया**<br>राज्य मंत्री, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार |
| | विशिष्ट अतिथि | **मा. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह गौर**<br>पूर्व मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार |

## समावर्तन अतिथि

### समावर्तन 2016

| | | |
|---|---|---|
| अध्यक्षता | : | **गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त योगी आदित्यनाथ जी महाराज**<br>सांसद, गोरखपुर |
| मुख्य अतिथि | : | **प्रो. गिरीश चन्द्र त्रिपाठी**<br>कुलपति, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी, उ.प्र. |
| विशिष्ट अतिथि | : | **डॉ. बालमुकुन्द पाण्डेय**<br>राष्ट्रीय संगठन मंत्री, अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना |

### समावर्तन 2017

| | | |
|---|---|---|
| अध्यक्षता | : | **डॉ. भोलेन्द्र सिंह**<br>पूर्व कुलपति, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर |
| मुख्य अतिथि | : | **प्रो. रमाशंकर दूबे**<br>कुलपति, टी.एम. भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर, बिहार |
| विशिष्ट अतिथि | : | **प्रो. उदय प्रताप सिंह**<br>पूर्व कुलपति, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर |

### समावर्तन 2018

| | | |
|---|---|---|
| अध्यक्षता | : | **प्रो. उदय प्रताप सिंह**<br>पूर्व कुलपति, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर |
| मुख्य अतिथि | : | **न्यायमूर्ति श्री रण विजय सिंह**<br>माननीय न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, उ.प्र. |
| विशिष्ट अतिथि | : | **डॉ. विवेक कुमार निगम**<br>यूइंग क्रिश्चियन कालेज, इलाहाबाद |

### समावर्तन 2019

| | | |
|---|---|---|
| अध्यक्षता | : | **गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त योगी आदित्यनाथ जी महाराज**<br>प्रबन्धक एवं माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश |
| मुख्य अतिथि | : | **श्री जे.पी. नड्डा**<br>माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, भारत सरकार |
| विशिष्ट अतिथि | : | **श्री आशुतोष टण्डन**<br>माननीय स्वास्थ्य मंत्री, उत्तर प्रदेश |

### समावर्तन 2020

| | | |
|---|---|---|
| सानिध्य | : | **प्रो. उदय प्रताप सिंह**<br>पूर्व कुलपति, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर |
| मुख्य अतिथि | : | **सुश्री निवेदिता भिड़े (पद्मश्री)**<br>उपाध्यक्ष, स्वामी विवेकानन्द केन्द्र, कन्याकुमारी, केरल |
| अध्यक्षता | : | **प्रो. विजय कृष्ण सिंह**<br>कुलपति, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर |

### समावर्तन 2021

| | | |
|---|---|---|
| सानिध्य | : | **प्रो. उदय प्रताप सिंह**<br>पूर्व कुलपति, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर |
| मुख्य अतिथि | : | **श्रीमती तेजस्विनी अनन्त कुमार**<br>सामाजिक कार्यकर्त्री, कर्नाटक |
| अध्यक्षता | : | **प्रो. राजेश सिंह**<br>कुलपति, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर |

### समावर्तन 2022

| | | |
|---|---|---|
| सानिध्य | : | **प्रो. उदय प्रताप सिंह**<br>पूर्व कुलपति, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर |
| मुख्य अतिथि | : | **प्रो. शंकर शरण**<br>आचार्य, शिक्षाशास्त्र विभाग, एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली |
| अध्यक्षता | : | **प्रो. राजेश सिंह**<br>कुलपति, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर |

# दो शब्द...

श्रीगोरक्षपीठ द्वारा संचालित महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् जैसे वटवृक्ष की एक छोटी सी शाखा के रूप में गोरखपुर महानगर के पूर्वी-उत्तरी छोर पर ग्रामीण परिवेश में स्थित महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय अपनी यात्रा के सोलहवाँ वर्ष पूर्ण कर रहा है। महाविद्यालय का पन्द्रहवाँ बैच स्नातक एवं आठवाँ बैच परास्नातक तथा बी.एड्. का पाँचवाँ बैच इस वर्ष विश्वविद्यालयी परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी जीवन यात्रा के अगले पड़ाव पर जाने हेतु तैयार है। भारत के लगभग एक सौ तीस करोड़ लोगों में हमारे महाविद्यालय के स्नातक-स्नातकोत्तर एवं बी.एड्. की शिक्षा प्राप्त अब कुछ और ऐसे नागरिक होंगे जिनकी जीवन-दृष्टि की रचना में हमारे महाविद्यालय का भी किंचित योगदान है। हमारे इन विद्यार्थियों के जीवन के दो, तीन अथवा पाँच वर्ष का एक चौथाई समय हमारे महाविद्यालय परिसर में गुजरा है। महाविद्यालय परिसर में बीते इन क्षणों का हमारे इन विद्यार्थियों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा, यह तो विद्यार्थी स्वयं एवं समय बतायेगा और वही हमारी उपलब्धि होगी।

आज का समावर्तन संस्कार समारोह इस बात का सूचक है कि हम अपने विद्यार्थियों का एक योग्य नागरिक के रूप में कैसा विकास चाहते हैं। वर्तमान में भारत की शिक्षित युवा पीढ़ी का अधिकांश हिस्सा भौतिकवादी पाश्चात्य संस्कृति के आकर्षण के दिवास्वप्न में डूबा हुआ है। आजादी से लेकर कुछ वर्ष पूर्व तक सत्तावादी भारतीय राजनीति ने भारती धर्म-संस्कृति को साम्प्रदायिकता का चोला पहनाकर उसके वास्तविक स्वरूप पर भ्रम का आवरण चढ़ा दिया था। परिणामत: सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की डोर कमजोर हुई। परिवार संस्था भी कमजोर होती गयी। गाँव विरान होते गये। महानगरीकरण के रूप में असन्तुलित विकास का भयावह चित्र सामने आया। आजादी के बाद के पिछले साढ़े छ: दशक में भ्रष्टाचार, आतंकवाद, अपराध का बढ़ता ग्राफ तथा कुछ विश्वविद्यालय परिसरों में राष्ट्र विरोधी तत्त्वों का संरक्षण निरन्तर प्रभावहीन होते भारतीय जीवन-मूल्य के ही सूचक थे।

किसी भी राष्ट्र का वर्तमान और भविष्य उस देश की शिक्षा प्रणाली और उसके स्वरूप पर निर्भर करता है। डी.एस. कोठारी इसी बात को कह रहे थे कि 'भारत का भविष्य कक्षाओं में पलता है।' किन्तु भारत का दुर्भाग्य है कि आजादी के लगभग सात दशक बाद भी हम मैकाले के भूत से शिक्षा को आजाद नहीं करा पाये। आजादी के बाद लगभग साढ़े छ: दशक तक 'धर्मनिरपेक्षता' और 'समाजवाद' के नाम पर भारत की सत्ता देश की युवा पीढ़ी को गुमराह करने वाली शिक्षा पद्धति की ही प्रतिष्ठापक रही। किन्तु मैकाले की शिक्षा नीति और स्वतन्त्र भारत के उसके मानस-पुत्रों द्वारा शिक्षा के माध्यम से भारतीय संस्कृति एवं जीवन मूल्यों की अर्थी सजाने पर छाती पीटते रहने से क्या होने वाला है? यद्यपि कि अब देश एवं प्रदेश की राजनीति ने करवट ली है और सत्ता प्रतिष्ठानों द्वारा भी इस दिशा में प्रयत्न प्रारम्भ हुए

हैं। हम भी अपने प्रयासों से, जितना सम्भव है कुछ शिक्षण संस्थानों में भारतीय संस्कृति एवं जीवन-मूल्य के प्रति थोड़े ही समूह में सही, युवाओं में आत्म सम्मान एवं भारतीय जीवन मूल्यों के प्रति श्रद्धा जागृत कर सकते हैं।

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की स्थापना परतन्त्र भारत में (1932 ई.) तत्कालीन गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज ने उपर्युक्त उद्देश्यों से ही की थी। भारतीय संस्कृति और उसके जीवन मूल्यों तथा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रति भारत की युवा पीढ़ी को आकर्षित करने के प्रयास के साथ प्रतिष्ठित एवं विकसित होता हुआ महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज एवं उनकी यशस्वी महन्त परम्परा के सपनों को पूरा करने में कहाँ तक सफल है, इसका मूल्यांकन भी श्रीगोरक्षपीठ और समाज करेगा तथापि 'समावर्तन संस्कार समारोह' हमारे वैचारिक अधिष्ठान का ही हिस्सा है। हिन्दू जीवन दर्शन के षोडश संस्कारों में 'समावर्तन संस्कार' का मानव जीवन के संस्कारों में महत्वपूर्ण स्थान है। पिछले समावर्तन के पश्चात् ही कोरोना की वैश्विक महामारी ने शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थाओं के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती उत्पन्न की। इस चुनौती का हमारे महाविद्यालय ने आसानी से सामना किया, क्योंकि हम बहुत पूर्व से ही शिक्षा में तकनीक का उपयोग के अभ्यस्त हो चुके थे। प्रोजेक्टर युक्त कक्षाओं का प्रयोग, वेबसाइट पर प्रत्येक शिक्षक द्वारा अपने ब्लॉग में अपलोड व्याख्यान, के आधार पर इस सत्र में भी एक अगस्त से हमारी ऑनलाइन कक्षाएँ प्रारम्भ हो गईं। प्रति सत्र के अनुसार ही पठन-पाठन के शैक्षिक कैलेण्डर को महाविद्यालय ने लागू करने में सफलता प्राप्त की। यहाँ तक कि प्रति सत्र की तरह बदली हुई परिस्थिति में भी निर्धारित तिथि पर ही छात्रसंघ चुनाव कराकर महाविद्यालय ने अपनी विशिष्टता को प्रमाणित किया। 3 अक्टूबर से नियोजित कक्षाओं का संचालन और सभी कक्षाएँ लाइव कर महाविद्यालय ने उच्च शिक्षा संस्थाओं के समक्ष एक और उदाहरण प्रस्तुत किया। सम्पन्न हो रहा यह सत्र हमारे महाविद्यालय के शिक्षकों-कर्मचारियों की अनवरत तपस्या का सुखद परिणाम है। मुझे इस बात का सन्तोष है कि इस सत्र के हमारे विद्यार्थी के अध्ययन को हमारी टीम ने प्रभावित नहीं होने दिया। हम गर्व से कह सकते हैं कि हमारे विद्यार्थियों के पठन-पाठन में वर्तमान परिस्थिति का और अधिक लाभ मिला है। हमारा विद्यार्थी गर्व से कह सकता है कि कोरोना की वैश्विक महामारी की चपेट में आयी दुनिया के समय भी उसके अध्ययन में कोई बाधा नहीं उत्पन्न हुई। मुझे विश्वास है कि मेरे विद्यार्थी जहाँ भी होंगे, जैसे भी होंगे, उत्पन्न किसी भी परिस्थिति पर विजय प्राप्त करने के आत्म विश्वास से भरे होंगे। निष्काम भाव से अपने कर्म और तपस्या से वे जीवन की हर चुनौती का सामना करने में सफल होंगे। आज के अवसर पर अपने विद्यार्थियों के यशस्वी जीवन की हार्दिक शुभकामना। मुझे विश्वास है कि हमारे विद्यार्थियों की जीवनयात्रा में महाविद्यालय परिसर का अल्पकालिक यथार्थ किसी न किसी रूप में अवश्य झलकता रहेगा।

**(प्रदीप कुमार राव)**
प्राचार्य

तिथि - फाल्गुन शुक्ल दशमी, वि.सं. 2078, युगाब्द 5123
तद्नुसार 13 मार्च 2022 ई., रविवार

## समावर्तन 2021 से ग्रीष्मावकाश तक के प्रमुख कार्यक्रम

समावर्तन संस्कार 2021 के अवसर पर उपस्थित मंचस्थ अतिथि

समावर्तन संस्कार के अवसर पर समावर्तन पत्रिका का विमोचन

23 फरवरी को स्नातक एवं स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों का 15वाँ समावर्तन संस्कार सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकत्री श्रीमती तेजस्विनी अनन्त कुमार जी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश सिंह ने की। कार्यक्रम में अभिभावक संघ के अध्यक्ष श्री विपिन कुमार यादव तथा पुरातन छात्र परिषद के अध्यक्ष श्री मनीष त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। समारोह में महाविद्यालय के प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष एवं वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के पूर्व कुलपति प्रो. उदय प्रताप सिंह का सानिध्य प्राप्त हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने महाविद्यालय में अपनी पढ़ाई पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं को दीक्षान्त उपदेश के साथ-साथ शुचिता एवं ईमानदारी से जीवन निर्वाह, पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, भारतीय संस्कृति के प्रति

समावर्तन संस्कार के अवसर पर उद्बोधन देती मुख्य अतिथि श्रीमती तेजस्विनी अनन्त कुमार

समावर्तन संस्कार के अवसर पर उद्बोधन देते कुलपति प्रो. राजेश सिंह



उद्बोधन देते पूर्व कुलपति प्रो. उदय प्रताप सिंह

सर्वश्रेष्ठ शिक्षक का सरस्वती सम्मान ग्रहण करती श्रीमती शिप्रा सिंह

निष्ठावान बने रहने तथा भारतीय जीवन मूल्यों का सम्मान एवं संवर्धन करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का संचालन बी.एड्. विभाग की प्रभारी श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया।

सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी का पुरस्कार प्राप्त करते श्री रामरतन

सर्वश्रेष्ठ पुरातन छात्र का पुरस्कार प्राप्त करते श्री मनीष कुमार त्रिपाठी

इस अवसर पर समावर्तन-2021 पत्रिका का लोकार्पण मुख्य अतिथि श्रीमती तेजस्विनी अनन्त कुमार तथा कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो. राजेश सिंह जी ने किया। मुख्य अतिथि द्वारा महाविद्यालय में वर्ष भर की गतिविधियों के आधार पर श्रेष्ठतम् शिक्षक श्रीमती शिप्रा सिंह को सरस्वती सम्मान, श्रेष्ठतम् कर्मचारी श्री रामरतन को महाराणा प्रताप सम्मान, श्रेष्ठतम् चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी श्री राजाराम को महायोगी गुरू गोरक्षनाथ सम्मान तथा सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी के रूप में श्री सत्यप्रकाश तिवारी को एकलव्य सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही महाविद्यालय के आस-पास की ग्रामीण महिलाओं एवं महाविद्यालय की छात्राओं के स्वावलम्बन के लिए महाविद्यालय में संचालित योगिराज बाबा गम्भीरनाथ नि:शुल्क सिलाई-कढ़ाई एवं पेंटिंग प्रशिक्षण केन्द्र से 06 माह का प्रशिक्षण

सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी का पुरस्कार प्राप्त करते श्री सत्यप्रकाश तिवारी

सर्वश्रेष्ठ चतुर्थ श्रेणी का पुरस्कार प्राप्त करते श्री राजाराम

हमारे पूर्वांज प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम की श्रेष्ठ प्रशिक्षु का सम्मान प्राप्त करते श्री अनुज कुमार श्रीवास्तव

जीवन मूल्य प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम की श्रेष्ठ प्रशिक्षु का सम्मान प्राप्त करती सुश्री अनीता निषाद

# समावर्तन–2022

नि:शुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षु का पुरस्कार प्राप्त करती सुश्री रीतिका प्रजापति

समावर्तन उपदेश देते महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण

समावर्तन हेतु उन्मुख महाविद्यालय के अन्तेवासी

समावर्तन उपदेश ग्रहण करने के उपरान्त प्रसन्नता व्यक्त करते विद्यार्थी

प्राप्त कर चुके प्रशिक्षुओं में से सर्वश्रेष्ठ नि:शुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षु के रूप में सुश्री रीतिका प्रजापति को योगिराज बाबा गम्भीरनाथ सम्मान के साथ प्रतिवर्ष की भाँति पुरस्कार में सिलाई मशीन प्रदान किया गया। महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रसंत महन्त अवेद्यनाथ नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी सुश्री सोनी यादव को सर्वश्रेष्ठ कम्प्यूटर प्रशिक्षु का चेतक सम्मान प्रदान किया गया। साथ ही साथ बी.एड्. विभाग द्वारा संचालित प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम 'हमारे पूर्वज' एवं 'जीवन मूल्य' के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी के रूप में क्रमश: श्री अनुज कुमार श्रीवास्तव को महन्त दिग्विजयनाथ सम्मान तथा सुश्री अनीता निषाद को महायोगी गोरखनाथ सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ पुरातन छात्र का स्वामी विवेकानन्द सम्मान महाविद्यालय के पूर्व छात्र श्री मनीष त्रिपाठी को दिया गया।

## वार्षिक समीक्षा बैठक



शिक्षक-प्राचार्य ऑनलाइन समीक्षा बैठक

02 मई को प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी महाविद्यालय की वार्षिक समीक्षा बैठक वैश्विक महामारी कोविड-19 के कारण ऑनलाइन माध्यम (जूम ऐप) द्वारा प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक में पिछले सत्र की विविध गतिविधियों पर शिक्षकों के साथ प्राचार्य का अनुभव साझा किया गया। पठन-पाठन की गुणवत्ता, पठन-पाठन में नवीन तकनीकों का समावेश, शिक्षण कार्य में अत्याधुनिक उपकरणों से शिक्षकों को परिचित कराना तथा महाविद्यालय में नवाचारों से सम्बन्धित अनेक विषयों पर विस्तृत चर्चा-परिचर्चा हुई। इस दौरान विभागीय रपट, राष्ट्रीय सेवा योजना रपट तथा कार्यक्रम अधिकारी चयन, क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम रपट, पाठ्यक्रम योजना, नयी पहल (सभी व्याख्यान पी.पी.टी. पर, वेबसाइट पर शिक्षक ब्लॉग, सामूहिक व्यक्तित्व विकास तथा आदर्श गाँव), साप्ताहिक स्मृति व्याख्यान माला, प्रवेश/परीक्षा समिति, मुख्य नियन्ता एवं दायित्व विभाजन, अनापत्ति (पुस्तकालय एवं कर्ज), योजना बैठक (1-7 जुलाई, 2021) सहित बदली हुई परिस्थितियों (कोरोना महामारी) में किस प्रकार अगले सत्र का क्रियान्वयन किया जाये आदि विषय विचारार्थ प्रस्तुत हुए। बैठक में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों ने सहभाग किया।

## पौधरोपण कार्यक्रम

5 जून को महाविद्यालय में कोविड-19 प्रोटोकॉल का पूर्णतः पालन करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव द्वारा रुद्राक्ष के पौधे को रोप कर किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत सफेद चन्दन, रुद्राक्ष, आम, अनार, नीम, पीपल, अर्जुन आदि के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. सुबोध मिश्र, डॉ. आर.एन. सिंह, डॉ. आरती सिंह सहित अन्य शिक्षकों ने भी पौधे लगाये। इस अवसर पर समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में पौधरोपण करते महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी

## महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न कार्यक्रम (सत्र : 2021-22)

### सप्तदिवसीय शैक्षिक कार्यशाला एवं वार्षिक योजना बैठक

**उद्घाटन समारोह:** 01 से 07 जुलाई 2021 तक महाविद्यालय की परम्परा के अनुसार प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी सप्तदिवसीय शैक्षिक कार्यशाला एवं वार्षिक योजना बैठक का आयोजन कोविड-19 प्रोटोकॉल का पूर्णत: पालन करते हुए महाविद्यालय के जगत जननी माँ सीता सभागार में सम्पन्न किया गया।

वार्षिक योजना बैठक के प्रथम दिन उपस्थित प्राचार्य एवं शिक्षक

कार्यशाला एवं वार्षिक योजना बैठक का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव द्वारा किया गया। बैठक में प्राचार्य ने कार्यशाला की प्रस्ताविकी तथा सम्पूर्ण कार्ययोजना प्रस्तुत की।

कार्यशाला के प्रथम दिन कोविड-19 की बदली हुई परिस्थिति में अध्ययन-अध्यापन हेतु तकनीकी कौशल विकसित करने हेतु सुझाव प्रस्तुत किये गये। इस विषय पर डॉ. विजय कुमार चौधरी, डॉ. सुबोध कुमार मिश्र तथा श्री अभिषेक वर्मा सहित अन्य शिक्षकों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। तदनन्तर परिचर्चा के साथ कार्यशाला का प्रथम दिन सम्पन्न हुआ।

योजना बैठक में विचार व्यक्त करती श्रीमती शिप्रा सिंह

**दूसरा दिन** - 02 जुलाई को शिक्षक कार्यशाला एवं वार्षिक योजना बैठक के दूसरे दिन प्रथम सत्र में प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव की अध्यक्षता में शैक्षिक पंचांग, दायित्व सह कार्य विभाजन, प्रवेश, परीक्षा, परिसर अनुशासन आदि विषय पर तथा द्वितीय सत्र में पुस्तकालय, स्वच्छता, प्रयोगशाला आदि विषय पर चर्चा की गई जिसमें डॉ. विजय कुमार चौधरी, डॉ. आर.एन. सिंह, श्री रमाकान्त दूबे, श्री विनय कुमार सिंह, डॉ. शिवकुमार वर्नवाल, श्रीमती शिप्रा सिंह सहित अन्य शिक्षकों ने अपनी बात रखी। शिक्षकों द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण सुझाव के साथ सत्र सम्पन्न हुआ।

योजना बैठक में अपनी बात रखते डॉ. राम सहाय

**तीसरा दिन** - 03 जुलाई को बैठक के तीसरे दिन प्रथम सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना, पठन पाठन, नैक तथा द्वितीय सत्र में वेबसाइट विषय पर डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव, श्री अभिषेक वर्मा,

डॉ. रामसहाय, डॉ. अनुभा श्रीवास्तव तथा डॉ. आरती सिंह सहित अन्य शिक्षकों ने विचार प्रस्तुत किया।

**चौथा दिन** - 04 जुलाई को कार्यशाला एवं बैठक के चौथे दिन प्रथम सत्र में उन्नत भारत अभियान, गोद लिए गाँव, गोद लिए गये विद्यार्थी तथा द्वितीय सत्र में पाठ्यक्रम योजना, प्रार्थना सभा तथा क्रीड़ा विषय पर चर्चा की गई। इस सत्र में श्रीमती कविता मन्ध्यान, डॉ. शालू श्रीवास्तव, डॉ. नीलम गुप्ता, श्रीमती पुष्पा निषाद, सुश्री दीप्ति गुप्ता, श्रीमती शिप्रा सिंह तथा डॉ. आरती सिंह सहित अन्य शिक्षकों ने अपने विचार साझा किये।

योजना बैठक में अपनी बात रखती श्रीमती पुष्पा निषाद

**पाँचवा दिन** - 05 जुलाई को बैठक के पाँचवे दिन प्रथम सत्र में विभागीय कार्ययोजना, छात्र-संघ एवं द्वितीय सत्र में ध्येय पथ ई-पत्रिका, निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण, निःशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण आदि विषय पर सुश्री शारदा रानी, सुश्री स्मिता दूबे, श्री सिद्धार्थ शुक्ल, डॉ. रामसहाय डॉ. नेहा कौशिक, डॉ. सान्त्वना श्रीवास्तव सहित अन्य शिक्षकों ने भी अपनी-अपनी बात रखी।

योजना बैठक में अपना मत व्यक्त करती सुश्री शारदा रानी

**छठवाँ दिन** - 06 जुलाई को बैठक के छठवें दिन प्रथम सत्र में रोवर-रेंजर्स, प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम, बागवानी तथा द्वितीय सत्र में शोध-पत्रिका प्रकाशन, छात्र समिति, ई.पी.एफ. विषय पर डॉ. सुबोध कुमार मिश्र, डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय, श्री हरिकेश यादव, श्रीमती विभा सिंह, श्रीमती साधना सिंह तथा श्रीमती शिप्रा सिंह ने अपने विचार रखे।

योजना बैठक में चर्चा-परिचर्चा करते प्राचार्य व शिक्षक

## सप्त दिवसीय शैक्षिक कार्यशाला एवं वार्षिक योजना बैठक का समारोप कार्यक्रम

07 जुलाई 2021 को कार्यशाला एवं वार्षिक योजना बैठक के सातवें दिन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव की अध्यक्षता में प्रथम सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा महत्वपूर्ण आयोजनों जैसे- महन्त अवेद्यनाथ स्मृति व्याख्यानमाला, साप्ताहिक पुण्यतिथि समारोह, युवा महोत्सव, भारत-भारती पखवारा, समावर्तन संस्कार इत्यादि को बदली हुई परिस्थिति में कैसे कराया जाय, इस विषय पर विचार विमर्श

किया गया, इस विषय पर सुश्री दीप्ति गुप्ता, डॉ. अरूण राव, डॉ. शैलेन्द्र ठाकुर, श्री चन्दन ठाकुर, डॉ. सुधा शुक्ला, श्रीकान्त मणि त्रिपाठी तथा डॉ. सुबोध कुमार मिश्र ने अपने विचार रखे। द्वितीय सत्र में समारोप कार्यक्रम के अवसर पर सात दिनों तक चली शैक्षिक कार्यशाला एवं वार्षिक योजना बैठक में सम्पूर्ण विषयों की कार्य योजना से सम्बन्धित लिए गये निर्णयों को प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने प्रस्तुत किया। सात दिनों के गहन विचार-विमर्श और अनेक सुझावों के आलोक में सत्र 2021-2022 के लिए महाविद्यालय की वार्षिक योजना एवं शैक्षिक पंचांग को निर्मित किया गया।

योजना बैठक के समापन अवसर पर उपस्थित समस्त शिक्षक एवं प्राचार्य

## पौधरोपण कार्यक्रम

5 जुलाई को महाविद्यालय को कोविड-19 प्रोटोकॉल का पूर्णत: पालन करते हुए एन.सी.सी. के तत्वावधान में वन महोत्सव सप्ताह के अन्तर्गत पोधरोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ उप प्राचार्य श्री संतोष श्रीवास्तव द्वारा नींबू के पौधे को रोप कर किया गया। पोधरोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत चन्दन, गुलाब, चाँदनी, नीम, अनार आदि के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर श्री रमाकांत दूबे, श्रीमती कविता मन्ध्यान, डॉ. विजय चौधरी, डॉ. मंजेश्वर कुमार सहित अन्य शिक्षकों ने भी पौधे लगाये।। कार्यक्रम में समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

वन महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण करते एन.सी.सी. के कैडेट एवं सी.टी.ओ.

## ऑनलाइन विशिष्ट व्याख्यान

ऑनलाइन व्याख्यान देते प्रो. दिनेश कुमार सिंह

7 जुलाई को प्राणि विज्ञान विभाग के तत्वावधान में 'विकास की कोशिकीय क्रियाविधि' विषय पर ऑनलाइन विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के प्राणि विज्ञान विभाग के सेवानिवृत आचार्य प्रो. डी.के. सिंह ने उपरोक्त विषय पर अपना विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन प्राणि विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य श्री विनय कुमार सिंह तथा अध्यक्षता प्राणि विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ. आर.एन. सिंह ने किया।

## ऑनलाइन विशिष्ट व्याख्यान




ऑनलाइन व्याख्यान देते प्रो. दिनेश कुमार सिंह

19 जुलाई को प्राणि विज्ञान विभाग द्वारा ऑनलाइन विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के प्राणि विज्ञान विभाग के सेवानिवृत आचार्य प्रो. डी.के. सिंह ने 'स्टेम सेल' विषय पर अपना विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन प्राणि विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ. आर. एन. सिंह ने किया।

## स्वतंत्रता दिवस

ध्वजारोहण करते महाविद्यालय के प्राचार्य एवं मुख्य अतिथि

15 अगस्त को महाविद्यालय में 74वाँ स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस वर्ष भी विगत सत्र की ही भाँति कोविड-19 प्रोटोकॉल का पूर्णत: पालन करते हुए प्राचार्य द्वारा ध्वजारोहण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। ध्वजारोहण के साथ ही राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत का सस्वर गान हुआ। तत्पश्चात। घंटे का संक्षिप्त सांस्कृतिक

कार्यक्रम कोविड प्रोटोकॉल का पूर्णत: पालन करते हुए सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में दिग्विजयनाथ पी.जी. कालेज, सिविल लाइन्स, गोरखपुर के पूर्व प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर आयोजित विविध संक्षिप्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों का महाविद्यालय के फेसबुक पेज एवं यू-ट्यूब चैनल पर भी सीधा प्रसारण किया गया जहाँ बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और सामान्य श्रोताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। कार्यक्रम का संयोजन बी.एड्. विभाग की सहायक आचार्य सुश्री दीप्ति गुप्ता ने तथा संचालन महाविद्यालय के छात्र कुँवर अमन सिंह तथा कुँवर शिवम सिंह ने किया।

राष्ट्रगान का सस्वर गान करते महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं शिक्षक

उपस्थित मंचस्थ अतिथि

मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट करते प्राचार्य

उद्बोधन देते मुख्य अतिथि

अध्यक्षीय उद्बोधन देते महाविद्यालय के प्राचार्य

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती महाविद्यालय की छात्राएं

## युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज की 52वीं तथा राष्ट्रसन्त ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की 7वीं पुण्यतिथि समारोह के अन्तर्गत आयोजित साप्ताहिक ऑनलाइन व्याख्यानमाला ( 23-29 अगस्त 2021 )

**व्याख्यानमाला का उद्घाटन** - 23 अगस्त को युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज की 52वीं तथा राष्ट्रसन्त ब्रहालीन महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की 7वीं पुण्यतिथि समारोह के अन्तर्गत आयोजित ऑनलाइन साप्ताहिक व्याख्यानमाला के उद्घाटन अवसर पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बी.एच.यू.), वाराणसी के रसायन शास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. वी. रामानाथन ने 'पास्कल से पूर्व पास्कल त्रिभुज' विषय पर उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन एवं प्रस्ताविकी प्राचीन इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुबोध कुमार मिश्र ने प्रस्तुत दी। अतिथि स्वागत उद्बोधन एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता रसायनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. शिव कुमार वर्नवाल ने किया।

व्याख्यान माला के प्रथम दिन अध्यक्षीय उद्बोधन देती डॉ. अजिथा डी.एस.

व्याख्यान माला में आयोजित ऑनलाइन व्याख्यान

**व्याख्यानमाला का दूसरा दिन** - 24 अगस्त को मुख्य वक्ता के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के रसायनशास्त्र विभाग की सहायक आचार्य डॉ. गीता सिंह ने 'पर्यावरण और खाद्य सुरक्षा के परिप्रेक्ष्य में कृषि कीटनाशकों की भूमिका' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन प्राचीन इतिहास एवं संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुबोध कुमार मिश्र तथा अतिथि स्वागत एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता



व्याख्यान माला के दूसरे दिन उद्बोधन देती डॉ. गीता सिंह

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर के कुलपति मेजर जनरल (से.नि.) डॉ. अतुल वाजपेयी ने की।

**व्याख्यानमाला का तीसरा दिन** – 25 अगस्त को 'संगीत एवं आध्यात्म' विषय पर दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के ललित कला एवं संगीत विभाग के सेवानिवृत्त आचार्य, पद्मश्री सम्मानित डॉ. राजेश्वर आचार्य ने ऑनलाइन व्याखान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री दीप्ति गुप्ता तथा अतिथि स्वागत एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता दिग्विजयनाथ पी.जी. कालेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने की।

व्याख्यान माला के तीसरे दिन उद्बोधन देते डॉ. राजेश्वर आचार्य

**व्याख्यानमाला का चौथा दिन**– 26 अगस्त को पुनरूत्थान विद्यापीठ, अहमदाबाद, गुजरात की कुलपति डॉ. इन्दुमति काटदरे ने 'युवा अवस्था में जीवन विकास के सूत्र' विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अतिथि स्वागत एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के बी.एड्. विभाग की प्रभारी श्रीमती शिप्रा सिंह ने तथा संचालन महाविद्यालय के पुरातन छात्र श्री मनीष कुमार त्रिपाठी ने किया।

व्याख्यान माला के चौथे दिन उद्बोधन देती डॉ. इन्दुमती काटदरे

**व्याख्यानमाला का पाँचवा दिन**– 27 अगस्त को 'राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियाँ एवं सामाजिक दायित्व' विषय पर भारतीय सेना के सेवानिवृत्त लेफ्टिनेन्ट जनरल डी.वी. शेकटकर ने ऑनलाइन उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन श्री मनीष कुमार त्रिपाठी तथा अतिथि स्वागत एवं अध्यक्षता सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, सिद्धार्थनगर के राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने किया।

व्याख्यान माला के पाँचवे दिन उद्बोधन देते से.नि. ले.ज. डी.वी. शेकटकर एवं उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थी

**व्याख्यानमाला का छठवां दिन**– 28 अगस्त को डी.आर.डी.ओ., नई दिल्ली के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनन्त

नरायण भट्ट ने 'कोविड–19 महामारी के लिए सुरक्षात्मक एवं चिकित्सकीय ज्ञान : प्राचीन वैदिक संस्कृति से आधुनिक विज्ञान तक' विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन श्री मनीष कुमार त्रिपाठी ने तथा अतिथि स्वागत एवं अध्यक्षता दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के रसायनशास्त्र विभाग की सहायक आचार्य डॉ. गीता सिंह ने किया।

व्याख्यान माला के छठवें दिन उद्बोधन देते डॉ. अनन्त नरायण भट्ट

## मेजर ध्यानचन्द जयन्ती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस

28 अगस्त को ध्यानचन्द जयन्ती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित ऑनलाइन व्याख्यान कार्यक्रम के अन्तर्गत हिन्दी विभाग की अध्यक्ष डॉ. आरती सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में ऑनलाइन व्याख्यान के माध्यम से मेजर ध्यानचन्द के जीवन, व्यक्तित्व, उपलब्धियाँ एवं खेल के क्षेत्र में उनके राष्ट्रीय अवदानों पर प्रकाश डालते हुए एक सारगर्भित उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन डॉ. सुबोध कुमार मिश्र ने किया।



मेजर ध्यानचन्द को श्रद्धांजलि डॉ. आरती सिंह

**व्याख्यान माला : समापन समारोह**– 29 अगस्त को ऑनलाइन आयोजित युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज एवं राष्ट्रसन्त महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज स्मृति सप्त–दिवसीय व्याख्यानमाला के समापन अवसर पर 'समर्थ शिक्षक–समर्थ भारत' विषय पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर के भौतिकी विभाग के पूर्व आचार्य, पद्मश्री से सम्मान से सम्मानित प्रसिद्ध भौतिकविद् प्रोफेसर एच.सी. वर्मा ने ऑनलाइन माध्यम से अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अतिथि स्वागत एवं अध्यक्षता भारतीय सेना के सेवानिवृत्त मेजर जनरल दुष्यन्त सिंह ने की। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. शैलेन्द्र कुमार ठाकुर ने किया। 7 दिनों तक चलने वाली इस ऑनलाइन व्याख्यान माला का संयोजन डॉ. सुबोध कुमार मिश्र ने किया। सप्तदिवसीय व्याख्यानमाला के सातों दिनों में महाविद्यालय के फेसबुक और यूट्यूब चैनल पर बड़ी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी और श्रोतागण सक्रिय रुप में उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में बड़ी संख्या में शिक्षक–विद्यार्थी एवं प्रबुद्धजन की ऑनलाईन सहभागिता हुई।

व्याख्यान माला के समारोप अवसर पर उद्बोधन देते प्रो. एच.सी. वर्मा एवं अध्यक्षता करते से.नि. मे.जन. दुष्यन्त सिंह

प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

## निबन्ध प्रतियोगिता

4 सितम्बर को शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा "डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का शिक्षा में योगदान" विषय पर एक निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 63 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय वर्ष की स्मिता सिंह एवं बी.ए. प्रथम वर्ष की अन्नू ने प्रथम स्थान, बी.ए. द्वितीय वर्ष के दिलीप कुमार एवं बी.ए. प्रथम वर्ष की निक्की शर्मा ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा एवं बी.ए. द्वितीय वर्ष की अंकिता दूबे व बी.ए. प्रथम वर्ष की साक्षी पाण्डेय ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में बी.एड. विभाग के सहायक आचार्य श्री शैलेन्द्र सिंह, श्रीमती विभा सिंह तथा सुश्री दीप्ती गुप्ता रहीं। कार्यक्रम का संयोजन बी.एड. विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती पुष्पा निषाद ने किया।

व्याख्यान देती डॉ. शालिनी सिंह

## विशिष्ट व्याख्यान

4 सितम्बर को रसायनशास्त्र विभाग द्वारा "ओरिजिन ऑफ क्वान्टम मैकेनिक्स" विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता के रूप में सहायक शिक्षिका डॉ. शालिनी सिंह ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन रसायनशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. राम सहाय ने तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता रसायनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. शिव कुमार बर्नवाल ने किया।

उद्बोधन देते श्री सिद्धार्थ शुक्ल

## नवागान्तुक विद्यार्थी स्वागत समारोह

6 सितम्बर को वाणिज्य विभाग द्वारा "नवागन्तुक विद्यार्थी स्वागत समारोह" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में वाणिज्य विभाग के सहायक आचार्य श्री सिद्धार्थ शुक्ल ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री श्वेता ने एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष श्री नन्दन शर्मा ने की।

## विश्व साक्षरता दिवस

8 सितम्बर को विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर प्रार्थना सभा में व्याख्यान का आयोजन किया गया।

व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में बी.एड. विभाग की सहायक आचार्य डॉ. अनुभा श्रीवास्तव ने अपने व्याख्यान के माध्यम से वैश्विक स्तर पर शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया।

उद्बोधन देती डॉ. अनुभा श्रीवास्तव

## भारतेन्दु हरीशचन्द्र जयन्ती

9 सितम्बर को प्रार्थना सभा के अन्तर्गत भारतेन्दु हरीशचन्द्र जयन्ती के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह ने व्याख्यान प्रस्तुत कर हिन्दी के महान साहित्यकार भारतेन्दु हरीशचन्द्र को महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धाजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि देते डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह

## गोविन्द वल्लभ पन्त जयन्ती

10 सितम्बर को प्रार्थना सभा के अन्तर्गत गोविन्द वल्लभ पन्त की जयन्ती के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने व्याख्यान प्रस्तुत कर उ.प्र. के प्रथम मुख्यमंत्री गोविन्द वल्लभ पंत को महाविद्यालय परिवार की ओर से भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

गोविन्द बल्लभ पन्त को श्रद्धा-सुमन अर्पित करते डॉ. प्रदीप कुमार राव

## कवियित्री महादेवी वर्मा पुण्यतिथि एवं आचार्य विनोबा भावे जयन्ती

11 सितम्बर को प्रार्थना सभा के अन्तर्गत महादेवी वर्मा की पुण्यतिथि एवं सन्त विनोबा भावे की जयन्ती के अवसर पर हिन्दी विभाग की अध्यक्ष डॉ. आरती सिंह ने दोनों महान विभूतियों के जीवन एवं व्यक्तित्त्व पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय परिवार की ओर से भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि देती डॉ. आरती सिंह

श्रद्धांजलि देते डॉ. रमाकान्त दूबे एवं उपस्थित अतिथि

## यतीन्द्र नाथ बोस बलिदान दिवस

13 सितम्बर को प्रार्थना सभा के अंतर्गत यतीन्द्र नाथ बोस बलिदान दिवस पर रक्षा अध्ययन विभाग के सहायक आचार्य डॉ. रमाकान्त दूबे ने व्याख्यान प्रस्तुत कर देश के

रंगोली बनाती महाविद्यालय की छात्राएं

वीर सपूत एवं क्रांतिकारी यतीन्द्र नाथ बोस को महाविद्यालय परिवार की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## रंगोली प्रतियोगिता

14 सितम्बर को गृह विज्ञान विभाग द्वारा "राष्ट्रीय हिन्दी दिवस" के अवसर पर समूह रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 32 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान महादेवी वर्मा समूह की सुमन कुमार (बी.ए. तृतीय वर्ष), पिंकी सिंह (बी.ए. तृतीय वर्ष), प्रियंका चौहान (बी.ए. तृतीय वर्ष); द्वितीय स्थान सरोजनी नायडू समूह की रानी (बी.ए. तृतीय वर्ष), ज्योति (बी.ए. तृतीय वर्ष), अंकिता (बी.ए. तृतीय वर्ष) तथा तृतीय स्थान सुभद्रा कुमारी चौहान समूह की रूबी भारती (बी.ए. तृतीय वर्ष), क्षिप्रा रानी (बी.ए. तृतीय वर्ष), आयुषी पाण्डेय (बी.ए. प्रथम वर्ष), शिल्पा (बी.ए. द्वितीय वर्ष) व सांत्वना पुरस्कार ऊषा देवी समूह की अंकिता सिंह (एम.ए. द्वितीय वर्ष), दीक्षा मिश्रा (एम.ए. द्वितीय वर्ष), गरिमा त्रिपाठी (एम.ए. द्वितीय वर्ष) व कृति गौड़ (बी.ए. तृतीय वर्ष) ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री शारदा रानी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती शिप्रा सिंह ने की।

विशिष्ट व्याख्यान देते प्रो. प्रत्यूष दूबे

## विशिष्ट व्याख्यान

14 सितम्बर को हिन्दी दिवस के अवसर पर हिन्दी विभाग द्वारा एकदिवसीय विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के हिन्दी विभाग के आचार्य प्रो. प्रत्यूष दूबे ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिन्दी विभाग की अध्यक्ष डॉ. आरती सिंह ने तथा संयोजन हिन्दी विभाग की सहायक आचार्य डॉ. सुधा शुक्ला ने किया। मंच संचालन श्री प्रभाकर पाण्डेय ने किया।

## एम. विश्वेश्वरैया जयन्ती

15 सितम्बर को प्रार्थना सभा में देश के महान वैज्ञानिक एम. विश्वेश्वरैया की जयन्ती के अवसर पर भौतिक विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य श्री अभिषेक वर्मा ने व्याख्यान प्रस्तुत कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय परिवार की ओर से उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

श्रद्धांजलि अर्पित करते श्री अभिषेक वर्मा

## विश्व ओजोन संरक्षण दिवस

16 सितम्बर को प्रार्थना सभा में विश्व ओजोन संरक्षण दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ. अभय श्रीवास्तव ने व्याख्यान प्रस्तुत कर सभी को ओजोन परत के संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

ओजोन परत की महत्ता को बताते डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव

## विश्वकर्मा जयन्ती

17 सितम्बर को प्रार्थना सभा में देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयन्ती के अवसर पर एक विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार चौधरी ने अपने सारगर्भित व्याख्यान के माध्यम से भारतीय देवमण्डल के इस पौराणिक देवता द्वारा भिन्न-भिन्न युगों एवं कालखण्डों में की गयी विभिन्न प्रकार की रचनाओं के विषय में अपने विचार प्रस्तुत कर देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा के कृतित्व से सभी को परिचित कराते हुए महाविद्यालय परिवार की ओर से उन्हें हार्दिक श्रद्धाजलि अर्पित की।

भगवान विश्वकर्मा को स्मरण करते हुए डॉ. विजय कुमार चौधरी

## योगाभ्यास

18 सितम्बर को प्रार्थना सभा में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षिका के रूप में महाविद्यालय के हिन्दी विभाग की अध्यक्ष डॉ. आरती सिंह ने उपस्थित समस्त विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को योग एवं प्राणायाम के विभिन्न लाभों को बताते हुए योग के विविध प्रकार के आसनों का योगाभ्यास कराया।

योगाभ्यास करते महाविद्यालय के विद्यार्थी

## फ्रीडम रन कार्यक्रम

18 सितम्बर को एन.सी.सी. 45वीं बटालियन द्वारा फ्रीडम रन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन एन.सी.सी. 45वीं बटालियन के सी.टी.ओ. श्री रमाकान्त दूबे एवं 15वीं बटालियन की सी.टी.ओ. सान्त्वना श्रीवास्तव ने किया।

दौड़ लगाते एन.सी.सी. के कैडेट

## युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज की 52वीं एवं राष्ट्रसन्त ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की 7वीं पुण्यतिथि श्रद्धांजलि सभा ( उद्घाटन समारोह )

19 सितम्बर को गोरखनाथ मंदिर में युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज की 52वीं एवं राष्ट्रसन्त ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की 7वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में बी.आर. डी. मेडिकल कालेज के मेडिसिन विभाग के एसो. प्रोफेसर डॉ. राजकिशोर सिंह एवं मुख्य अतिथि के रूप में एम्स गोरखपुर की डाइरेक्टर डॉ. सुरेखा किशोर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. उदय प्रताप सिंह ने की।

उद्बोधन देती एम्स गोरखपुर की डाइरेक्टर डॉ. सुरेखा किशोर

उद्बोधन देते बी.आर.डी. मेडिकल कालेज के डॉ. राजकिशोर सिंह

## विशिष्ट व्याख्यान

व्याख्यान प्रस्तुत करतीं श्रीमती आकृति पाण्डेय

21 सितम्बर को विश्व अल्जाइमर दिवस के अवसर पर 'बढ़ती उम्र और अल्जाइमर रोग' विषय पर गृह विज्ञान विभाग द्वारा विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सृजन मेंटल वेलनेस सोसाइटी की बाल मनोविशेषज्ञ श्रीमती आकृति पाण्डेय ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बी.एड. विभाग की प्रभारी श्रीमती

शिप्रा सिंह एवं संयोजन गृह विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य डॉ. नेहा कौशिक तथा संचालन डॉ. सांत्वना श्रीवास्तव ने किया।

## युगपुरुष महन्त दिग्विजयनाथ जी एवं राष्ट्रसन्त महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की पुण्यतिथि श्रद्धांजलि कार्यक्रम

महन्त द्वय को श्रद्धांजलि अर्पित करतीं प्रो. शोभा गौड़

23 सितम्बर को युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी एवं राष्ट्रसन्त ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की स्मृति में महाविद्यालय में प्रार्थना सभा में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग की आचार्य प्रो. शोभा गौड़ ने महन्तद्वय के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राणी विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ. आर.एन. सिंह एवं संचालन तथा संयोजन मनोविज्ञान विभाग के आचार्य डॉ. वेंकट रमन ने किया।

महन्त द्वय को श्रद्धांजलि अर्पित करते महाविद्यालय के शिक्षक

स्मृति चिह्न भेंट करते डॉ. आर.एन. सिंह

उद्बोधन देतीं प्रो. शोभा गौड़

## युगपुरुष महन्त दिग्विजयनाथ जी एवं राष्ट्रसन्त महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की पुण्यतिथि श्रद्धांजलि समारोह ( समापन समारोह )

अश्विन कृष्ण तृतीय तद्नुसार 24 सितम्बर को युगपुरुष महन्त दिग्विजयनाथ जी की 52वीं पुण्यतिथि तथा राष्ट्रसंत महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 7वीं पुण्यतिथि की के अवसर पर श्रीगोरखनाथ मंदिर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मा. मुख्यमंत्री गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ जी महाराज ने की। इस अवसर पर महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद से सम्बद्ध सभी शिक्षण संस्थाओं के संस्थाध्यक्षों ने महाराज जी द्वय के विराट व्यक्तित्व का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थी

उद्बोधन देते पूज्य गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त योगी आदित्यनाथ जी महाराज

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं सतीश धवन जयंती

श्रद्धांजलि अर्पित करते श्री विनय कुमार सिंह

25 सितम्बर को प्रार्थना सभा में देश के महान विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं प्रसिद्ध वैज्ञानिक सतीश धवन की जयंती के अवसर पर महाविद्यालय के प्राणि विज्ञान के सहायक आचार्य श्री विनय कुमार सिंह ने व्याख्यान प्रस्तुत कर दोनों महान विभूतियों को महाविद्यालय परिवार की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की।

## व्याख्यान प्रतियोगिता

25 सितम्बर को रसायन विज्ञान विभाग द्वारा स्नातकोत्तर स्तर पर व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 16 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें एम.एस-सी. अंतिम वर्ष की श्वेता मिश्रा, गरिमा चौहान एवं सुजीत चौरसिया को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। निर्णायक मण्डल के रूप में

प्रतियोगिता में प्रतिभाग करतीं विद्यार्थी

प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में उपस्थित शिक्षक

श्रद्धांजलि करते डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह

रसायन विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. शिव कुमार बरनवाल, डॉ. राम सहाय, श्री संजय जायसवाल एवं श्रीमती प्रियंका मिश्र उपस्थित रहीं।

## राजाराम मोहन राय पुण्यतिथि

27 सितम्बर को प्रार्थना सभा में देश के महान समाज सुधारक राजाराम मोहन राय की पुण्यतिथि के अवसर पर इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह ने बतौर मुख्य वक्ता व्याख्यान प्रस्तुत कर महाविद्यालय परिवार की ओर से उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

## विशिष्ट व्याख्यान

व्याख्यान में उपस्थित विद्यार्थी

27 सितम्बर को हिन्दी विभाग द्वारा "साहित्य क्या है?" विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के आचार्य प्रो. विमलेश कुमार मिश्र ने बतौर मुख्य वक्ता अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिन्दी विभाग की अध्यक्ष डॉ. आरती सिंह ने तथा संयोजन एवं संचालन हिन्दी विभाग की सहायक आचार्य डॉ. सुधा शुक्ला ने किया।

## सरदार भगत सिंह जयन्ती

व्याख्यान के माध्यम से श्रद्धांजलि देते श्री जीतेन्द्र प्रजापति

28 सितम्बर को प्रार्थना सभा में देश के वीर क्रांतिकारी एवं माँ भारती के सच्चे सपूत सरदार भगत सिंह की जयंती के अवसर पर इतिहास विभाग के सहायक आचार्य श्री जीतेन्द्र प्रजापति ने व्याख्यान प्रस्तुत कर महाविद्यालय परिवार की ओर से उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

## छात्रसंघ चुनाव – कक्षा प्रतिनिधि चयन एवं पर्चा दाखिला

28 सितम्बर को छात्रसंघ चुनाव के प्रथम चरण के अन्तर्गत कक्षा प्रतिनिधियों के चुनाव का आयोजन किया गया। प्रत्येक कक्षा में बहुविकल्पीय परीक्षा का आयोजन किया गया। संचालित सभी पाठ्यक्रमों/विषयों के अन्तर्गत 70 में से 65 कक्षा प्रतिनिधियों का चुनाव छात्रसंघ संविधान के अनुसार सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर छात्रसंघ

कक्षा प्रतिनिधि चुनाव में सम्मिलित होते विद्यार्थी

उम्मीदवारों के परचे की जाँच करते शिक्षक

चुनाव में अध्यक्ष पद पर 4, उपाध्यक्ष पद पर 2, महामंत्री पद पर 2 तथा पुस्तकालय मंत्री पद पर 2 प्रतिनिधियों ने पर्चा दाखिल किया।

## छात्रसंघ चुनाव – योग्यता भाषण

29 सितम्बर को छात्रसंघ चुनाव के नामांकित प्रत्याशियों द्वारा योग्यता भाषण का प्रस्तुतीकरण किया गया। योग्यता भाषण में अध्यक्ष पद के लिए श्री राकेश गुप्ता, श्री ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, श्री ज्ञानेश्वर मणि उपाध्याय एवं श्री सूरज गुप्ता, उपाध्यक्ष पद के लिए श्री दुर्गेश पाल एवं श्री शुभम कुमार वर्मा, महामंत्री पद के लिए श्री राहुल यादव एवं श्री सौरभ कुमार तथा पुस्तकालय मंत्री हेतु श्री विशाल प्रसाद एवं श्री संदीप यादव ने विद्यार्थियों के समक्ष अपना–अपना विचार प्रस्तुत कर उनसे अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की।

विद्यार्थियों के समक्ष अपने पक्ष में मतदान की अपील करते तथा योग्यता भाषण प्रस्तुत करते विभिन्न पदों के उम्मीदवार

## छात्रसंघ चुनाव – मतदान

30 सितम्बर को छात्रसंघ चुनाव की प्रक्रिया सम्पन्न हुई जिसमें अध्यक्ष पद पर श्री सूरज गुप्ता अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी से 120 मतों से, उपाध्यक्ष पद पर श्री शुभम कुमार वर्मा 44 मतों से, महामंत्री पद पर श्री राहुल यादव 170 मतों से एवं पुस्तकालय मंत्री पद पर श्री संदीप

मतदान हेतु कतारबद्ध विद्यार्थी

विद्यार्थियों की जाँच करते शिक्षक

मताधिकार का प्रयोग करतीं छात्राएं

विजेता प्रत्याशी को प्रमाण-पत्र देते डॉ. शिव कुमार वर्नवाल

विजय के बाद प्रसन्नचित मुद्रा में विजेता प्रत्याशी

यादव 133 मतों के अन्तर से विजयी घोषित हुए। अन्त में प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव एवं मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. शिव कुमार बरनवाल ने विजित प्रत्याशियों को प्रमाण–पत्र देकर उन्हें भावी जीवन की शुभकामनाएँ दीं।

## महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती

2 अक्टूबर को प्रार्थना सभा में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री के जयन्ती के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पश्चात मध्यकालीन इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह ने व्याख्यान प्रस्तुत कर महाविद्यालय परिवार की ओर से दोनों महापुरुषों को श्रद्धासुमन अर्पित किया।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी

श्रद्धा-सुमन अर्पित करते डॉ. सुबोध कुमार मिश्र

## विशिष्ट व्याख्यान

4 अक्टूबर को भूगोल विभाग के तत्वावधान में 'पर्यावरण अवनयन : कारण, परिणाम एवं निदान' विषय पर एक दिवसीय विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। विशिष्ट व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में बापू पी. जी. कॉलेज, पीपीगंज के भूगोल विभाग के सहायक आचार्य श्री सूरज मिश्र ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन भूगोल विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अरविन्द कुमार मौर्य व कार्यक्रम का संयोजन भूगोल विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अभिषेक सिंह ने तथा अध्यक्षता विभाग की सहायक आचार्य डॉ. नीलम गुप्ता ने की।

व्याख्यान प्रस्तुत करते श्री सूरज मिश्र

## गुरु गोविन्द सिंह पुण्यतिथि

7 अक्टूबर को प्रार्थना सभा में गुरु गोविन्द सिंह पुण्यतिथि पर राजनीतिशास्त्र विभाग के प्रभारी श्री हरिकेश यादव ने गुरु गोविन्द सिंह के जीवन दर्शन से सम्बन्धित व्याख्यान प्रस्तुत कर महाविद्यालय परिवार की ओर से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि अर्पित करते श्री हरिकेश यादव

## वायुसेना दिवस एवं मुंशी प्रेमचन्द स्मृति दिवस

8 अक्टूबर को प्रार्थना सभा में वायुसेना दिवस पर रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के प्रभारी डॉ. अभिषेक सिंह ने वायुसेना के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात साहित्य में 'कलम का सिपाही' कहे जाने वाले प्रसिद्ध उपन्यासकार, कहानीकार मुंशी प्रेमचन्द के जीवन व्यक्तित्व के साथ ही साहित्यिक उपलब्धियों पर भी प्रकाश डालते हुए उन्हें महाविद्यालय परिवार की ओर से भावपूर्ण श्रद्धासुमन अर्पित किया।

भारतीय वायुसेना के विषय में विद्यार्थियों का ज्ञानवर्द्धन करते डॉ. अभिषेक सिंह

## योगाभ्यास कार्यक्रम

योगाभ्यास कराते श्री विनय कुमार सिंह

9 अक्टूबर को प्रार्थना सभा में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राणि विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य श्री विनय कुमार सिंह ने ध्यान, अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं अन्य सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## विशिष्ट व्याख्यान

9 अक्टूबर को गृह विज्ञान विभाग के तत्वावधान में "मेडिकल-टेक्सटाइल" विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महायोगी गोरक्षनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र, गोरखपुर की होम-साइंटिस्ट डॉ. श्वेता सिंह ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन गृह विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य सुश्री स्मिता दूबे व कार्यक्रम का संयोजन गृह विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य डॉ. सांत्वना श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गृह विज्ञान विभाग की प्रभारी सुश्री शारदा रानी ने की।

मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट करतीं सुश्री शारदा रानी

व्याख्यान प्रस्तुत करतीं डॉ. श्वेता सिंह

## विशिष्ट व्याख्यान

9 अक्टूबर को शिक्षाशास्त्र विभाग के तत्वावधान में 'सामाजिक विकास में शिक्षा की भूमिका' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि नेशनल पी.जी. कॉलेज, बड़हलगंज-गोरखपुर के समाजशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. मनीष कुमार पाण्डेय ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन बी.एड. विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती पुष्पा निषाद व कार्यक्रम का संयोजन बी.एड. विभाग की सहायक आचार्य सुश्री दीप्ती गुप्ता ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बी.एड. विभाग की सहायक आचार्य डॉ. अनुभा श्रीवास्तव ने की।

व्याख्यान प्रस्तु करते डॉ. मनीष कुमार पाण्डेय

## वाल्मीकि जयंती

20 अक्टूबर को प्रार्थना सभा में वाल्मीकि जयंती के अवसर पर महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य डॉ. नेहा कौशिक ने वाल्मीकि जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय परिवार की ओर से उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया।

महर्षि वाल्मीकि को श्रद्धा-सुमन अर्पित करतीं डॉ. नेहा कौशिक

## ब्यूटी एण्ड सेल्फ केयर प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम का शुभारम्भ

21 अक्टूबर को गृहविज्ञान विभाग द्वारा 'ब्यूटी एण्ड सेल्फ केयर' विषयक प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में बी.एड. विभाग की सहायक आचार्य डॉ. अनुभा श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को सम्बोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गृह विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य सुश्री स्मिता दूबे ने किया। उद्घाटन सत्र का संचालन गृह विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य डॉ. सांत्वना श्रीवास्तव ने किया।

ब्यूटी एण्ड सेल्फ केयर प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम का शुभारम्भ

## पोस्टर प्रतियोगिता

21 अक्टूबर को शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा 'भारतीय स्वतंत्रता संग्राम' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.एड. प्रथम वर्ष की सुश्री निक्की शर्मा ने प्रथम, अंकिता निषाद ने द्वितीय एवं अभिजीत गौड़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्नातक स्तर पर बी.ए. भाग दो की सुश्री खुशबू प्रजापति ने प्रथम, श्री दिलीप कुमार ने द्वितीय एवं सुधा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल के रूप में डॉ. सुधा शुक्ला, डॉ. नन्दन शर्मा, सुश्री श्वेता, श्री सिद्धार्थ शुक्ल ने सक्रिय सहभाग किया। प्रतियोगिता का संयोजन श्रीमती पुष्पा निषाद ने किया।

प्रतियोगिता के विजित प्रतिभागी

## अमर शहीद अशफाक उल्ला खाँ जयंती

22 अक्टूबर को प्रार्थना सभा में माँ भारती के अमर सपूत अशफाक उल्ला खाँ की जयंती के अवसर पर एक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के सहायक आचार्य श्री सिद्धार्थ शुक्ल ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत कर महाविद्यालय परिवार की ओर से उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया।

अशफाक उल्ला खाँ को श्रद्धांजलि देते श्री सिद्धार्थ शुक्ल

## योग प्रशिक्षण

23 अक्टूबर को महाविद्यालय के प्रार्थना सभा में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कया गया। कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में हिन्दी विभाग की अध्यक्ष डॉ. आरती सिंह ने योग से होने वाले स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डालते हुए विविध प्रकार के योगाभ्यास का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

योगाभ्यास करते महाविद्यालय के विद्यार्थी

बैठक में उपस्थित शिक्षक

## ऑनलाइन प्राचार्य-शिक्षक बैठक

रात्रि 09:30 पर प्राचार्य शिक्षक ऑनलाइन जूम एप पर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पठन-पाठन एवं स्मार्ट क्लास संचालन पर आपसी चर्चा एवं परिचर्चा की गयी। बैठक की अध्यक्षता महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के माननीय सदस्य श्री प्रमथनाथ मिश्र ने की। बैठक में समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

## विशिष्ट व्याख्यान

26 अक्टूबर को महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग द्वारा ''जाति व्यवस्था'' विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के समाजशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. मनीष कुमार पाण्डेय ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय ने की तथा कार्यक्रम का संचालन व संयोजन समाजशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य श्री बृजभूषण लाल ने किया। इस अवसर पर विभाग के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

व्याख्यान प्रस्तुत करते डॉ. मनीष कुमार पाण्डेय

## प्रदर्शनी

26 अक्टूबर को महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा ''उद्यमिता विकास एवं सशक्तिकरण'' विषय पर गृहविज्ञान प्रयोगशाला में एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के रूप में अंग्रेजी विभाग की प्रभारी श्रीमती कविता मंध्यान उपस्थित रहीं। प्रदर्शनी कार्यक्रम का संयोजन गृहविज्ञान विभाग की सहायक आचार्य सुश्री स्मिता दूबे ने किया।

प्रदर्शनी का अवलोकन करते महाविद्यालय के शिक्षक

## यतीन्द्रनाथ दास जयन्ती

27 अक्टूबर को महाविद्यालय के प्रार्थना सभा में महान क्रान्तिकारी यतीन्द्रनाथ दास जयन्ती के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। वाणिज्य विभाग के सहायक आचार्य श्री चन्दन ठाकुर ने अपने व्याख्यान के माध्यम से यतीन्द्रनाथ दास के जीवन और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय परिवार की ओर से उन्हें हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धा-सुमन अर्पित करते श्री चन्दन ठाकुर

## प्राचार्य-शिक्षक बैठक ( ऑनलाइन )

रात्रि 09:30 पर प्राचार्य शिक्षक ऑनलाइन जूम एप पर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पठन-पाठन पर आपसी चर्चा एवं परिचर्चा की गयी। बैठक की अध्यक्षता महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के माननीय सदस्य श्री प्रमथनाथ मिश्र ने की। बैठक में समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

बैठक में उपस्थित शिक्षक

## अभिरूचिकारी व्याख्यान

29 अक्टूबर को वाणिज्य विभाग द्वारा ''आधुनिक परिदृश्य में प्रबन्धन का बदलता स्वरूप'' विषय पर एक अभिरूचिकारी व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के

अभिरूचकारी व्याख्यान प्रस्तुत करतीं सुश्री श्वेता प्रजापति

रूप में वाणिज्य विभाग की सहायक आचार्य सुश्री श्वेता ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य विभाग के सहायक आचार्य श्री चन्दन ठाकुर ने किया तथा कार्यक्रम का संयोजन वाणिज्य विभाग के सहायक आचार्य श्री सिद्धार्थ शुक्ल ने किया। इस अवसर पर विभाग के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## विशिष्ट व्याख्यान

व्याख्यान प्रस्तुत करते डॉ. सुधीर नरायण सिंह

30 अक्टूबर को अंग्रेजी विभाग द्वारा 'गेमिंग इफेक्ट ऑन लैंग्वेज एण्ड कम्यूनिकेशन स्किल' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में मदन मोहन मालवीय प्रौद्यौगिकी विश्वविद्यालय के मानविकी एवं प्रबन्धन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुधीर नारायण सिंह ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन व संयोजन अंग्रेजी विभाग की प्रभारी श्रीमती कविता मंध्यान ने किया। इस अवसर पर विभाग के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## होमी जहाँगीर भाभा एवं सरदार बल्लभ भाई पटेल जयन्ती

श्रद्धा-सुमन अर्पित करतीं सुश्री दीप्ति गुप्ता

30 अक्टूबर को प्रार्थना सभा में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में देश के महान वैज्ञानिक होमी जहाँगीर भाभा एवं लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जयन्ती के अवसर पर एक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान कार्यक्रम की मुख्य वक्ता बी.एड्. विभाग की सहायक आचार्य सुश्री दीप्ती गुप्ता ने अपने व्याख्यान के माध्यम से दोनों महापुरुषों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय परिवार की ओर से दोनों महानुभावों के प्रति हार्दिक श्रद्धाजंलि अर्पित की।

## व्यापार मेला

व्यापार मेला में स्वनिर्मित सामानों की प्रदर्शनी लगाते विद्यार्थी

30 अक्टूबर को वाणिज्य विभाग द्वारा एक 'व्यापार मेला' का आयोजन किया गया। इस व्यापार मेले में स्वावलम्बी ग्राम योजना के अन्तर्गत दीपावली पर्व के अवसर पर विभिन्न प्रकार की कलाकृतियों का विपणन कार्य करने के गुण विद्यार्थियों को सिखाये गये। इस अवसर पर विभाग के सभी शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## विशिष्ट व्याख्यान

09 नवम्बर को रसायन विज्ञान विभाग में 'एजिरिडीन यौगिक की उपादेयता' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। व्याख्यान में नार्थ इस्टर्न रिजनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी, ईटानगर के रसायनशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. नागेन्द्र नाथ यादव ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रसायनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. शिव कुमार बर्नवाल एवं संयोजन रसायनशास्त्र विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती प्रियंका मिश्रा तथा संचालन विभाग के सहायक आचार्य डॉ. रामसहाय ने किया।

व्याख्यान प्रस्तुत करते डॉ. नागेन्द्र नाथ यादव एवं उपस्थित विद्यार्थी

मुख्य वक्ता को स्मृति चिह्न भेंट करते विभाग के शिक्षक

## प्राचार्य-शिक्षक बैठक

बैठक में उपस्थित शिक्षक

10 नवम्बर को रात्रि 09:30 पर प्राचार्य शिक्षक ऑनलाइन जूम एप पर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव, पठन-पाठन एवं अनुशासन आदि पर आपसी चर्चा एवं परिचर्चा की गयी। बैठक की अध्यक्षता महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के माननीय सदस्य श्री प्रमथनाथ मिश्र ने की। बैठक में समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

## पं. मदनमोहन मालवीय पुण्यतिथि

12 नवम्बर को प्रार्थना सभा में भारत रत्न महामना पं. मदन मोहन मालवीय की पुण्यतिथि के अवसर पर एक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बी.एड्. विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती साधना सिंह ने पं. मदन मोहन मालवीय जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर व्याख्यान प्रस्तुत कर उन्हें महाविद्यालय परिसर की ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

महामना मदन मोहन मालवीय को श्रद्धांजलि अर्पित करतीं श्रीमती साधना सिंह

## पारिवारिक पौधशाला का उद्घाटन

12 नवम्बर को गृहविज्ञान विभाग द्वारा पारिवारिक पौधशाला का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बी.एड्. विभाग की प्रभारी श्रीमती शिप्रा सिंह रही। कार्यक्रम का संयोजन गृहविज्ञान विभाग की सहायक आचार्य सुश्री स्मिता दूबे ने किया।

पौधारोपण करतीं श्रीमती शिप्रा सिंह एवं विद्यार्थी

## योगाभ्यास

13 नवम्बर को प्रार्थना सभा में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के आचार्य श्री सिद्धार्थ शुक्ल ने योग के महत्व को बताते हुए विद्यार्थियों को योगाभ्यास कराया।

योगाभ्यास करते महाविद्यालय के विद्यार्थी

## प्राचार्य-शिक्षक बैठक

बैठक में उपस्थित शिक्षकगण

13 नवम्बर का रात्रि 09:30 पर प्राचार्य शिक्षक ऑनलाइन जूम एप पर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में स्मार्ट क्लास संचालन, परिसर संस्कृति आदि विषय पर आपसी चर्चा-परिचर्चा की गयी। बैठक की अध्यक्षता महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के माननीय सदस्य श्री प्रमथनाथ मिश्र ने की। बैठक में समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

## संत विनोबा भावे जयन्ती

15 नवम्बर को प्रार्थना सभा में भूदान आन्दोलन के प्रणेता संत विनोबा भावे की जयन्ती के अवसर पर भूगोल विभाग के सहायक आचार्य श्री अरविन्द मौर्य ने व्याख्यान प्रस्तुत कर उनके द्वारा चलाये गये भूदान आन्दोलन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें महाविद्यालय परिवार की ओर से उन्हे भावपूर्ण श्रद्धासुमन अर्पित किया।

श्रद्धा-सुमन अर्पित करते श्री अरविन्द मौर्य

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस

16 नवम्बर को प्रार्थना सभा में राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर रक्षा एवं स्त्रतजिक अध्ययन विभाग के सहायक आचार्य डॉ. रमाकान्त दूबे ने प्रेस के महत्व पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

प्रेस के महत्व को समझाते श्री रमाकान्त दूबे

## भाषण प्रतियोगिता

16 नवम्बर को शिक्षाशास्त्र विभाग में 'विद्यार्थी जीवन में शिक्षा की भूमिका' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 32 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय वर्ष की अंकिता दूबे को प्रथम, बी.ए. द्वितीय वर्ष की खुश्बू प्रजापति को द्वितीय तथा बी.ए. द्वितीय वर्ष के दिलीप कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। निर्णायक मण्डल के सदस्य के रूप में बी.एड्. विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती विभा सिंह, इतिहास विभाग के सहायक आचार्य श्री जितेन्द्र प्रजापति एवं गृहविज्ञान विभाग की अध्यक्ष सुश्री शारदा रानी रही। कार्यक्रम का संयोजन बी.एड्. विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती साधना सिंह ने किया।

प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती छात्रा

## लाला लाजपत राय बलिदान दिवस

17 नवम्बर को प्रार्थना सभा में भारत के लौह पुरुष माने जाने वाले लाला लाजपत राय के बलिदान दिवस के अवसर पर वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष श्री नन्दन शर्मा ने व्याख्यान प्रस्तुत कर महाविद्यालय परिवार की ओर से उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया।

श्रद्धा-सुमन अर्पित करते श्री नन्दन शर्मा

## रानी लक्ष्मीबाई एवं गुरुनानक जयन्ती

19 नवम्बर को प्रार्थना सभा में वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई एवं सिख धार्म के संस्थापक गुरुनानक देव की जयन्ती के अवसर पर हिन्दी विभाग की अध्यक्ष डॉ. आरती सिंह ने व्याख्यान प्रस्तुत कर दोनों महानुभावों को महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धा-सुमन अर्पित करतीं डॉ. आरती सिंह

## योगाभ्यास

20 नवम्बर को प्रार्थना सभा में योगाभ्यास कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी डॉ. सत्येन्द्रनाथ शुक्ल ने योग का महत्व बताते हुए, विद्यार्थियों को विभिन्न यौगिक आसनों का योगाभ्यास कराया।

योगाभ्यास करते महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं योग का प्रशिक्षण देते डॉ. सतेन्द्र नाथ शुक्ल

## मतदान जागरूकता कार्यक्रम

22 नवम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित व्याख्यान में बतौर मुख्य वक्ता भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार चौधरी ने व्याख्यान प्रस्तुत कर मतदान के महत्व के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया। इस अवसर पर सभी पंजीकृत मतदाताओं को अनिवार्यत: मतदान की शपथ भी दिलायी गयी। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन श्री बृजभूषण लाल ने किया।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान अनिवार्य मतदान की शपथ लेते महाविद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी

श्रद्धांजलि अर्पित करतीं डॉ. सुधा शुक्ला

## झलकारी बाई जयन्ती

22 नवम्बर को प्रार्थना सभा में वीरांगना झलकारी बाई के जयन्ती के अवसर पर हिन्दी विभाग की सहायक आचार्य डॉ. सुधा शुक्ला ने व्याख्यान प्रस्तुत कर महाविद्यालय परिवार की ओर से उन्हें हार्दिक श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## जगदीश चन्द्र बोस पुण्यतिथि

23 नवम्बर को प्रार्थना सभा में देश के महान वैज्ञानिक जगदीश चन्द्र बोस की पुण्यतिथि के अवसर पर वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव ने व्याख्यान प्रस्तुत कर महाविद्यालय परिवार की ओर से उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया।

श्रद्धा-सुमन अर्पित करते डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव

## गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस

24 नवम्बर को प्रार्थना सभा में सिख धार्म के बलिदानी गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस के अवसर पर इतिहास विभाग के सहायक आचार्य श्री जितेन्द्र प्रजापति ने व्याख्यान प्रस्तुत कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय परिवार की ओर से उन्हें हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धा-सुमन अर्पित करते श्री जितेन्द्र प्रजापति




बैठक में उपस्थित शिक्षकगण

## प्राचार्य-शिक्षक बैठक

24 नवम्बर को रात्रि 09:30 पर नियमित प्राचार्य-शिक्षक ऑनलाइन बैठक जूम एप पर सम्पन्न हुई। बैठक में पठन-पाठन के साथ-साथ महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद संस्थपक समारोह में महाविद्यालय की सहभागिता पर आपसी चर्चा एवं परिचर्चा की गयी। बैठक की अध्यक्षता महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के माननीय सदस्य श्री प्रमथनाथ मिश्र ने की। बैठक में समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

## योगाभ्यास कार्यक्रम

27 नवम्बर को प्रार्थना सभा में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षा विभाग के सहायक आचार्य डॉ. सतेन्द्र नाथ सिंह ने योग का महत्व बताते हुए, विद्यार्थियों को योगाभ्यास कराया।

योगाभ्यास करते महाविद्यालय के विद्यार्थी

## राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एक दिवसीय शिविर

01 दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एक जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में राष्ट्रीय सेवा योजना के दोनों ईकाईयों के स्वयंसेवकों द्वारा लोगों को एड्स महामारी के प्रति जागरूक करने के लिए पोस्टर, बैनर आदि माध्यमों का प्रयोग कर जागरूक किया गया। जागरूकता रैली का नेतृत्व राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभिषेक सिंह ने किया।

एड्स के प्रति जनजागरूकता रैली निकालते राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक

## डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जयन्ती

03 दिसम्बर को महाविद्यालय के प्रार्थना सभा में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयन्ती के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के इतिहास विभाग के सहायक आचार्य श्री अभिषेक त्रिपाठी ने व्याख्यान प्रस्तुत कर डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धा-सुमन अर्पित श्री अभिषेक त्रिपाठी

## महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद का संस्थापक सप्ताह समारोह ( शोभा यात्रा उद्घाटन कार्यक्रम )

04 से 10 दिसम्बर तक प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद संस्थापक सप्ताह समारोह का आयोजन हुआ। सप्ताह भर चलने वाले इस भव्यतम आयोजन में महाविद्यालय ने सक्रिय रूप से सहभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय खेल, युवा, सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग ठाकुर उपस्थित रहे। महाविद्यालय द्वारा शोभा यात्रा के उद्घाटन अवसर पर निकाली जाने वाली शोभा यात्रा में छात्र/छात्राओं द्वारा

शोभायात्रा में सम्मिलित महाविद्यालय का वाद्य दल

शोभायात्रा में सम्मिलित महाविद्यालय की विभिन्न विषयों पर आधारित झाकियाँ एवं महाविद्यालय का वाद्य दल

शोभायात्रा में सम्मिलित महाविद्यालय की विभिन्न विषयों पर आधारित झाकियाँ

शोभायात्रा में सम्मिलित महाविद्यालय का अनुशासित दल

शोभायात्रा में सम्मिलित महाविद्यालय की पैना जल जौहर की झाँकी

विविध महत्वपूर्ण विषयों यथा चौरी–चौरा शताब्दी वर्ष, मिशन मंझरिया उन्नत भारत अभिमान आदि को उकेरने वाली मनमोहक व महत्वपूर्ण झांकिया निकाली गई, जो शहर वासियों को आकृष्ट कर रही थी। सप्ताह भर चलने वाले इस कार्यक्रम में महाविद्यालय ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर आयोजित होने वाली सभी प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने की।

## महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् का संस्थापक समारोह ( पुरस्कार वितरण एवं मुख्य महोत्सव )

10 दिसम्बर को महाविद्यालय महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह के मुख्य महोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि भारत सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस तथा इस्पात मंत्रलय के कैबिनेट मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त योगी आदित्यनाथ जी महाराज के कर कमलों द्वारा योग्यता छात्रवृत्ति, विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शोभा–यात्रा में श्रेष्ठ पद संचलन एवं महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के सभी संस्थाओं में सर्वश्रेष्ठ कार्य के आधार पर श्रेष्ठम संस्था सहित, श्रेष्ठतम् शिक्षक एवं कर्मचारी को पुरस्कृत किया गया। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की विभिन्न संस्थाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों एवं खिलाड़ियों को कुल 800 से अधिक विविधा पुरस्कार प्रदान किया गया। महाविद्यालय की तरफ से विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान सुश्री अनुश्री (बी.एड्. प्रथम वर्ष), आशुभाषण प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग में द्वितीय स्थान ज्ञानेन्द्र पाण्डेय (बी.ए. द्वितीय वर्ष), गोरखवाणी प्रतियोगिता में तृतीय स्थान स्नातक वर्ग में कुँवर अमन सिंह (बी.एस–सी. तृतीय वर्ष), ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ स्वर्ण पदक श्री सुजीत कुमार (एम.एस–सी. अन्तिम वर्ष) हिन्दी भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान स्नातक वर्ग में कुँवर अमन सिंह (बी.एस–सी. तृतीय वर्ष) एवं बालीबाल प्रतियोगिता की बालिका वर्ग की टीम को उपविजेता घोषित कर उन्हें पुरस्कृत किया गया।

मुख्य अतिथि से सम्मान प्राप्त करते श्री सुजीत कुमार सिंह

मुख्य अतिथि से पुरस्कृत होते कुँवर अमन सिंह

मुख्य अतिथि से पुरस्कृत होते कुँवर शिवम सिंह

## सी.डी.एस. 06 जनरल विपिन रावत निधन पर एक शोक सभा

09 दिसम्बर को महाविद्यालय के प्रार्थना सभा में देश के प्रथम सी.डी.एस. जनरल विपिन रावत के निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस शोक सभा में महाविद्यालय के बी.एड्. विभाग की प्रभारी श्रीमती शिप्रा सिंह ने जनरल विपिन रावत के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें महाविद्यालय परिवार की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रार्थना सभा में उपस्थित समस्त शिक्षक, विद्यार्थी एवं कर्मचारीगण ने दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें मौन रूप से श्रद्धा–सुमन अर्पित किया।

जनरल विपिन रावत के निधन पर आयोजित मौन सभा

## राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर व्याख्यान

14 दिसम्बर को महाविद्यालय की प्रार्थना सभा में 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस' के अवसर पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता भौतिकी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. शैलेन्द्र ठाकुर ने ऊर्जा के विविध उपक्रमों के विषय में बताते हुए ऊर्जा संरक्षण करने हेतु सभी को प्रेरित किया।

ऊर्जा संरक्षण के महत्व को समझाते डॉ. शैलेन्द्र ठाकुर

## योग्यता छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम

14 दिसम्बर को महाविद्यालय में योग्यता छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपने–अपने कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ शैक्षिक प्रदर्शन करने वाले प्रथम दो विद्यार्थियों को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के आदरणीय सदस्य श्री प्रमथनाथ मिश्र द्वारा नकद छात्रवृत्ति से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अंजली मिश्रा पुत्री मन्टू मिश्रा बी.एस–सी. भाग–एक, प्रीति कोसले पुत्री श्री भागवत प्रसाद बी.एस–सी. भाग–एक, सुहानी सिंह पुत्री श्री बृजभूषण सिंह बी. एस–सी. भाग–दो, आदित्य प्रजापति पुत्र श्री राजेश प्रसाद प्रजापति बी.एस–सी. भाग–दो, बिट्टू कुशवाहा पुत्र श्री श्रवण कुशवाहा, बी.एस–सी. भाग–दो, सिल्की कुमारी पुत्री श्री श्याम सुन्दर प्रसाद बी.एस–सी. भाग–तीन, मनीष कुमार दूबे पुत्र श्री वशिष्ठ दूबे बी.एस–सी. भाग–तीन, अमित कुमार पटवा पुत्र श्री गणेश पटवा बी.ए. भाग–एक,

विद्यार्थियों को प्रेरणादायी उद्बोधन देते श्री प्रमथ नाथ मिश्र

अपनी-अपनी कक्षाओं में योग्यता छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले विद्यार्थी एवं मंचस्थ अतिथि

मोनी खातून पुत्री श्री करिमुल्लाह बी.ए. भाग–एक, श्यामसुन्दर यादव पुत्र श्री रामचन्द्र यादव बी.ए. भाग–दो, अभिषेक यादव पुत्र श्री प्रभुनाथ यादव बी.ए. भाग–दो, ज्योति यादव पुत्री श्री व्यासमुनि यादव बी.ए. भाग–दो, विशाल प्रसाद पुत्र श्री उमेश प्रसाद बी.ए. भाग–दो, दीपचन्द पुत्र श्री सुभाषचन्द साहनी बी.ए. भाग–तीन, सुरज गुप्ता पुत्र श्री दयाराम गुप्ता बी.ए. भाग–तीन, सुनिधि सिंह पुत्री श्री सुबास चन्द्र सिंह बी.काम. भाग एक, उत्कर्ष राय पुत्र श्री मनोज कुमार राय बी.काम. भाग–एक, रमा शुक्ला पुत्री प्रेम नारायण शुक्ला बी.काम. भाग दो, लक्ष्मी शुक्ला पुत्री श्री प्रेम नारायण शुक्ला बी.काम. भाग–दो, विघ्नेश्वर सिंह पुत्र श्री उग्रसेन सिंह बी.काम. भाग–तीन, रशीदा खातुन पुत्री सखावतुल्लाह बी.काम भाग–तीन, अंजली मद्धेशिया पुत्री श्री राजेश कुमार मद्धेशिया एम.एस–सी. प्रथम वर्ष, मुन्ना कुमार निषाद पुत्र श्री राम सुधारे एम.एस–सी. प्रथम वर्ष, श्वेता पुत्री श्री प्रमोद कुमार मिश्रा, एम. एस–सी. अन्तिम वर्ष, रसायनशास्त्र, गरिमा मल्ल पुत्री श्री सदावृक्ष मल्ल एम.एस–सी. अन्तिम वर्ष रसायनशास्त्र, गौरव गुप्ता पुत्र श्री द्वारिका गुप्ता एम.ए. प्रथम वर्ष भूगोल, सीमा कुमारी पुत्री श्री किमेश्वर पाण्डेय एम.ए. प्रथम वर्ष भूगोल, आदित्यनाथ पुत्र श्री राजकिशोर एम.ए. अन्तिम वर्ष भूगोल, दीनू चौरसिया पुत्र श्री भजुराम प्रसाद चौरसिया एम.ए. अन्तिम वर्ष भूगोल, ऋचा ओझा पुत्री श्री विक्रम ओझा, एम.ए. प्रथम वर्ष हिन्दी, रूबी गुप्ता पुत्री श्री जवाहर गुप्ता एम.ए. प्रथम वर्ष हिन्दी, सर्वेश्वर कान्त चन्द्रा पुत्र श्री अनिल कुमार पाण्डेय एम.ए. प्रथम वर्ष राजनीतिशास्त्र, मन्जू यादव पुत्री श्री शिवशंकर यादव एम.ए. प्रथम वर्ष समाजशास्त्र, मनीषा यादव पुत्री श्री रंजीत यादव एम.ए. प्रथम वर्ष समाजशास्त्र, पूजा विश्वकर्मा पुत्री दिलीप विश्वकर्मा एम.ए. प्रथम वर्ष इतिहास, निशा निषाद पुत्री श्री भोला निष्ठाद एम.ए. अन्तिम वर्ष इतिहास, आम्बिका सिंह पुत्री श्री वीरेन्द्र सिंह एम.ए. अन्तिम वर्ष गृह विज्ञान, नेहा विश्वकर्मा पुत्री श्री शशि कुमार विश्वकर्मा एम.ए. अन्तिम वर्ष गृहविज्ञान, चौधरी मानसी कीर्तन पुत्री श्री कीर्तन चौधरी एम.काम. प्रथम वर्ष, साक्षी तिवारी पुत्री श्री प्रेम प्रकाश तिवारी एम.ए. प्रथम वर्ष, कुमारी सावित्री सिंह पुत्री श्री तारकेश्वर सिंह एम.काम अन्तिम वर्ष, कृति गौड़ पुत्री श्री गिरीश कुमार गौड़ एम.काम अन्तिम वर्ष, शैलेन्द्र प्रजापति पुत्र श्री चन्द्रिका बी.एड्. प्रथम वर्ष, रीतिका सिंह पुत्री श्री सुरेश सिंह बी.एड्. प्रथम वर्ष, शिवेन्द्र वर्मा पुत्र श्री दीपक वर्मा बी.एड्. प्रथम वर्ष, बबिता गुप्ता पुत्री श्री रामनयन गुप्ता बी.एड्. अन्तिम वर्ष, तारकेश्वर पुत्र श्री

सुभाष चन्द गुप्ता बी.एड्. अन्तिम वर्ष, अनिता निषाद पुत्री श्री उदय राज निषाद बी.एड्. अन्तिम वर्ष को योग्यता छात्रवृत्ति प्रदान किया गया।

## राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी बलिदान दिवस

17 दिसम्बर को महाविद्यालय के प्रार्थना सभा में राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी बलिदान दिवस के अवसर पर प्राणि विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य श्री विनय कुमार सिंह ने अपने व्याख्यान के माध्यम से माँ भारती के अमर सपूत राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश रखते हुए महाविद्यालय परिवार की ओर से उन्हें हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धा-सुमन अर्पित करते श्री विनय कुमार सिंह

## पर्यावरण जागरूकता रैली

18 दिसम्बर को बी.एड्. विभाग के तत्वावधान में पर्यावरण जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली महाविद्यालय परिसर से बी.एड्. विभाग द्वारा गोद लिए गये गाँव मंझरिया तक गयी। छात्राध्यापकों द्वारा गाँव के लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए स्लोगन तख्तियों, पोस्टर व बैनर के माध्यम से जानकारी दी गई। इस रैली में बी.एड्. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के कुल 82 छात्राध्यापकों सहित विभाग के सभी शिक्षकों ने सहभाग किया। इस जन जागरूकता रैली का नेतृत्व मिशन मंझरियां की प्रभारी एवं बी.एड्. विभाग की अध्यक्ष श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया।

जन जागरूकता रैली निकालते बी.एड्. विभाग के छात्राध्यापिकाएं

## विशिष्ट व्याख्यान

18 दिसम्बर को महाविद्यालय में वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा 'जैविक कृषि' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ वैज्ञानिक, गुरु श्रीगोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र चौक माफी के डॉ. संदीप सिंह ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अखिलेश गुप्त ने तथा अध्यक्षता डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव ने की।

व्याख्यान प्रस्तुत करते डॉ. संदीप सिंह

## योगाभ्यास कार्यक्रम

18 दिसम्बर को प्रार्थना सभा के अन्तर्गत योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षा विषय के प्रभारी डॉ. सत्येन्द्रनाथ शुक्ल के द्वारा योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों उपस्थित रहे।

योगाभ्यास का प्रशिक्षण देते डॉ. सतेन्द्रनाथ शुक्ल एवं योग करते महाविद्यालय के विद्यार्थी

## एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

कार्यशाला में उद्बोधन देते हुए डॉ. सुबोध कुमार मिश्र

20 दिसम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभिषेक सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री बृजभूषण लाल व प्राचीन इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुबोध कुमार मिश्र उपस्थित रहे। कार्यशाला की अध्यक्षता प्राणि विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य श्री विनय कुमार सिंह ने की। कार्यशाला में स्वयंसेवक/स्वयंसेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों एवं क्रियाविधि के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला में महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों ईकाईयों के समस्त स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## स्वच्छता जागरूकता रैली

जन जागरूकता रैली निकालते शिक्षाशास्त्र विभाग के विद्यार्थी एवं शिक्षक

20 दिसम्बर को शिक्षाशास्त्र विभाग के द्वारा ''स्वच्छता जागरूकता रैली'' का आयोजन किया गया। यह रैली महाविद्यालय से प्रारम्भ होकर शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा गोद लिए ग्राम हसनगंज तक गयी। रैली का संयोजन

बी.एड्. विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती साधाना सिंह ने किया। रैली में शिक्षाशास्त्र विषय के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के लगभग 50 विद्यार्थियों ने सहभाग किया तथा विभाग के सभी शिक्षक भी इस रैली में सम्मिलित हुए।

## विशिष्ट व्याख्यान

20 दिसम्बर को महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा "जलवायु परिवर्तन ग्लोबल वार्मिंग के विशेष सन्दर्भ में" विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में भूगोल विभाग की सहायक आचार्य डॉ. शालू श्रीवास्तव ने अपना शोधपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अखिलेश गुप्ता ने किया तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव ने की।

व्याख्यान देतीं डॉ. शालू श्रीवास्वत एवं उपस्थित विद्यार्थी

## राजा वीर छत्रसाल जयन्ती

20 दिसम्बर को महाविद्यालय के प्रार्थना सभा में बुन्देला राजा वीर छत्रसाल की जयन्ती के अवसर पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में समाजशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य श्री बृजभूषण लाल ने अपने व्याख्यान के माधयम से राजा छत्रसाल को महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धा-सुमन अर्पित करते डॉ. बृजभूषण लाल

## प्रथम एक दिवसीय शिविर

21 दिसम्बर को महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। एक दिवसीय शिविर के अन्तर्गत अभिग्रहीत ग्राम-हसनगंज में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया तथा एक बौद्धिक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। बौद्धिक विचार गोष्ठी में मुख्य वक्ता डॉ. सुबोध कुमार मिश्र ने अपना विचार प्रस्तुत किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. अभिषेक सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी श्री बृजभूषण लाल ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के दोनों इकाइयों के सभी स्वयंसेवक/ स्वयंसेविकाए उपस्थित रहे।

श्रमदान करते राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक

## रामानुजन जयन्ती

22 दिसम्बर को महाविद्यालय के प्रार्थना सभा में भारत के महान गणितज्ञ रामानुजन की जयन्ती के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में सांख्यिकी विभाग के सहायक आचार्य श्री कालीशंकर पाण्डेय ने अपने व्याख्यान के माध्यम से महाविद्यालय परिवार की ओर से श्री रामानुजन को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धा-सुमन अर्पित करते श्री कालीशंकर पाण्डेय

## राष्ट्रीय गणित दिवस

22 दिसम्बर को गणित एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय गोरखपुर के गणित विभाग के सहायक आचार्य डॉ. विनित मिश्रा ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन गणित विभाग के प्रभारी श्रीकान्तमणि त्रिपाठी ने किया तथा आभार सांख्यिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अरूण राव ने किया।

मुख्य वक्ता को स्मृति चिह्न भेंट करते श्री श्रीकान्तमणि त्रिपाठी

## स्वास्थ्य शिविर

23 दिसम्बर को वाणिज्य विभाग द्वारा अपने अधिगृहित गाँव तिनकोनिया नं. 02 में स्वावलम्बी ग्राम योजना के अन्तर्गत एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में गुरु श्रीगोरखनाथ चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र कुमार मिश्र द्वारा गांव के लोगों को परामर्श दिया गया। शिविर में 200 से अधिक परिवारों को स्वास्थ्य परामर्श एवं नि:शुल्क दवा वितरित किया गया।

स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरित करते चिकित्सक

## चौधरी चरण सिंह जयन्ती

23 दिसम्बर को महाविद्यालय के प्रार्थना सभा में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की जयन्ती

के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत कर महाविद्यालय परिवार की ओर से उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

चौधरी चरण सिंह को श्रद्धा-सुमन अर्पित करते डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय

## विज्ञान प्रदर्शनी

24 दिसम्बर को प्राणि विज्ञान विभाग द्वारा भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि के रूप में एशियन अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय, मणिपुर के सहायक आचार्य डॉ. शोभित कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे। प्रदर्शनी में बी.एस-सी. प्रथम वर्ष के कुल 90 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी. एस-सी. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों अर्चना साहनी, पूजा गुप्ता, प्रीति शर्मा, हर्षिता सिंह एवं पवन कुमार, अंजली मिश्रा, निकिता मिश्रा, रितु सिंह व शताक्षी सिंह की टीम के माडल को संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। द्वितीय स्थान पर बी.एस-सी. प्रथम वर्ष की कोमल पासवान के माडल को व तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से रेनू साहनी, अन्नु सिंह, प्रगति, खुशबू चौहान, रणवीर यादव व स्नेहलता के माडल को विजयी घोषित किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी का संयोजक प्राणि विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. शिव कुमार ने किया। निर्णायक मण्डल में श्री विनय कुमार सिंह, श्रीमती विभा सिंह, श्रीमती साधना सिंह ने अपनें दायित्वों का कुशल निर्वहन किया।

विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते विभागीय शिक्षक

## विशिष्ट व्याख्यान

24 दिसम्बर को वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा मशरूम संवर्धन विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता के रूप में एशियन अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय, मणिपुर के वनस्पति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. शोभित कुमार श्रीवास्तव ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव ने एवं कार्यक्रम का संचालन डॉ. अखिलेश कुमार गुप्त ने किया।

व्याख्यान प्रस्तुत करते डॉ. शोभित कुमार श्रीवास्तव

## विज्ञान प्रदर्शनी

विज्ञान प्रदर्शनी में प्रदर्शित मॉडलों का अवलोकन करते विभागीय शिक्षक

27 दिसम्बर को प्राणि विज्ञान विभाग द्वारा एक भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि अर्थशास्त्र विभाग के प्रभारी डॉ. मंजेश्वर रहे। प्रदर्शनी में बी.एस–सी. द्वितीय वर्ष के कुल 40 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रदर्शनी में प्रथम स्थान अमन कुमार यादव, ऋषिकांत विश्वकर्मा तथा मुंजेश पटेल के ग्रुप को, द्वितीय स्थान शिल्पी गौर के मॉडल को तथा तृतीय स्थान राजेश यादव, आशीष कुमार तथा शोएब के ग्रुप को प्राप्त हुआ। निर्णायक मण्डल में श्रीकान्त मणि त्रिपाठी, श्रीमती विभा सिंह, श्रीमती पुष्पा निषाद एवं श्रीमती साधना सिंह रहीं। प्रदर्शनी का संयोजन प्राणि विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ. रघुवीर नारायण सिंह द्वारा किया गया।

## एक दिवसीय कार्यशाला

कार्यशाला को सम्बोधित करते मुख्य वक्ता डॉ. प्रज्ञेश कुमार मिश्र

28 दिसम्बर को मनोविज्ञान विभाग द्वारा 'मानव व्यवहार का दैहिक आधार' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में इन्दिरा गांधा राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक, मध्यप्रदेश के मनोविज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. प्रज्ञेश कुमार मिश्र ने विद्यार्थियों को सम्बोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तथा अतिथि स्वागत मनोविज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ. वेंकट रमन पाण्डेय ने तथा संचालन डॉ. अमित कुमार त्रिपाठी ने किया।

## व्याख्यान प्रतियोगिता

व्याख्यान प्रतियोगिता में प्रतिभाग करता विद्यार्थी

28 दिसम्बर को हिन्दी विभाग द्वारा व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 25 विद्यार्थियों ने अपने रोचक एवं प्रभावपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम वर्ष के आदर्श कुमार ने प्रथम स्थान, बी.ए. द्वितीय वर्ष के तारकेश्वर पाण्डेय द्वितीय स्थान, बी.ए. प्रथम वर्ष की रोहिणी चौहान तृतीय स्थान, तथा बी.ए. प्रथम वर्ष की नन्दिनी प्रजापति तथा बी.ए. प्रथम वर्ष की नीतू यादव ने संयुक्त रूप से सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में डॉ. श्रीराम चरित्र, श्रीमती साधना सिंह, श्रीमती पुष्पा निषाद उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. सुधा शुक्ल ने तथा अध्यक्षता हिन्दी विभाग की अध्यक्ष डॉ. आरती सिंह ने किया।

## सुमित्रानन्दन पन्त पुण्यतिथि

28 दिसम्बर को महाविद्यालय के प्रार्थना सभा में हिन्दी भाषा के विख्यात कवि सुमित्रानन्दन पंत की पुण्यतिथि के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान की मुख्य वक्ता हिन्दी विभाग की अध्यक्ष डॉ. आरती सिंह ने अपना उद्बोधन के माध्यम से सुमित्रानन्दन पन्त के व्यक्तित्व तथा कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय परिवार ओर से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया।

पुण्यतिथि पर श्रद्धा-सुमन अर्पित करतीं डॉ. आरती सिंह

## महर्षि रमण जयन्ती

30 दिसम्बर को महाविद्यालय के प्रार्थना सभा में महर्षि रमण जयन्ती के अवसर पर बी.एड्. विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती पुष्पा निषाद ने अपने व्याख्यान के माध्यम से महर्षि रमण के जीवन तथा व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें महाविद्यालय परिवार की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि व्यक्त करतीं श्रीमती पुष्पा निषाद

## व्याख्यान प्रतियोगिता

04 जनवरी को अंग्रेजी विभाग द्वारा छात्रों में अभिव्यक्ति क्षमता का विकास करने के उद्देश्य से एक व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 35 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम वर्ष की शिखा को प्रथम, बी.ए. द्वितीय वर्ष की आश्रिति सिंह को द्वितीय, बी.ए. द्वितीय वर्ष की प्रिया जायसवाल को तृतीय एवं बी.ए. प्रथम वर्ष के अभय शुक्ला को चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ। निर्णायक मण्डल में डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव, डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय, सुश्री स्मिता दूबे तथा सुश्री रितिका त्रिपाठी रहीं। कार्यक्रम की संयोजक अंग्रेजी विभाग की प्रभारी श्रीमती कविता मंध्यान ने किया।

व्याख्यान प्रतियोगिता में प्रतिभाग करता विद्यार्थी

## व्याख्यान प्रतियोगिता

04 जनवरी को प्राणि विज्ञान विभाग द्वारा बी.एस-सी. द्वितीय वर्ष हेतु व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 38 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता अपराजिता उपाध्याय को प्रथम

स्थान, अमन कुमार यादव को द्वितीय स्थान तथा नम्रता सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्राणि विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ. रघुवीर नारायण सिंह, सहायक आचार्य डॉ. शिव कुमार एवं श्री विनय कुमार सिंह रहे। कार्यक्रम का संयोजन प्राणि विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य श्री विनय कुमार सिंह ने किया।

व्याख्यान प्रतियोगिता में प्रतिभाग करता विद्यार्थी

## शैक्षिक प्रदर्शनी

05 जनवरी को प्राणि विज्ञान विभाग के बी.एस-सी. तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा एक भव्य शैक्षिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में बी.एस-सी. तृतीय वर्ष के कुल 60 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चन्द्रप्रभा सिंह, चन्द्रकला सिंह, आकृति सिंह और अल्पना चौधरी के ग्रुप को, द्वितीय स्थान आदित्य पटेल, आकाश सिंह, भास्कर विश्वकर्मा तथा पिंकु कुमार के ग्रुप को तथा तृतीय स्थान प्रीति गुप्ता, शरीका सिंह तथा रागिनी सिंह के ग्रुप को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में निर्णायक मण्डल के सदस्य के रूप में गृह विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य सुश्री रितिका त्रिपाठी, सुश्री स्मिता दूबे एवं प्राणि विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य श्री विनय कुमार सिंह रहे। प्रदर्शनी का संयोजन श्री विनय कुमार सिंह ने किया।

शैक्षिक प्रदर्शनी का अवलोकन करते शिक्षक एवं निर्णायक

## व्याख्यान प्रतियोगिता

8 जनवरी को प्राणि विज्ञान विभाग द्वारा बी.एस-सी. प्रथम वर्ष हेतु शोध व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.एस-सी. प्रथम वर्ष के कुल 62 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से पूजा गुप्ता व अंजली मिश्रा को प्रथम स्थान, संयुक्त रूप से प्रीति गुप्ता व खुशबू चौहान को द्वितीय स्थान एवं प्रिया विश्वकर्मा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। निर्णायक मण्डल में प्राणि विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ. रघुवीर नारायण सिंह, सहायक आचार्य डॉ. शिव कुमार व श्री विनय कुमार सिंह रहे। प्रतियोगिता का संयोजन प्राणि विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. शिव कुमार ने किया।

व्याख्यान प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती विद्यार्थी

## विश्व हिन्दी दिवस

10 जनवरी को महाविद्यालय के प्रार्थना सभा में विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान की मुख्य वक्ता हिन्दी विभाग की अध्यक्ष डॉ. आरती सिंह ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक, विद्यार्थी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

हिन्दी भाषा की महत्ता को समझाती डॉ. आरती सिंह

## कोविड-19 टीकाकरण शिविर

14 जनवरी को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में कोविड-19 टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महाविद्यालय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों ने तथा विभिन्न विभागों द्वारा अधिग्रहित गांव यथा मंझरिया, तिनकोनिया, हसनगंज, जंगल धूसड़, रेतवाहिया, ककरहियां आदि के लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चरगांवा के स्वास्थ्य पर्यवेक्षक श्री राकेश पाठक एवं उनके सहयोगी श्री श्वेता सिंह एवं आशा कार्यकत्रियों का सहयोग प्राप्त हुआ। शिविर में 305 लोगों का टीकाकरण किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य टीम के प्रति राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी श्री बृजभूषण लाल ने आभार ज्ञापित किया।

टीकाकरण शिविर के दौरान टीका लगवाते विद्यार्थी

कम्बल प्राप्त करते महाविद्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी

## कम्बल वितरण कार्यक्रम

21 जनवरी को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के उप-प्राचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी, डॉ. मंजेश्वर, श्री विनय कुमार सिंह तथा वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी, डॉ. अभिषेक सिंह द्वारा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों श्री विनोद, श्री विश्वनाथ, श्री विश्वनाथ, श्री रामलखन, श्री लालसा, श्री योगेन्द्र, श्री राजाराम, श्री रामअशीष सहित सभी को कम्बल वितरित किया गया।

## ऑनलाइन व्याख्यान प्रतियोगिता

व्याख्यान प्रतियोगिता में उपस्थित प्रतिभागी

29 जनवरी को गृह विज्ञान विभाग द्वारा ''सर्वाइकल कैंसर और महिला जागरूकता'' विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 16 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में एम. ए. द्वितीय वर्ष की अम्बिका सिंह को प्रथम, बी.ए. द्वितीय वर्ष की अंकिता दूबे को द्वितीय एवं बी.ए. तृतीय वर्ष की कृति गौड़ को तृतीय तथा बी.ए. तृतीय वर्ष की पिंकी सिंह को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में गृह विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य डॉ. सांत्वना श्रीवास्तव, सुश्री रितिका त्रिपाठी एवं सुश्री स्मिता दूबे उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता गृह विज्ञान विभाग प्रभारी श्री शिप्रा सिंह ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन व संयोजन गृह विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य सुश्री शारदा रानी ने किया।

## ऑनलाइन कहानी लेखन प्रतियोगिता

प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

04 फरवरी को अंग्रेजी विभाग के द्वारा एक ऑनलाइन कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 23 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम वर्ष की शिखा सिंह ने प्रथम, बी.ए. द्वितीय वर्ष की आँचल ने द्वितीय तथा बी.ए. द्वितीय वर्ष की शोभा गौड़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विजेताओं का निर्णय एवं संयोजन अंग्रेजी विभाग की प्रभारी श्रीमती कविता मंध्यान ने किया।

## सरस्वती पूजन

सरस्वती पूजन में सम्मिलित शिक्षक एवं विद्यार्थी

05 फरवरी को महाविद्यालय में प्रतिवर्ष की भांति पूर्ण विधि-विधान से सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया। पूजन कार्यक्रम में यजमान के रूप में बी.एड्. विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती पुष्पा निषाद उपस्थित रही। इस अवसर पर पूजन कार्यक्रम का ऑनलाइन प्रसारण महाविद्यालय के फेसबुक पेज व यू-ट्यूब चैनल पर भी किया गया जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी साथ ही इस अवसर पर महाविद्यालय में उपस्थित कर्मचारी व शिक्षकों ने भी पूजन कार्यक्रम में भाग लिया।

## ऑनलाइन निबन्ध प्रतियोगिता

प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते प्रतिभागी

07 फरवरी को गृह विज्ञान विभाग द्वारा ''वैश्विक स्तर पर कैंसर का बढ़ता प्रकोप : कारण, रोकथाम एवं उपचार'' विषय पर ऑनलाइन निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 20 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय वर्ष की अंकिता दूबे को प्रथम स्थान, बी.ए. तृतीय वर्ष की दीपशिखा सिंह को द्वितीय स्थान तथा बी.ए. तृतीय वर्ष की कृति गौड़, बी.ए. द्वितीय वर्ष की सपना गुप्ता व बी.ए. तृतीय वर्ष की क्षिप्रा रानी को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में गृहविज्ञान विभाग की सहायक आचार्य डॉ. नेहा कौशिक, सुश्री रितिका त्रिपाठी एवं सुश्री स्मिता दुबे उपस्थित रही।

## मतदाता जागरूकता अभियान

ग्रामीणों को जागरूक करते विभागीय विद्यार्थी

11 फरवरी को अंग्रेजी विभाग एवं प्राचीन इतिहास विभाग के विद्यार्थियों ने अपने-अपने अभिगृहीत ग्राम क्रमशः ककरहिया एवं छोटी रेतवहिया में ग्रामीणों को मतदान करने के लिए जागरूक किया।

## ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता

विद्यार्थियों द्वारा बनये गये पोस्टर

14 फरवरी को वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा बी.एस-सी. द्वितीय वर्ष हेतु पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 41 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में शिल्वी गौड़ को प्रथम स्थान, दिव्यांशी सिंह को द्वितीय स्थान तथा प्रीति सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव रहे तथा कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अखिलेश गुप्ता ने किया।

## ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता

विद्यार्थियों द्वारा बनये गये पोस्टर एवं उपस्थित विभागी शिक्षक

14 फरवरी को वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा बी.एस-सी. तृतीय वर्ष हेतु पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 19 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रीति कुमारी को प्रथम स्थान, अनुपमा पाण्डेय को द्वितीय स्थान तथा रिंकी गुप्ता को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में डॉ. अखिलेश गुप्ता रहे तथा कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव ने किया।

## ऑनलाइन मैप ड्राइंग प्रतियोगिता

15 फरवरी को भूगोल विभाग द्वारा 'भारत एवं विश्व मानचित्र' विषय पर एक मैप ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 55 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय वर्ष के वीरेन्द्र चौहान को प्रथम स्थान, बी.ए. तृतीय वर्ष के दीपचन्द्र को द्वितीय स्थान तथा बी.ए. द्वितीय वर्ष की कुमारी अर्चना चौहान को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में डॉ. विजय कुमार चौधरी, डॉ. शालू श्रीवास्तवा व श्री अरविन्द कुमार मौर्य रहे। कार्यक्रम का संचालन व संयोजन डॉ. नीलम गुप्ता ने किया।

प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

## ऑनलाइन विशिष्ट व्याख्यान

16 फरवरी को हिन्दी विभाग द्वारा 'साहित्य क्यों पढ़ें?' विषय पर एक ऑनलाइन विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता केन्द्रिय विश्वविद्यालय इलाहाबाद के हिन्दी विभाग के प्रोफेसर योगेन्द्र प्रताप सिंह ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुधा शुक्ला ने संयोजन डॉ. आरती सिंह ने किया।

## ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता

प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

16 फरवरी को भूगोल विभाग द्वारा 'पर्यावरणीय समस्याएँ' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 35 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.ए. तृतीय वर्ष की पूजा शर्मा को प्रथम स्थान, बी.ए. तृतीय वर्ष के जसवंत चौहान को द्वितीय स्थान तथा बी.ए. तृतीय वर्ष की कुमारी आँचल चौहान को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में डॉ. विजय कुमार चौधरी, डॉ. शालू श्रीवास्तवा व डॉ. नीलम गुप्ता रहीं। कार्यक्रम का संचालन व संयोजन श्री अरविन्द कुमार मौर्य ने किया।



प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते प्रतिभागी

## शोध व्याख्यान प्रतियोगिता

16 फरवरी को भौतिकी विज्ञान विभाग द्वारा शोध व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 15 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.एस–सी. तृतीय वर्ष के कुँवर अमन सिंह को प्रथम स्थान, बी.एस–सी. तृतीय वर्ष के प्रवीण पाण्डेय को द्वितीय स्थान एवं बी.एस–सी. तृतीय वर्ष की स्नेहा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में डॉ. अभिषेक वर्मा व डॉ. शैलेन्द्र कुमार ठाकुर रहे। प्रतियोगिता का संयोजन डॉ. अभिषेक वर्मा व संचालन डॉ. शैलेन्द्र कुमार ठाकुर ने किया।

पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थी द्वारा बनाया गया पोस्टर

## ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता

16 फरवरी को भौतिकी विज्ञान विभाग द्वारा 'आधुनिक विज्ञान में ऊर्जा के नये आयाम' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 25 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.एस-सी. द्वितीय वर्ष के आदित्य प्रजापति को प्रथम स्थान, बी.एस-सी. तृतीय वर्ष के कुँवर अमन एवं सिल्की कुमारी को द्वितीय स्थान एवं बी.एस-सी. द्वितीय वर्ष की सुनिधि व रिया को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में डॉ. अभिषेक वर्मा व डॉ. शैलेन्द्र कुमार ठाकुर रहे। प्रतियोगिता का संयोजन डॉ. अभिषेक वर्मा व संचालन डॉ. शैलेन्द्र कुमार ठाकुर ने किया।

## ऑनलाइन शोध व्याख्यान प्रतियोगिता

17 फरवरी को वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा शोध व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 16 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी. एस-सी. द्वितीय वर्ष की अपराजिता उपाध्याय को प्रथम स्थान, बी.एस-सी. द्वितीय वर्ष की राजलक्ष्मी को द्वितीय स्थान एवं बी.एस-सी. द्वितीय वर्ष के अमन कुमार यादव एवं ऋषिकान्त विश्वकर्मा को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में डॉ. अखिलेश गुप्त रहे। प्रतियोगिता का संयोजन डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव ने किया।

प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

व्याख्यान प्रस्तुत करते मोहम्मद अतिकुल्लाह

## ऑनलाइन विशिष्ट व्याख्यान

20 फरवरी को रसायन विज्ञान विभाग द्वारा 'नेशनल इंटेलेक्चुअल एण्ड प्रापर्टी अवेयरनेस मिशन के सहयोग' से 'अवेयरनेस एण्ड ड्रेसिंग ऑन इंटेलेक्चुअल प्रापर्टी' विषय पर एक ऑनलाइन विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता के रूप में पेटेन्ट और डिजाइन, आई.पी.ओ. दिल्ली के सह-नियंत्रक मोहम्मद अतिकुल्लाह ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रसायन विज्ञान विभाग के डॉ. शिवकुमार बर्नवाल ने किया। कार्यक्रम का संचालन विभागीय शिक्षक डॉ. राम सहाय ने तथा संयोजन श्रीमती प्रियंका मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

जब तक लाखों लोग भूखे और अज्ञानी हैं
तब तक मैं उस प्रत्येक व्यक्ति को कृतघ्न समझता हूँ
जो उनके बल पर शिक्षित तो बना परन्तु आज उसकी ओर ध्यान नहीं देता।

– स्वामी विवेकानन्द

## महाविद्यालय का अभिनव प्रयोग

एक विभाग – एक गाँव
एक कॉलेज – एक गाँव



# मिशन मंझरिया

## मिशन मंझरिया

जंगल धूसड़ की ग्रामीण पृष्ठभूमि में स्थापित महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज, श्रीगोरक्षपीठ द्वारा संचालित महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की एक संस्था है। शिक्षा को सेवा का आधार मानकर लोक-कल्याणार्थ स्थापित इस महाविद्यालय ने पठन-पाठन के साथ-साथ जन-सरोकारों से सीधा-संवाद स्थापित किया। अपने स्थापना वर्ष में ही 'ग्रामीण भारत का भविष्य' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कर महाविद्यालय द्वारा 'आदर्श ग्राम योजना' का स्वरूप निर्धारित किया गया। गाँव से शिक्षकों-विद्यार्थियों के संवाद को आकार देने हेतु 'एक विभाग-एक गाँव' की योजना के क्रियान्वयन का पहला चरण 2006 ई. में ही प्रारम्भ हो गया। इसी क्रम में 2015-2017 ई. तक तत्कालीन सांसद एवं महाविद्यालय के प्रबंधक महन्त योगी आदित्यनाथ जी महाराज के सांसद आदर्श ग्राम योजनान्तर्गत गोद लिए गए ग्यारह गाँवों में से एक महाविद्यालय के निकट स्थित ग्राम सभा औराही में साक्षरता, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता अभियान ने आदर्श-ग्राम योजना को अनुभव-जन्य गति प्रदान किया।

गत सत्र की गतिविधियों को आगे बढ़ाते हुए वर्तमान सत्र 2021-22 ई. की योजना बैठक में 'एक विभाग-एक गाँव' योजना को पूर्ववत् जारी रखते हुए, कोरोना महामारी के कारण कुछ विलंब से महाविद्यालय से सटे ग्राम 'मंझरिया' को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता के प्रति जागरूकता के साथ-साथ केन्द्र तथा प्रदेश सरकार की योजनाओं से संतृप्त गाँव बनाने की दिशा में 'मिशन मंझरिया' प्रारंभ किया गया। इस मिशन मंझरिया अभियान को बी.एड्. विभाग की अध्यक्ष श्रीमती शिप्रा सिंह के निर्देशन में 27 सितम्बर 2021 से पुनः मिशन बनाकर प्रतिदिन अपराह्न 2 से 4 बजे तक कार्य प्रारम्भ किया।

इस सत्र में छात्राध्यापकों के कुल आठ शिक्षण केन्द्र इस प्रकार है-

शिक्षण केन्द्र 01 – भीमराव अम्बेडकर शिक्षण केन्द्र

शिक्षण केन्द्र 02 – माँ सीता शिक्षण केन्द्र

शिक्षण केन्द्र 03 – माँ सरस्वती शिक्षण केन्द्र

शिक्षण केन्द्र 04 – वीर अभिमन्यु शिक्षण केन्द्र

## मिशन मंझरिया

शिक्षण केन्द्र 05 – माँ कात्यायनी शिक्षण केन्द्र

शिक्षण केन्द्र 06 – रानी पद्मिनी शिक्षण केन्द्र

शिक्षण केन्द्र 07 – रानी लक्ष्मीबाई शिक्षण केन्द्र

शिक्षण केन्द्र 08 – स्वामी विवेकानन्द शिक्षण केन्द्र

**छात्राध्यापकों द्वारा अपने इस सेवा कार्य को 'मन से मंझरिया' नाम से संबोधित किया गया है।**

27 सितम्बर, 2021 ई. से छात्राध्यापकों का समूह मंझरिया ग्राम में विभिन्न शिक्षण केन्द्रों पर जाकर कोविड टीकाकरण सर्वे करने के साथ पठन-पाठन सर्वे के उपरान्त छात्राध्यापकों ने ज्ञान यश का कार्य प्रारंभ किया। कक्षा 01 से 10 तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों की नि:शुल्क कोचिंग कक्षाएं विभिन्न केन्द्रों पर माँ और बच्चों के साथ-साथ पढ़ाने का कार्य गत वर्ष की भांति जारी किया गया। प्रत्येक माह के अंत में पढ़ाये गये विषयों का मासिक मूल्यांकन भी किया जाता रहा, और प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया है।

कोविड-19 टीकाकरण शिविर हेतु ग्रामवासियों का सर्वे करते मिशन मंझरियां के सेवाव्रती विद्यार्थी

## मिशन मंझरिया

04 नवंबर को दीपावली उत्सव भी इस मिशन का हिस्सा गत वर्ष की ही भाँति बनाया गया। छात्राध्यापकों के साथ ग्रामीण महिलाएं एवं गाँव के नौनिहाल पूर्ण मनोयोग से दीया पेंटिंग एंव सजावट कार्य में हर्षोल्लास के साथ लग गए।

दीपावली उत्सव के अन्तर्गत दिया बनाते एवं उनकी पेण्टिंग करते ग्राम मंझरियां के नौनिहाल एवं महिलायें

दीपोत्सव पर पोस्टर के द्वारा अपनी खुशी व्यक्त करते नौनिहाल

मिट्टी से खिलौना बनाना सीखते ग्राम मंझरियां के बच्चे

महाविद्यालय में संचालित स्वैच्छिक श्रमदान, प्रार्थना, योगा आदि योजना की तर्ज पर प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का कार्य भी पूर्ववत् जारी रखा गया। प्रत्येक शनिवार आठों केन्द्रों पर शिक्षण कार्य स्थगित कर पहले अपने केन्द्र पर झाड़ू उठाकर छात्राध्यापक ग्रामीण महिलाएं एवं बच्चे साथ मिलकर सफाई करते, तत्पश्चात गायन नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा एक दूसरे का मनोरंजन करते सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झलक बाल दिवस एवं अन्य आयोजित समारोहों में दिखी।

योग का प्रशिक्षण देते मिशन मंझरियां के सवोव्रती विद्यार्थी

## मिशन मंझरिया

खेल खेलते गाँव के नौनिहाल

स्वास्थ्य के प्रति नौनिहालों को जागरूक करते सेवाव्रती विद्यार्थी

पढ़ने-पढ़ाने के साथ-साथ छात्राध्यपकों द्वारा व्यक्तित्व विकास योजना का कार्य भी किया गया। जिसमें योग प्रशिक्षण, आर्ट एंड क्राफ्ट प्रशिक्षण पाक कला प्रशिक्षण के माधयम से रचनात्मकता का विकास भी किया गया।

अपनी कला का प्रदर्शन करते गाँव के बच्चे

गाँव के बच्चों को साक्षर करती छात्राध्यापक

पाक कला का प्रदर्शन करते गाँव के बच्चे

पाक कला का प्रदर्शन करती गाँव की महिलाएं

क्राफ्ट कला का प्रदर्शन करते गाँव के बच्चे

गाँव के बच्चों को कहानी के माध्यम से प्रेरणादायी शिक्षा देते सेवाव्रती विद्यार्थी

## मिशन मंझरिया

'मन से मंझरिया' मिशन में छात्राध्यापकों ने ग्रामवासियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पर्यावरण जागरूकता रैली का भी आयोजन किया। वहीं महिलाओं एवं बच्चों को तकनीकि शिक्षा के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। साथ ही साथ सिलाई-कढ़ाई का हुनर भी छात्राध्यापकों द्वारा सिखाया गया।

पर्यावरण के प्रति जागरूकता दिखाते हुए पौधारोपण करते ग्राम मंझरियां के नौनिहाल एवं सेवाव्रती विद्यार्थी

मिशन उन्नत भारत के माध्यम से गाँव मंझरिया की महिलाओं को स्वावलम्बन एवं रोजगार की दिशा में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से एल.ई.डी. बल्ब, झॉलर एवं अन्य छोट-बड़े इलेक्ट्रानिक सजावटी उत्पाद बनाने हेतु सात दिनों की कार्यशाला का आयोजन कर उन्हें प्रशिक्षण दिया गया।

एल.ई.डी. बल्ब एवं अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त करती ग्राम मंझरियां की महिलाएं

एल.ई.डी. बल्ब एवं अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त करती ग्राम मंझरियां की महिलाएं एवं उनके द्वारा बनाये गए उत्पादों की प्रदर्शनी

## मिशन मंझरिया

प्रतिष्ठित समाजसेवी श्रीमती शीलम वाजपेयी एवं बी.एड्. विभाग प्रभारी श्रीमती शिप्रा सिंह ने सभी केन्द्रों पर भ्रमण कार्य कर स्वावलम्बन की दिशा में ग्रामीणों महिलाओं की जागरूक किया।

स्वावलम्बन की ओर अग्रसर करती श्रीमती शीलम वाजपेयी

ग्राम मंझरियां की महिलाओं द्वारा बनाये गए हस्तशिल्प को देखतीं श्रीमती शीलम वाजपेयी

ग्राम मंझरियां के बच्चों को दुलारती श्रीमती शीलम वाजपेयी

ग्राम मंझरियां की महिलाओं को स्वावलम्बन एवं आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करतीं श्रीमती शीलम वाजपेयी

15 जनवरी, 2022 को मिशन मंझरिया में नि:शुल्क स्वस्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 194 ग्रामवासियों का स्वस्थ्य परीक्षण कर उन्हें नि:शुल्क दवा वितरित किया गया।

ग्रामवासियों का परीक्षण करते स्वास्थ्य चिकित्सक

मिशन मंझरिया बी.एड्. विभाग की अद्वितीय उपलब्धि के रूप में निरंतर प्रगति पथ पर है। वर्तमान सत्र में इस मिशन को प्रारंभ से वर्तमान परिणति तक पहुंचाने वाले सेवाव्रती विद्यार्थी है– सत्यजीत, नितेश, अनीता, नीलम, अंजली, पूर्णिमा, प्रियंका कुमारी, ज्योति साहनी, हिमांशु कुमार, सिद्धि, सुनीधि, अश्वनी, अभिषेक, बबिता, सुनीता, रामआशीष, अवनीश, पूजा, ऋषभ, मनोज गुप्ता, शैलेश पासवान, संदीप यादव, सिमस आदिती, कृष्णा, संदीप, प्रकाश, विनोद, कृति पाण्डेय, रंजना, उमेश, प्रतीक, सत्यम, ज्योति सिंह, वंदना, प्रियंका, सुष्मिता, दयाशंकर, मनीष, तारकेश्वर, रामचन्दर, अभिषेक, गौतम, सूरज चौधरी।

मिशन मंझरिया अनवरत गति से चलता रहे, इस दृष्टि से बी.एड्. विभाग की प्रभारी श्रीमती शिप्रा सिंह ने बी.एड्. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को भी 5 मार्च से इस मिशन में जोड़ दिया है।

## मिशन मंझरिया



मन को आनन्द से भरती एवं चित्त को आह्लादित करती मिशन मंझरिया एवं मन से मंझरिया प्रकल्पों की कुछ सुखद झलकियाँ

# मिशन शक्ति

नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

**शान हो, सम्मान हो**
**अभिमान हो**

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः।
यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः।।

## मिशन शक्ति

भारतीय संस्कृति अपने जिन प्रमुख विशेषताओं के कारण जानी जाती है, उनमें एक है नारी स्वातंत्र्य एवं स्वावलम्बन। वैदिक युग में नारी अपने स्वातंत्र्य, स्वावलम्बन एवं स्वाभिमान के उत्कर्ष पर थी। नारी और पुरुष में सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक इत्यादि क्षेत्रों में समानता के समान अवसर उपलब्ध थे। विकास के दीर्घकाल में अनेक सामाजिक उतार-चढ़ाव के बावजूद भारतीय समाज में नारी को मातृशक्ति के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त रही है। भारतीय संस्कृति में नारी सदैव से ही सम्मानित एवं पूजित रही है। भारत की धार्मिक एवं आध्यात्मिक परंपरा में इस बात के प्रमाण आज भी उपलब्ध हैं। भारत की धार्मिक तथा आध्यात्मिक परंपरा में मातृ शक्ति को शस्त्रधारी शक्तिसम्पन्न ज्ञान की अधिष्ठात्री और काल पर भी विजय प्राप्त करने के रूप में पूजा जाता है किंतु वैदेशिक आक्रमणकारियों की कट्टरता, नारी को उपयोग की वस्तु समझने की पाशविक प्रवृत्ति के कारण आज नारी असुरक्षित हुई है। समाज में इस पाशविक प्रवृत्ति पर विजय पाने एवं नारी को मातृ शक्ति के रूप में प्रतिष्ठित करने का पावन अभियान उत्तर प्रदेश की सरकार ने शारदीय नवरात्र से प्रारंभ किया। नवरात्र पर्व को जन-जागरण का अभियान बनाने वाले इस पवित्र अभियान का महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ भी सहभागी बना। 'मिशन शक्ति' के अंतर्गत महाविद्यालय ने जिन कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन किया है उन कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण आप के समक्ष प्रस्तुत है।

### ऑनलाइन भाषण प्रतियोगिता

प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

19 अप्रैल को महाविद्यालय में मिशन शक्ति के अन्तर्गत "नारी सशक्तिकरण की आवश्यकता" विषय पर ऑनलाइन भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 39 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.एड. द्वितीय वर्ष की हर्षा गुप्ता को प्रथम स्थान, बी.एड. प्रथम वर्ष की ज्योति कुमारी को द्वितीय स्थान, बी.एड. प्रथम वर्ष की शालिनी मिश्रा को तृतीय स्थान और बी.एड. प्रथम वर्ष की पूजा राय को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में बी.एड. विभाग की प्रवक्ता श्रीमती पुष्पा निषाद, श्रीमती विभा सिंह एवं शैलेन्द्र सिंह रहे। संचालन सुश्री दीप्ती गुप्ता एवं संयोजन बी.एड. विभाग की प्रभारी श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया।

### ऑनलाइन पेंटिंग प्रतियोगिता

20 अप्रैल को महाविद्यालय में मिशन शक्ति के अन्तर्गत "नारी सशक्तिकरण" विषय पर ऑनलाइन पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 31 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता

## मिशन शक्ति

में बी.एड. द्वितीय वर्ष की ऐश्वर्या त्रिपाठी को प्रथम स्थान, बी.एड. प्रथम वर्ष की नीलम गुप्ता एवं नीतू मल्ल को संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान, बी.एड. द्वितीय वर्ष की सहाना अंसारी को तृतीय स्थान और बी.एड. प्रथम वर्ष की ममता कुमारी को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुभा श्रीवास्तव एवं संयोजन बी.एड. विभाग प्रभारी श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया।

पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

### भाषण प्रतियोगिता

26 अगस्त को बी.एड. विभाग द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत 'महिलाओं में उद्यमिता विकास' विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 41 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.एड. द्वितीय वर्ष की ज्योति कुमारी को प्रथम स्थान, बी.एड. द्वितीय वर्ष के नितेश कुमार को द्वितीय स्थान तथा बी.एड. द्वितीय वर्ष के ऋषभ सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में डॉ. विजय कुमार चौधरी, डॉ. आरती सिंह व डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव रहे। प्रतियोगिता का संचालन व संयोजन श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया।




प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते प्रतिभागी

### पोस्टर प्रतियोगिता

4 सितम्बर को मिशन शक्ति के अन्तर्गत "पोषण के प्रति जागरूकता" विषय पर एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 27 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.एड. द्वितीय वर्ष की नीलम गुप्ता को प्रथम स्थान, बी.एड. द्वितीय वर्ष के सूरज चौधरी एवं अनीता निषाद को संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा बी.एड. द्वितीय वर्ष की प्रियंका सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में हिन्दी विभाग की सहायक आचार्य डॉ. सुधा शुक्ला, बी.एड. विभाग की सहायक आचार्य डॉ. अनुभा श्रीवास्तव एवं वाणिज्य विभाग के सहायक आचार्य श्री चन्दन ठाकुर रहे। कार्यक्रम का संयोजन बी.एड. विभाग की सहायक आचार्य सुश्री दीप्ती गुप्ता ने किया।

पोस्टर प्रतियोगिता के विजित प्रतिभागी एवं निर्णायक मंडल सदस्य

## मिशन शक्ति

नारी सशक्तिकरण पर उद्बोधन देतीं महिला थाना की एस.ओ. श्रीमती अर्चना सिंह

### व्याख्यान एवं मुक्त परिचर्चा

11 सितम्बर को बी.एड. विभाग द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत 'नारी सशक्तिकरण' विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में महिला थाना गोरखपुर की एस.ओ. श्रीमती अर्चना सिंह ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुभा श्रीवास्तव ने तथा संयोजन सुश्री दीप्ति गुप्ता ने किया।

### एनी बेसेंट जयन्ती

1 अक्टूबर को प्रार्थना सभा में श्रीमती एनी बेसेंट की जयन्ती के अवसर पर 'मिशन शक्ति' के अन्तर्गत गृह विज्ञान की प्रभारी सुश्री शारदा रानी ने व्याख्यान प्रस्तुत कर महाविद्यालय परिवार की ओर से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धा-सुमन अर्पित करतीं सुश्री शारदा रानी

### शपथ ग्रहण समारोह

30 अक्टूबर को महाविद्यालय के बी.एड. विभाग द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सुश्री दीप्ति गुप्ता ने कार्यक्रम का संयोजन किया। कार्यक्रम में शपथ ग्रहण कराने का दायित्व श्रीमती शिप्रा सिंह ने पूर्ण किया। इस अवसर पर श्रीमती शिप्रा सिंह ने देश की अखण्डता और एकता के लिए आजीवन प्रयास करने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल को स्मरण करते हुए विद्यार्थी एवं शिक्षकों को देश की अखण्डता को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए अपील की

राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलातीं सुश्री दीप्ति गुप्ता

उन्नत भारत अभियान
UNNAT BHARAT ABHIYAN

## भारत सरकार की महत्वाकांक्षी एवं जनोपयोगी योजना

# उन्नत भारत अभियान

## विकसित भारत की ओर बढ़ते कदम ...

## उन्नत भारत अभियान एवं हमारा महाविद्यालय

उन्नत भारत अभियान भारत के ग्रामीण क्षेत्रों को समृद्ध करने हेतु शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा क्रियान्वित एक प्रमुख कार्यक्रम है। ग्रामीण क्षेत्रों को विकासोन्मुख और समृद्ध करने हेतु उच्च शिक्षण संस्थाओं को इस योजना से जोड़ा गया है, जिसका समन्वय आई.आई.टी. दिल्ली द्वारा किया जा रहा है। शिक्षा मंत्रालय, केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा संचालित सभी उच्च शिक्षण संस्थानों और उन्नत भारत अभियान योजना से संबद्ध संस्थानों के माध्यम से पिछड़े ग्राम पंचायतों को अपने संज्ञान में लेकर, उनके ग्राम और विशेषज्ञता का प्रयोग कर, ग्राम पंचायतों में होने वाली कमी और आने वाली सभी समस्याओं को दूर करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। एक ओर जहां नगरीय क्षेत्र शिक्षा, चिकित्सा, स्वच्छता एवं रोजगार आदि जैसी मूलभूत आवश्यकताओं से परिपूर्ण थे, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र इन मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे। अत: शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के मध्य इस अंतराल को समाप्त करने के लिए भारत सरकार ने उपरोक्त उद्देश्यों हेतु यह योजना लागू की। अपने-अपने क्षेत्र के सामाजिक-सांस्कृतिक परम्पराओं का संरक्षण एवं संवर्धन शिक्षण संस्थाओं का नैसर्गिक धर्म है। आर्थिक स्वावलंबन, जीवन जीने तथा किसी भी सामाजिक सांस्कृतिक विरासत को विकसित करते रहने की अनिवार्य शर्त है।

महाविद्यालय अपने स्थापना काल से ही अपने इस उत्तरदायित्व का निर्वहन अत्यंत संवेदनशीलता एवं सजगता के साथ करता आ रहा है। इस उत्तरदायित्व के अन्तर्गत महाविद्यालय का प्रत्येक विभाग परिसर के आस-पास स्थित गांवों में से किसी एक गांव को गोद लेकर वहां की मूलभूत आवश्यकता जैसे- शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, रोजगार, कौशल विकास, सरकारी योजनाओं से परिचय एवं उनके लाभ के प्रति जागरूक करना, महिला आत्मनिर्भरता इत्यादि स्तरों पर अपने दायित्व का निर्वहन करता आ रहा है। उन्नत भारत अभियान की सदस्यता ग्रहण करने के पश्चात महाविद्यालय के कुछ विभागों द्वारा अधिग्रहित गांवों का सर्वांगीण विकास करने के उद्देश्य से विशेष कार्य योजना बनाकर गांवों में व्यापक स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। इन प्रयासों में बी.एड्. विभाग द्वारा ग्राम मंझरियां, अंग्रेजी विभाग द्वारा ककरहियां, हिन्दी विभाग द्वारा बड़ी रेतवहियां, प्राचीन इतिहास विभाग द्वारा छोटी रेतवहियां तथा राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा हसनगंज गांव को गोद लिया गया है। उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत अधिग्रहित पांच गांवों की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक उन्नति हेतु अहर्निश प्रयत्न गोद लिए गांवों के विकासात्मक अभियान में मील का पत्थर साबित होगा, ऐसी हमें आशा एवं पूर्ण विश्वास है।

उपरोक्त गांवों को गोद लेने वाले विभागों ने निर्धारित कार्ययोजना के साथ गोद लिए गए गांवों को विकासोन्मुख करने का अपना कर्तव्य इस सत्र में प्रारंभ किया जिनमें से कुछ क्रियाकलापों की झलकियाँ आपके समक्ष प्रस्तुत हैं-

## उन्नत भारत अभियान एवं हमारा महाविद्यालय

### स्वच्छता एवं स्वास्थ्य

महाविद्यालय के स्थापना काल से ही स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश निरंतर गांवों में दिया जाता रहा है, चाहे वह सामान्य दौर रहा हो या वैश्विक महामारी कोविड–19 का समय। वैश्विक महामारी कोविड–19 जब अपने चरम पर थी, संपूर्ण विश्व के चिकित्सीय संसाधन विफल थे ऐसे में तत्कालीन समय में भी, बचाव के प्राप्त सुझाव, एवं संदेशों अर्थात् दो गज की दूरी, सैनिटाइजर का प्रयोग, हाथों को बार–बार धोना, मास्क का प्रयोग इत्यादि को गांव में पहुंचाया गया।

इसी क्रम में महाविद्यालय ने अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति एवं समाज सेवा की भावना का परिचय देते हुए महाविद्यालय की प्रयोगशाला में न सिर्फ डब्लू.एच.ओ. के मानक अनुसार सैनिटाइजर का निर्माण कराया अपितु विद्यार्थियों तथा शिक्षकों के सहयोग से बड़ी संख्या में मास्क निर्मित कराकर उन्हें गांवों में नि:शुल्क वितरित करवाया तथा वैक्सीन उपलब्ध होने पर वैक्सीन लगवाने हेतु लोगों को जागरूक करने के साथ–साथ महाविद्यालय में वैक्सीन शिविर का आयोजन भी किया गया।

प्रयोगशाला में सेनेटाइजर का निर्माण करते महाविद्यालय के कोरोना वॉरियर्स

मास्क का निर्माण करतीं सिलाई–कढ़ाई केन्द्र की प्रशिक्षु

स्वास्थ्य रक्षा, स्वच्छता के महत्व के प्रति समय–समच पर जन जागरूकता रैली तथा श्रमदान के माध्यम से ग्रामवासियों को जागरूक किया जाता है और इसी का परिणाम है कि गोद लिए गए पांचों गांव ककरहियां, हसनगंज, बड़ी रेतवहिया, छोटी रेतवहिया और मंझरिया खुलें में शौच मुक्त घोषित हो चुके हैं। समय–समय पर महाविद्यालय इन पांच गांवों में बाबा राघवदास मेडिकल कालेज, गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय तथा पी.एच.सी चरगावां के चिकित्सकों के सहयोग से स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी व्याख्यान तथा नि:शुल्क चिकित्सा सेवा शिविर का आयोजन कर ग्रामवासियों को नि:शुल्क दवा वितरित करता रहा है। ग्रामवासियों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए उन्हें स्वास्थ्य रक्षा एवं स्वस्थ्य जीवन हेतु महाविद्यालय सदैव प्रेरित करता रहता है। वैक्सीनेशन के उपरांत एक बार पुन: नि:शुल्क चिकित्सा

## उन्नत भारत अभियान एवं हमारा महाविद्यालय

शिविरों का आयोजन आरंभ किया गया।

**ग्राम मंझरिया में चिकित्सा शिविर**– 15 जनवरी को ग्राम मंझरियां में गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र मिश्र एवं उनकी टीम के सहयोग से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 194 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क दवा एवं परामर्श दिया गया।

ग्रामवासियों को दवा वितरित करते चिकित्सक

**ग्राम हसनगंज में चिकित्सा शिविर**– अधिग्रहित ग्राम हसनगंज 4 फरवरी को राष्ट्रीय सेवा योजना ने गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र मिश्रा एवं टीम के सहयोग से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामवासियों को शुगर, बी.पी., वजन आदि की जांच कर 170 रोगियों को नि:शुल्क दवा एवं चिकित्सीय परामर्श दिया गया।

ग्रामवासियों को दवा वितरित करते चिकित्सक

**ग्राम ककरहियां में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर**– 16 फरवरी को अंग्रेजी विभाग के अभिगृहित ग्राम ककरहियां में गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र कुमार मिश्र एवं सहयोगी मृत्युजंय यादव की मदद से नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 163 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क दवा का वितरण किया गया। शिविर आयोजन में विभाग के छात्र ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, रजनीश, नीलेश, आदर्श, आश्रिती, स्मिता, दिनेश राजभर, सुबोधकान्त यादव, अभिषेक साहनी, पंकज विश्वास, संजय निषाद, प्रदीप कन्नौजिया एवं वर्षा सहानी ने विशेष सहयोग किया।

स्वास्थ्य परीक्षण हेतु कतारबद्ध ग्रामवासी

## उन्नत भारत अभियान एवं हमारा महाविद्यालय

**ग्राम छोटी रेतवहियां में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर**– 17 फरवरी को प्राचीन इतिहास पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग द्वारा अभिगृहित ग्राम छोटी रेतवहियां में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र कुमार मिश्र एवं उनकी टीम द्वारा ग्रामवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं रोगियों को नि:शुल्क दवा व चिकित्सीय परामर्श उपलब्ध कराया गया। शिविर को सफल बनाने में छात्र दीपक, अभय राज वर्मा, विकास चौधरी, कमलेश सहानी ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। इस दौरान गांव के कुल 186 लोगों का स्वस्थ्य परीक्षण किया गया और 182 लोगों को नि:शुल्क औषधि वितरित किया गया।

ग्रामवासियों को दवा वितरित करते चिकित्सक

**ग्राम बड़ी रेतवहियां में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर**– 24 फरवरी ग्राम बड़ी रेतवहिया में हिन्दी विभाग द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र कुमार मिश्र उपस्थित रहे। स्वास्थ्य शिविर में ग्रामवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में डॉ. मिश्र द्वारा रोगियों को नि:शुल्क दवा तथा चिकित्सीय परामर्श उपलब्ध कराया गया। स्वास्थ्य शिविर में 180 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा नि:शुल्क दवा वितरित किया गया।

उपचार हेतु आयी ग्रामीण महिला

**कोविड-19 टीकाकरण शिविर**– 14 जनवरी को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं उन्नत भारत अभियान के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के सन्निकट एवं अधिग्रहीत गांव मंझरिया, हसनगंज,

टीकाकरण शिविर के दौरान टीका लगवाता ग्रामवासी

## उन्नत भारत अभियान एवं हमारा महाविद्यालय

छोटी रेतवहियां, बड़ी रेतवहियां, ककरहियां आदि के स्थानीय निवासियों में प्रतिरक्षण क्षमता विकसित करते हेतु तथा कोविड–19 के बचाव के लिए नि:शुल्क टीकाकरण शिविर का अयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चरगांवा के स्वास्थ्य पर्यवेक्षक श्री राकेश पाठक एवं उनके सहयोगी सुश्री श्वेता सिंह (ए.एन.एम.) एवं आशा कार्यकत्रियों के सहयोग से टीकाकरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## शिक्षा

ग्रामवासियों को शिक्षित करते मिशन मंझरिया के विद्यार्थी

महाविद्यालय अपनी महत्वाकांक्षी 'मन से मंझरिया' मिशन के तहत विगत वर्षों से निरन्तर शिक्षा की ज्ञान ज्योति से ग्रामवासियों के जीवन को प्रज्जवलित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस योजना के अन्तर्गत ग्राम मंझरियां में भीमराव अम्बेडकर, मां सीता, मां सरस्वती, वीर अभिमन्यु, मां कात्यायनी, रानी पद्मिनी, रानी लक्ष्मीबाई एवं स्वामी विवेकानन्द जैसे 8 शिक्षण केन्द्र बी.एड. द्वितीय वर्ष के माध्यम से संचालित कर ग्रामीण बच्चों एवं महिलाओं को शिक्षित कर रहा है। इस सत्र में विभिन्न शिक्षण केन्द्र पर शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थी एवं महिलाएं की संख्या अग्रलिखित है।

| शिक्षण केन्द्र | शिक्षण केन्द्र में अध्ययनरत महिलाओं एवं बच्चों की संख्या |
|---|---|
| रानी पद्मिनी शिक्षण केन्द्र | 45 |
| स्वामी विवेकानन्द शिक्षण केन्द्र | 53 |
| मां सरस्वती शिक्षण केन्द्र | 32 |
| भीमराव शिक्षण केन्द्र | 46 |
| वीर अभिमन्यु शिक्षण केन्द्र | 32 |
| रानी लक्ष्मी बाई | 30 |
| मां सीता शिक्षण केन्द्र | 32 |
| मां कात्यायनी शिक्षण केन्द्र | 28 |

## उन्नत भारत अभियान एवं हमारा महाविद्यालय

**भाषण प्रतियोगिता**– 23 नवम्बर को नये भारत की नई शिक्षा नीति विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 28 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें बी.एस–सी. भाग दो की कादम्बरी को प्रथम, बी.एस–सी. भाग दो की सुहानी सिंह को द्वितीय तथा बी.एस–सी. भाग दो की सुहानी सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता का संयोजन उन्नत भारत अभियान प्रभारी कविता मंध्यान ने किया। निर्णायक के रूप में डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव, श्री नन्दन शर्मा एवं डॉ. नेहा कौशिक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

## नारी–स्वावलम्बन

महाविद्यालय में स्थापित योगिराज बाबा गम्भीरनाथ नि:शुल्क सिलाई–कढ़ाई एवं पेंटिंग प्रशिक्षण केन्द्र के माध्यम से नारी–स्वावलम्बन की ओर 2011 में ही पहल कर दी गयी थी। नारी स्वावलम्बन की भावना को चरितार्थ करते हुए वर्ष भर ग्रामीण महिलाओं एवं बालिकाओं को सिलाई–कढ़ाई एवं पेंटिंग का प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षण पश्चात सर्वेश्रेष्ठ प्रशिक्षणार्थियों को सम्मानित, प्रेरित एवं उत्साहवर्धन किया जाता है। स्वरोजगार के प्रति प्रेरित करते हुए गांवों में एक अनूठी पहल प्रारम्भ की थी जो आज सफल भी हो रही है। जिसमें महिलाओं की रूचि जानकर उनके प्रशिक्षण का प्रबंध किया गया। उन्हें मिट्टी के दीयों को सजा विभिन्न प्रकार के बन्धनवार, पायादान, ऊनी मोजे व स्वेटर बुनने की कला को निखार कर उनके द्वारा निर्मित उत्पादों को मंच प्रदान किया गया। जिससे उनके उत्पादों का उचित मूल्य को प्राप्त हुआ साथ ही उनमें आत्मविश्वास जगाकर भविष्य में उनकी आय का मार्ग भी प्रशस्त हुआ। सरकार की मंशा हर–हाथ–रोजगार तथा 'वोकल फॉर लोकल' को भी बल देने का प्रयास किया गया।

एल.ई.डी. बल्ब बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त करतीं ग्रामीण महिलाएं

## उन्नत भारत अभियान एवं हमारा महाविद्यालय

**एल.ई.डी. ग्राम लाइट विषयक 06 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर** – इसी क्रम में महिलाओं में तकनीकी दक्षता को स्थापित करने एवं उनके संवर्धन हेतु एक अनूठी पहल करते हुए उन्नत भारत अभियान आशुतोष शिक्षा एवं सेवा संस्थान, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक के संयुक्त तत्वावधान में छः दिवसीय एल.ई.डी. ग्राम लाइट प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का तिथिवार संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत है :-

**उद्घाटन कार्यक्रम** – 06 दिसम्बर को महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में आशुतोष शिक्षा एवं सेवा संस्थान, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक एवं महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'एल.ई.डी. ग्राम लाइट' विषयक 06 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।

कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित मंचस्थ अतिथि

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में गोरखपुर के सांसद श्री रवि किशन शुक्ल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप गोरखपुर परिक्षेत्र की अग्रणी सामाजिक कार्यकत्री श्रीमती शीलम बाजपेयी, प्रशिक्षण कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक श्री विवेक सिंह, आशुतोष शिक्षा एवं सेवा संस्थान के सचिव श्री विनोद सिंह, सिडबी के प्रबन्धक श्री कुमार अभयचन्द के अलावा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाएँ, महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर के स्वयंसेवक/कैडेट उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र के पश्चात महाविद्यालय के छात्रावास योगिराज बाबा गम्भीनाथ सेवाश्रम में मुख्य प्रशिक्षक श्री विवेक सिंह द्वारा ग्राम ककरहियाँ, मंझरियाँ, हसनगंज, छोटी रेतवहियाँ एवं बड़ी रेतवहियाँ की 32 महिलाओं को एल.ई.डी. बल्ब एवं लड़ी बनाने का प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण प्राप्त करतीं ग्रामीण महिलाएं

उद्बोधन देते गोरखपुर सांसद मा. रवि किशन शुक्ल

## उन्नत भारत अभियान एवं हमारा महाविद्यालय

**प्रशिक्षण कार्यशाला का दूसरा दिन–** 07 दिसम्बर को महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर के उन्नत भारत अभियान एवं मिशन मंझरियाँ द्वारा चलाये जा रहा एल.ई.डी. ग्राम लाइट विषयक छः दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रशिक्षण प्राप्त कर रही प्रशिक्षुओं को एल.ई.डी. बल्ब के विभिन्न कल-पुर्जों को असेंबल करना सिखाया गया। मुख्य प्रशिक्षक श्री विवेक सिंह ने इस पूरे प्रशिक्षण सत्र को कार्यशाला की सफलता का मुख्य आधार बताया साथ ही ऐसी कार्यशालाओं को महिला स्वावलम्बन तथा स्वरोजगार की दिशा में महत्वूपर्ण कदम बताया।

प्रशिक्षण देते मुख्य प्रशिक्षक श्री विवेक सिंह एवं उपस्थित प्रशिक्षुगण

**प्रशिक्षण कार्यशाला का तीसरा दिन–** 08 दिसम्बर को आशुतोष शिक्षा एवं सेवा संस्थान, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक एवं महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर के संयुक्त तत्वावधान में उन्नत भारत अभियान योजना के अन्तर्गत महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में आयोजित 06 दिवसीय एल.ई.डी. ग्राम लाइट योजना विषय कार्यशाला के तीसरे दिन ग्राम मंझरियाँ छोटी रेतवहियाँ, ककरहियाँ, हसनगंज और बड़ी रेतवहिया कि 32 महिलाओं ने अंगूरा लाइट, झालर, झूमर निर्माण एवं पुराने खराब एल.ई.डी. बल्ब की मरम्मत सम्बन्धी प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षक श्री राम गोपाल सिंह एवं श्री अमित साहनी ने ग्रामीण महिलाओं का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में कार्यशाला के सह संयोजक श्री विनय कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण देते मुख्य प्रशिक्षक श्री विवेक सिंह एवं उपस्थित प्रशिक्षुगण

**प्रशिक्षण कार्यशाला का चौथा दिन–** 09 दिसम्बर को आशुतोष शिक्षा एवं सेवा संस्थान, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक एवं महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर के संयुक्त

एल.ई.डी. बल्ब से झालर बनाना सींखती ग्रामीण महिलाएं

## उन्नत भारत अभियान एवं हमारा महाविद्यालय

तत्वावधान में उन्नत भारत अभियान योजना के अन्तर्गत महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में आयोजित 06 दिवसीय एल.ई.डी. ग्राम लाइट योजना विषयक कार्यशाला के चौथे दिन ग्रामीण महिलाओं को कन्सील लाइट, एल.ई.डी. बल्ब, डोर बेल निर्माण एवं पुराने खराब एल.ई.डी. बल्ब की मरम्मत सम्बन्धी प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षक श्री राम गोपाल सिंह एवं श्री अमित साहनी ने महिलाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वावलम्बन के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस प्रशिक्षण कार्यशाला के सहसंयोजक श्री विनय कुमार सिंह ने सत्रन्त में दोनों प्रशिक्षकों का आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अनेक शिक्षक भी उपस्थित रहे।

**प्रशिक्षण कार्यशाला का पाँचवां दिन–** 10 दिसम्बर को आशुतोष शिक्षा एवं सेवा संस्थान, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक एवं महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर के संयुक्त तत्वावधान में उन्नत भारत अभियान योजना के अन्तर्गत महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में आयोजित 06 दिवसीय एल.ई.डी. ग्राम लाइट योजना विषयक कार्यशाला के पाँचवें दिन ग्रामीण महिलाओं को झूमर एवं ए.सी, डी.सी. बल्ब निर्माण सम्बन्धी प्रशिक्षण श्री राम गोपाल सिंह एवं श्री अमित साहनी द्वारा प्रदान किया। श्री विनय कुमार सिंह ने दोनों प्रशिक्षकों का आभार ज्ञापित किया।

सजावटी झूमर बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त करतीं ग्रामीण महिलाएं

**प्रशिक्षण कार्यशाला का समारोप कार्यक्रम–** 11 दिसम्बर को महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में आशुतोष शिक्षा एवं सेवा संस्थान, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) तथा महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एल.ई.डी. ग्राम लाइट विषयक 06 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती अंजू चौधरी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिष्ठित सामाजिक

उद्बोधन देतीं पूर्व महापौर श्रीमती अंजू चौधरी

## उन्नत भारत अभियान एवं हमारा महाविद्यालय

कार्यकर्ती श्रीमती शीलम बाजपेयी भी उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के माननीय सदस्य श्री चौधरी प्रमोद कुमार ने किया। समापन समारोह में कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक श्री विवेक सिंह, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक के प्रबन्धक श्री कुमार अभयचन्द तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव भी उपस्थित रहे। समारोप कार्यक्रम में 32 ग्रामीण महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया। इस अवसर पर कार्यशाला के सह संयोजक श्री विनय कुमार सिंह तथा महाविद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

एल.ई.डी. से बने उत्पादों की प्रदर्शनी

प्रमाण-पत्र के साथ प्रशिक्षण पूर्ण कर चुकीं महिलाएं

**कार्यशाला में महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गये इन गाँवों की महिलाओं ने पाया प्रशिक्षण**

6 दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यशाला द्वारा गोद लिए गये निम्न गांवो की महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

| | |
|---|---|
| **बड़ी रेतवहियां** | शान्ति देवी विश्वकर्मा, नीतू चौहान, शीला, कुमकुम देवी, संतोला देवी। |
| **छोटी रेतवहियां** | सरस्वती देवी, विद्यावती देवी, खुशबू निषाद, रूकमिणी, रीता देवी, कुंती देवी, राजमती, करिश्मा गुप्ता, गुड्डी देवी। |
| **मंझरियां** | गंगोत्री देवी, शांति देवी, गीता देवी, इशरावती देवी, गुजराती, उर्मिला देवी, आरती देवी, आरती देवी, आरती देवी, शीला देवी, प्रियंका देवी, सरोज देवी। |
| **ककरहियां** | ललिता देवी, चन्दा देवी, सुचिता साहनी, लीलावतर, मंजू |

## उन्नत भारत अभियान एवं हमारा महाविद्यालय

**किसान दिवस**– 23 दिसम्बर को हमारे अन्नदाता, भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ व भारत की समृद्धि के सूत्रधार किसानों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के उद्देश्य से भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की जयन्ती के उपलक्ष्य में आयोजित किसान दिवस के अवसर पर प्रार्थना सभा में समाज शास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जीवन एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय परिसर की ओर हार्दिक श्रद्धाजंलि अर्पित की।

उद्बोधन देते हुए डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय

**मतदान जागरूकता हेतु जनसम्पर्क** – 11 जनवरी को ग्राम ककहरियां एवं छोटी रेतवहिया में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को मतदान करने के लिए जागरूक करते हुए उन्हें मतदान का महत्व बताते हुए निष्पक्ष मतदान करने हेतु जनसम्पर्क किया। विद्यार्थियों ने उनसे राष्ट्रनिर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर देश के विकास हेतु सक्षम व्यक्ति के चयन में सहयोग की अपील की।

मतदान हेतु जागरूक करते महाविद्यालय के विद्यार्थी

## उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत भविष्य में महाविद्यालय की योजना

महाविद्यालय ने निकट भविष्य में उन्नत भारत अभियान में गोद लिए गांवों में महिला आत्मनिर्भरता एवं स्वरोजगार के बढ़ावा देने का निश्चय किया है। मातृशक्ति हमारे देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है और एक भारत श्रेष्ठ भारत जैसी परिकल्पना को साकार करने के लिए हमें इस सच को स्वीकार करना होगा। प्रत्येक क्षेत्र में नारी शक्ति की सहभागिता सुनिश्चित करनी होगी।

**अगरबत्ती प्लांट**– इस हेतु महाविद्यालय ने महिला–आत्मनिर्भरता उद्देश्य की पूर्ति के लिए ग्रामीण महिलाओं के रोजगार का मार्ग प्रशस्त करते हुए अगरबत्ती प्लांट के कार्य योजना बनाई है जिसमें महिलाओं को प्रशिक्षित करने के पश्चात उनसे अगरबत्ती निर्मित कराया जायेगा जिससे उनकी आय का मार्ग प्रशस्त होगा।

## उन्नत भारत अभियान एवं हमारा महाविद्यालय

क्रेडिट उद्योगों की स्थापना के लिए सरकारी योजनाओं से परिचित कराकर उन्हें लाभ देने में मदद करना महाविद्यालय के भविष्य में महत्वपूर्ण कदम होगें।

**जैविक खेती को बढ़ावा**– बाजार में जैविक उत्पादों की बढ़ती मांग को देखते हुए तथा किसानों की आय में बढ़ोत्तरी के उद्देश्य से कम लागत में उच्च गुणवत्तापूर्ण फसल प्राप्ति की ओर कदम बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।

**पशु पालन, डेयरी प्रबन्धन, मछली पालन**– महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र के विशेषज्ञ वैज्ञानिकों द्वारा परामर्श लेकर किसानों के आय में वृद्धि के लिए महाविद्यालय अगले सत्रों से कार्य करने की योजना पर

## उन्नत भारत अभियान एवं हमारा महाविद्यालय

गम्भीरतापूर्वक कार्य कर रहा है। विशेषज्ञों के सहयोग से गौ पालन, बकरी पालन, मछली पालन एवं अन्य अनेक लघु एवं मझोले उद्योगों को महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गाँवों में लागू करने की दिशा में कार्य करेगा।

**सरकारी योजनाओं की पूर्ण जानकारी देना** – ग्रामवासियों तक सभी सरकारी योजना तथा विज्ञान की जानकारी पहुँचाना तथा पात्रों को योजना का लाभ पाने में हो रही कठिनाईयों का निवारण कर उन तक योजनाओं को पहुंचाकर ग्रामोत्थाम में सहयोग कर वास्तव में उन्नत भारत बनाने में अपनी सहभागिता को सुनिश्चित करना।

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना उन्नत भारत अभियान को महाविद्यालय ने पूर्ण मनोयोग से वर्ष भर संचालित किया एवं अधिग्रहित ग्राम में मुख्यतः शिक्षा, स्वास्थ्य, सहयोग, स्वावलंबन और संवर्धन जैसे पंचसूत्र के माध्यम से मूर्त रूप प्रदान किया। महाविद्यालय अपने स्थापना काल से ही अपने आराध्य के समक्ष जीवन के इस उद्देश्य कि–

**वह शक्ति हमें दो दयानिधे, कर्तव्य मार्ग पर डट जाएं।**
**पर सेवा पर उपकार में हम, निज जीवन सफल बना जाएं।**

का निशदिन वंदन करते हुए अपने कर्तव्य पथ पर अद्यतन सतत रूप से अग्रसर है।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# आजादी के अमृत महोत्सव

एवं

राष्ट्रीय मानस में राष्ट्रवाद की प्रेरणा का संचार करने वाली

# चौरी चौरा घटना के शताब्दी वर्ष

**04 फरवरी 2021 से 04 फरवरी 2022 तक**

के अन्तर्गत आयोजित

## प्राचीन इतिहास, पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग तथा इतिहास विभाग

द्वारा आयोजित कार्यक्रम



## आजादी का अमृत महोत्सव एवं चौरी चौरा घटना का शताब्दी वर्ष

चौरी चौरा की घटना राष्ट्रीय फलक को प्रभावित करने वाली एक गौरवपूर्ण घटना थी। इस घटना ने राष्ट्रीय स्तर पर लोगों को भीतर से झकझोरा। वस्तुत: देखा जाए तो यह घटना मूलरूप से मदिरा और माँस के खुलेआम बिक्री का शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन मात्र था, किन्तु अंग्रेजों ने इस शांतिपूर्ण कार्यवाही के विरोध में बर्बरता का प्रदर्शन किया। चौरी चौरा के थाने के समक्ष प्रदर्शन का रहे निहत्थे प्रदर्शनकारियों पर पहले अंग्रेजों ने लाठीचार्ज किया फिर अंधाधुंध फायरिंग प्रारम्भ कर दी, जिससे अनेक निर्दोष लोग मौके पर ही शहीद हो गए। परिणामस्वरूप प्रदर्शनकारियों का शांतिपूर्ण आन्दोलन उग्र हो गया। उग्र हुई भीड़ ने पहले तो चौरी चौरा थाने पर पथराव किया, तदुपरान्त उग्र भीड़ ने थाने को घेरकर उसमें आग लगा दी। वाचिक परम्परा की मानें तो भीड़ का उद्देश्य न तो थाने को फूँकना था और न ही सुनियोजित हिंसा का प्रदर्शन करना ही था। भीड़ तो मात्र महात्मा गाँधी के असहयोग आन्दोलन का ही अनुसरण कर रही थी। इसी घटना के बाद गाँधी जी ने असहयोग आन्दोलन वापस ले लिया। अंग्रेजों ने प्रदर्शनकारियों की धर-पकड़ प्रारम्भ की। 172 लोगों को अंग्रेजों ने घटना का आरोपी बनाया और उन्हें फाँसी की सजा मुकर्रर की, किन्तु मालवीय जी के अथक प्रयासों के चलते सिर्फ 19 लोग ही फाँसी के तख्ते पर चढ़े, शेष उनकी कुशल कानूनी कार्य-कौशल से बच गए। फाँसी के तख्ते पर चढ़े वे 19 शहीद आज हमारे लिए नज़ीर से कम नहीं हैं। यह वर्ष चौरी चौरा घटना का शताब्दी वर्ष है। उत्तर प्रदेश सरकार ने 04 फरवरी 2021 से लेकर 04 फरवरी 2022 तक के कालखण्ड को चौरी चौरा शताब्दी वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। संयोग से इसी वर्ष भारत के स्वतंत्रता का 75वाँ वर्ष भी प्रारम्भ हो रहा है। पूरा देश हर्षोल्लास के साथ अपने आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वतंत्रता के इस 75वें वर्ष को आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है। इसी क्रम में महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज के प्राचीन इतिहास, पुरातत्त्व एवं संस्कृति विभाग तथा इतिहास विभाग ने 04 फरवरी 2021 से आगामी 04 फरवरी 2022 तक अपने-अपने विभाग में आयोजित होने वाले समस्त कार्यक्रमों को आजादी के अमृत महोत्सव एवं चौरी चौरा शताब्दी वर्ष के अन्तर्गत मनाने का फैसला कर देश के लिए अपना सर्वस्व लुटाने वाले अमर शहीदों के चरणों में अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने का प्रण लिया है। इस प्रण की कुछ झलकियाँ आप सभी के समझ द्रष्टव्य है-



ऑनलाइन व्याख्यान प्रस्तुत करतीं डॉ. भावना चौहान

### ऑनलाइन विशिष्ट व्याख्यान

13 अप्रैल को आजादी के अमृत महोत्सव एवं चौरीचौरा शताब्दी वर्ष के अन्तर्गत ऑनलाइन विशिष्ट

## आजादी का अमृत महोत्सव एवं चौरी चौरा घटना का शताब्दी वर्ष

व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सी.एम.पी. कॉलेज, प्रयागराज के प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. भावना चौहान ने 'जलियाँवाला बाग नरसंहार : एक ऐतिहासिक विश्लेषण' विषय पर अपना विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन प्राचीन इतिहास, पुरातत्त्व एवं संस्कृति विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुबोध कुमार मिश्र तथा अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. प्रदीप राव ने की।

### भारत विभाजन की पूर्व संध्या पर ऑनलाइन व्याख्यान

13 अगस्त को आजादी के अमृत महोत्सव एवं चौरी चौरा शताब्दी वर्ष के अन्तर्गत भारत विभाजन की पूर्व संध्या पर ऑनलाइन व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, गाजियाबाद के स्कूल ऑफ लॉ, जस्टिस एण्ड गवर्नेन्स विभाग के असिस्टेण्ट प्रोफेसर डॉ. अक्षय के. सिंह ने 'भारत : विभाजन की वेदना से विकास के पथ पर' विषय पर अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन प्राचीन इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुबोध कुमार मिश्र ने तथा अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के यूट्यूब चैनल एवं फेसबुक पेज पर भी इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया।



ऑनलाइन व्याख्यान देते डॉ. अक्षय के. सिंह तथा उपस्थित विद्यार्थी एवं शिक्षकजन

### विशिष्ट व्याख्यान

5 सितम्बर को आजादी के अमृत महोत्सव तथा चौरी-चौरा शताब्दी वर्ष के तत्वावधान में "समसामयिक सन्दर्भ में शिक्षक का आदर्श एवं व्यवहार" विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। विशिष्ट व्याख्यान के

ऑनलाइन व्याख्यान प्रस्तुत करते डॉ. राजशरण शाही एवं अध्यक्षता करते डॉ. प्रदीप कुमार राव

## आजादी का अमृत महोत्सव एवं चौरी चौरा घटना का शताब्दी वर्ष

मुख्य वक्ता भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग के वरिष्ठ आचार्य प्रो. राजशरण शाही ने अपना शोधपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन प्राचीन इतिहास, पुरातत्त्व एवं संस्कृति विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुबोध कुमार मिश्र ने तथा संयोजन बी.एड. विभाग की प्रभारी श्रीमती शिप्रा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप राव ने की।

### विशिष्ट व्याख्यान

उद्बोधन देते मुख्य वक्ता डॉ. श्रीराम यादव

22 सितम्बर को आजादी के अमृत महोत्सव एवं चौरी चौरा शताब्दी वर्ष के अन्तर्गत 'धर्म का सामाजिक जीवन पर प्रभाव' विषय पर समाजशास्त्र विभाग द्वारा विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बापू पी.जी. कालेज, पीपीगंज के समाजशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. श्रीराम यादव ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय एवं संचालन समाजशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य श्री बृजभूषण लाल ने किया।

### विशिष्ट व्याख्यान

व्याख्यान प्रस्तुत करते डॉ. संजय कुमार मिश्र

27 सितम्बर को इतिहास विभाग द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव एवं चौरी-चौरा शताब्दी वर्ष के अवसर पर "राजाराम मोहन राय का जीवन दर्शन" विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में डी.ए.वी. डिग्री कॉलेज के इतिहास विभाग के सहायक आचार्य डॉ. संजय कुमार मिश्र ने बतौर मुख्य वक्ता अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह एवं संयोजन तथा मंच संचालन इतिहास विभाग के सहायक आचार्य श्री जीतेन्द्र प्रजापति ने किया।

आजादी का अमृत महोत्सव एवं चौरी चौरा घटना का शताब्दी वर्ष

# आजादी के अमृत महोत्सव एवं चौरी-चौरा शताब्दी वर्ष

के अन्तर्गत

भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली

द्वारा प्रायोजित

भारतीय इतिहास संकलन समिति, गोरक्षप्रांत

तथा

गुरु श्रीगोरक्षनाथ शोध एवं अध्ययन केन्द्र

प्राचीन इतिहास, पुरातत्त्व एवं संस्कृति विभाग और इतिहास विभाग

महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर

द्वारा

## भारत का स्वातंत्र्य समर : गोरखपुर परिक्षेत्र के विशेष संदर्भ में

विषय पर आयोजित दो दिवसीय

## राष्ट्रीय संगोष्ठी

भाद्रपद कृष्ण द्वादशी एवं त्रयोदशी, युगाब्ध-5123, वि.सं. 2078

तद्नुसार 16 एवं 17 अक्टूबर, 2021 ई.

### उद्घाटन सत्र

16-17 अक्टूबर, 2021 को भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित, भारतीय इतिहास संकलन समिति, गोरक्ष प्रांत तथा गुरु श्रीगोरक्षनाथ शोध एवं अध्ययन केन्द्र, प्राचीन इतिहास, पुरातत्व एवं संस्कृति और इतिहास विभाग, महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ के संयुक्त

उद्घाटन समारोह में उपस्थित मंचस्थ अतिथि

## आजादी का अमृत महोत्सव एवं चौरी चौरा घटना का शताब्दी वर्ष

उद्बोधन देते विशिष्ट अतिथि श्री हर्षवर्धन शाही

बीज वक्तव्य प्रस्तुत करते प्रो. हिमांशु चतुर्वेदी

तत्वावधान में भारत का स्वातंत्र्य समय : गोरखपुर परिक्षेत्र के विशेष संदर्भ में विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन 16 अक्टूबर को हुआ जिसके मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय इतिहास संकलन समिति, नई दिल्ली के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. बालमुकुन्द पाण्डेय उपस्थित रहे। संगोष्ठी का बीज वक्तव्य दी.द.उ. गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के इतिहास विभाग के पूर्व अध्यक्ष एवं आचार्य प्रो. हिमांशु चतुर्वेदी ने प्रस्तुत किया। बतौर विशिष्ट अतिथि उ.प्र. के राज्य सूचना आयुक्त श्री हर्षवर्धन शाही भी समारोह में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. सदानन्द प्रसाद गुप्त ने की। इस अवसर पर सभी अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने तथा कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्राचीन इतिहास, पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुबोध कुमार मिश्र ने किया।

उद्बोधन देते मुख्य अतिथि डॉ. बालमुकुन्द पाण्डेय

अध्यक्षीय उद्बोधन देते कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. सदानन्द प्रसाद गुप्त

अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त करते प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव

## आजादी का अमृत महोत्सव एवं चौरी चौरा घटना का शताब्दी वर्ष

### प्रथम एवं द्वितीय संयुक्त तकनीकी सत्र

विषय विशेषज्ञ के रूप में उद्‌बोधन देते डॉ. राजेश नायक

उद्‌घाटन समारोह के तत्काल बाद प्रथम एवं द्वितीय तकनीकी सत्रों को एक साथ मिलाकर संयुक्त तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया। इस संयुक्त सत्र की अध्यक्षता दी.द.उ. गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के प्राणि विज्ञान विभाग के पूर्व अध्यक्ष एवं आचार्य प्रो. दिनेश कुमार सिंह ने की। सह अध्यक्ष के रूप में दी.उ.उ. गोरखपुर विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के आचार्य डॉ. मनोज तिवारी एवं प्राचीन इतिहास विभाग के आचार्य प्रो. कमलेश गौतम उपस्थित रहे। विषय विशेषज्ञ के रूप में जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा, बिहार के इतिहास विभाग के आचार्य डॉ. राजेश नायक तथा श्रीगणेशाय पी.जी. कालेज, डोभी, जौनपुर के इतिहास विभाग के सहायक आचार्य डॉ. प्रवीन कुमार त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। इस सत्र में डॉ. सुधाकर लाल श्रीवास्तव, डॉ. कन्हैया सिंह, डॉ. सर्वेश शुक्ल, डॉ. अभय कुमार सिंह,

अध्यक्षीय उद्‌बोधन देते सत्राध्यक्ष प्रो. दिनेश कुमार सिंह

तकनीकी सत्र के दौरान विचार व्यक्त करते प्रो. कमलेश गौतम

तकनीकी सत्र के दौरान विचार व्यक्त करते डॉ. मनोज तिवारी

शोध-पत्र प्रस्तुत करते करते डॉ. कन्हैया सिंह

## आजादी का अमृत महोत्सव एवं चौरी चौरा घटना का शताब्दी वर्ष

डॉ. शचीन्द्र मोहन, डॉ. रितेश्वर नाथ तिवारी, डॉ. अलका सिंह, डॉ. कामिनी सिंह, शोधार्थी सुश्री प्रज्ञा, सुश्री कंचन सहित 14 लोगों ने अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया। सत्र का संचालन डॉ. सुबोध कुमार मिश्र तथा प्रतिवेदन डॉ. विनोद कुमार ने किया। सत्र के अन्त के सत्राध्यक्ष प्रो. दिनेश कुमार सिंह ने पी.पी.टी. के माध्यम से अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत किया।

सत्र का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते डॉ. प्रवीण कुमार त्रिपाठी

### तृतीय तकनीकी

संगोष्ठी के दूसरे दिन अर्थात् 17 अक्टूबर को प्रात: 10 बजे तृतीय तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया। सत्र की अध्यक्षता सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर के हिन्दी विभाग के अध्यक्ष प्रो. हरीश शर्मा ने की। मुख्य वक्ता के रूप में मजीदुन्निशां गर्ल्स पी.जी. कालेज, मऊ के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार मिश्र एवं विषय विशेषज्ञ के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के प्रवक्ता डॉ. अजय कुमार सिंह ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। सत्र का संचालन डॉ. आशुतोष त्रिपाठी ने किया। इस सत्र में डॉ. सुबोध कुमार मिश्र, श्री जयगोपाल मधेशिया, डॉ. शत्रुजीत सिंह, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. प्रवीण त्रिपाठी, डॉ. ब्रजभूषण यादव सहित 09 लोगों ने अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। सत्र के अन्त में महाविद्यालय के वरिष्ठ आचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी नें सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

तकनीकी सत्र में मंचस्थ अतिथि एवं विषय विशेषज्ञ

अध्यक्षीय उद्‌बोधन देते सत्राध्यक्ष डॉ. हरीश शर्मा

विषय विशेषज्ञ के रूप में विचार व्यक्त करते डॉ. अजय मिश्र

## आजादी का अमृत महोत्सव एवं चौरी चौरा घटना का शताब्दी वर्ष

संगोष्ठी के तृतीय तकनीकी सत्र में शोध-पत्र प्रस्तुत करते डॉ. सुबोध कुमार मिश्र (बायें) एवं डॉ. अजय कुमार सिंह (दायें)

### समूह परिचर्चा सत्र

समूह परिचर्चा सत्र में उपस्थित विषय विशेषज्ञ, शोधार्थी एवं विद्यार्थी

तृतीय तकनीकी सत्र के उपरान्त एक मुक्त समूह परिचर्चा सत्र का आयोजन किया गया। इस मुक्त समूह परिचर्चा सत्र की अध्यक्षता जय प्रकाश विश्वविद्यालय छपरा विहार के इतिहास विभाग के आचार्य डॉ. राजेश नायक ने की। सह अध्यक्ष के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के इतिहास विभाग के आचार्य डॉ. मनोज तिवारी उपस्थित रहे। इस सत्र में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. सुधाकर लाल श्रीवास्तव, डॉ. ज्ञानप्रकाश मंगलम, डॉ. रितेश्वरनाथ त्रिपाठी, डॉ. प्रवीण त्रिपाठी, डॉ. अजय कुमार सिंह, डॉ. अम्बिका तिवारी आदि ने भी अपनी उपस्थिती दर्ज करायी। मुक्त परिचर्चा सत्र का विषय प्रवर्तन डॉ. राजेश नायक ने किया। विषय प्रवर्तन के उपरान्त एक-एक करके सभी विषय विशेषज्ञों ने अपनी-अपनी बात रखी। तत्पश्चात श्रोताओं और महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी जिज्ञासाएं एवं प्रश्न विषय विशेषज्ञों के सामने रखा जिसका उत्तर विषय विशेषज्ञों द्वारा दिया गया।

समूह परिचर्चा सत्र की अध्यक्षता करते डॉ. राजेश नायक

परिचर्चा में विषय विशेषज्ञों से प्रश्न पूछता महाविद्यालय का विद्यार्थी

## आजादी का अमृत महोत्सव एवं चौरी चौरा घटना का शताब्दी वर्ष

विशेष व्याख्यान प्रस्तुत करते प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल

### विशेष व्याख्यान कार्यक्रम

तृतीय सत्र के उपरान्त एक विशिष्ट व्याख्यान सत्र का आयोजन महाविद्यालय के श्रीराम सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में महात्मा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय वर्धा के कुलपति प्रो. रजनीज़ शुक्ल ने 'क्षेत्रीय इतिहास लेखन' विषय पर अपना सारगर्भित उद्‌बोधन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने तथा संचालन भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के मानद सदस्य प्रो. हिमांशु चतुर्वेदी ने की।

### समापन समारोह

विशिष्ट व्याख्यान सत्र के तुरन्त बाद दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन समारोह आयोजित किया गया। समापन समारोह की अध्यक्षता दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर राजवंत राव ने की। मुख्य अतिथि के रूप में महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय वर्धा के कुलपति प्रोफेसर रजनीश शुक्ल तथा मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय इतिहास संकलन समिति गोरक्षप्रांत के सचिव प्रो. दिग्विजयनाथ मौर्य एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर के हिन्दी विभाग के आचार्य डॉ. हरीश शर्मा भी उपस्थित रहे। इसी क्रम में दो दिनो तक चलने वाली इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का संपूर्ण प्रतिवेदन

मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट करते प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव

मुख्य अतिथि के रूप में अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत करते प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल

उद्‌बोधन देते प्रो. दिग्विजयनाथ मौर्य

## आजादी का अमृत महोत्सव एवं चौरी चौरा घटना का शताब्दी वर्ष

श्रीगणेश राय पी.जी. कालेज के इतिहास विकास के आचार्य डॉ. प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद के पोस्ट डाक्टोरल फेलो डॉ. सर्वेश शुक्ल ने किया जबकि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने समस्त अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापित किया।

समारोप सत्र में अध्यक्षीय उद्बोधन प्रस्तुत करते प्रो. राजवंत राव

### विशिष्ट व्याख्यान

30 नवम्बर को आजादी के अमृत महोत्सव एवं चौरी-चौरा शताब्दी वर्ष के अन्तर्गत समाजशास्त्र विभाग में 'भारत में स्तरीकरण का बदलता स्वरूप' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। आयोजित विशिष्ट व्याख्यान में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य श्री प्रकाश प्रियदर्शी ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय तथा संचालन श्री बृजभूषण लाल ने किया।

व्याख्यान प्रस्तुत करते डॉ. प्रकाश प्रियदर्शी

### व्याख्यान प्रतियोगिता

18 दिसम्बर को समाजशास्त्र विभाग द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव एवं चौरी-चौरा शताब्दी वर्ष के अन्तर्गत व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 24 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें बी.ए. द्वितीय वर्ष के अभिषेक यादव को प्रथम, बी.ए. द्वितीय वर्ष के ज्ञानेन्द्र पाण्डेय को द्वितीय, बी.ए. द्वितीय वर्ष को सौरभ कुमार को तृतीय तथा बी.ए. तृतीय वर्ष के दुर्गेश पाल और अंकिता चौधरी सांत्वना स्थान प्राप्त हुआ। निर्णायक मण्डल के रूप में समाजशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय एवं श्री बृजभूषण लाल ने सक्रिय सहभाग किया। कार्यक्रम का संयोजन श्री बृजभूषण लाल ने किया।

शोध व्याख्यान प्रतियोगिता में उपस्थित निर्णायक मंडल सदस्य

## आजादी का अमृत महोत्सव एवं चौरी चौरा घटना का शताब्दी वर्ष

### निबन्ध लेखन प्रतियोगिता

निबन्ध प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय के विद्यार्थी

30 दिसम्बर को आजादी के अमृत महोत्सव एवं चौरा-चौरा शताब्दी वर्ष के अन्तर्गत अंग्रेजी विभाग द्वारा ''इम्पारटेंस ऑफ वोटिंग इन इण्डिया'' विषय पर एक निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 62 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम वर्ष की महिमा यादव को प्रथम स्थान, बी.ए. प्रथम वर्ष के संगम कुमार को द्वितीय स्थान, बी.ए. प्रथम वर्ष के शीतल निषाद को तृतीय स्थान तथा बी.ए. प्रथम वर्ष के आशुतोष कुमार सिंह एवं बी.ए. द्वितीय वर्ष की प्रिया सिंह ने संयुक्त रूप से चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में डॉ. सत्येन्द्र नाथ शुक्ल, श्री रामचरित्र तथा श्रीनिवास सिंह रहे। विभाग प्रभारी श्रीमती कविता मंध्यान ने अन्त में निर्णायक मण्डल के प्रति आभार ज्ञापित किया।

### एक दिवसीय कार्यशाला

कार्यशाला में उपस्थित महाविद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी

30 दिसम्बर को महाविद्यालय में कम्प्यूटर साइंस विभाग के तत्वावधान में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव एवं चौरी चौरा शताब्दी वर्ष के अन्तर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 200 से अधिक विद्यार्थियों ने ऑनलाइन माध्यम से तथा 350 से अधिक विद्यार्थियों ने ऑफलाइन माध्यम से जुड़कर भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों के विषय में जानकारी प्राप्त की। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अधिकारी श्री राहुल कुमार ने विद्यार्थियों को सम्बोधित किया। कार्यशाला का संचालन एवं संयोजन कम्प्यूटर साइंस विभाग के प्रभारी श्री श्रीनिवास सिंह ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं, परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों के विषय में अपनी जिज्ञासा श्री राहुल कुमार के सामने रखी जिनका उन्होंने संतोषजनक उत्तर दिया।

महान स्वतंत्रता सेनानी

और भारत माता के सच्चे सपूत

# नेताजी सुभाष चन्द्र बोस

की 125वीं जयन्ती वर्ष

(23 जनवरी 2021 से 23 जनवरी 2022 तक)

के अन्तर्गत

## बी.एड्. विभाग

द्वारा आयोजित कार्यक्रम

## नेताजी सुभाष चन्द्र बोस

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नता थे। उनका जन्म 23 जनवरी 1897 को कटक (उड़ीसा) में हुआ था। वे एक भारतीय राष्ट्रवादी थे जिनकी देशभक्ति भारतीयों के दिलों में आज भी जिंदा है। नेताजी को 'आजाद हिंद फौज' के संस्थापक के रूप में तथा भारत के स्वतंत्रता संग्राम में कई योगदान के लिए जाना जाता है। यह वर्ष नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जन्म का 125वाँ वर्ष है। उनके जीवन के प्रेरणास्पद बिन्दुओं को युवाओं तक पहुँचाने के उद्देश्य से बी.एड्. विभाग ने सुभाष चन्द्र बोस के 125वें जयन्ती वर्ष में विविध आयोजन करने की योजना बनाई है। अत: 23 जनवरी 2021 से 23 जनवरी 2022 तक निर्धारित आयोजन की श्रृंखला के अब तक सम्पन्न कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत है :

### निबन्ध प्रतियोगिता

निबन्ध प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते प्रतिभागी

12 मार्च को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के 125वें जयन्ती वर्ष के अन्तर्गत बी.एड्. विभाग द्वारा 'भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की संघर्ष गाथा' विषयक निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी. एड्. प्रथम वर्ष के 61 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें अश्वनी कुमार गुप्ता ने प्रथम स्थान, मनीष साहनी ने द्वितीय स्थान तथा अविनेश मद्धेशिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में बी.एड्. विभाग की श्रीमती पुष्पा निषाद, श्रीमती साधना सिंह, श्रीमती विभा सिंह, सुश्री दीप्ती गुप्ता तथा डॉ. अनुभा श्रीवास्तव ने सक्रिय योगदान किया। प्रतियोगिता का संयोजन श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया।

### शैक्षिक देशाटन

शैक्षिक देशाटन में शामिल विभागीय शिक्षक एवं विद्यार्थी

20 मार्च को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के 125वीं जयन्ती वर्ष के अन्तर्गत बी.एड्. विभाग द्वारा एक शैक्षणिक देशाटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बी. एड्. विभाग के सभी अध्यापक तथा विद्यार्थी बौद्ध धर्म से जुड़ी हुई जानकारियों को एकत्रित करने के उद्देश्य से गौतम बुद्ध के महापरिनिर्वाण स्थल कुशीनगर की यात्रा की। इस शैक्षणिक देशाटन कार्यक्रम का संयोजन विभाग की सहायक आचार्य सुश्री दीप्ती गुप्ता ने किया।

### विशिष्ट व्याख्यान - बी.एड. विभाग

23 मार्च को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 125वीं जयन्ती वर्ष के अन्तर्गत बी.एड. विभाग के तत्वावधान में "लोकसंगीत में लोकगीत : लोककला एवं रंगमंच का अध्ययन" विषय पर एक दिवसीय

## नेताजी सुभाष चन्द्र बोस

विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में लोकप्रिय गायक एवं शिक्षाविद् डॉ. मिथिलेश तिवारी ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन बी.एड. द्वितीय वर्ष की छात्राध्यापिका हर्षा गुप्ता ने तथा अध्यक्षता बी.एड. विभाग की प्रभारी श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया।

व्याख्यान प्रस्तुत करती डॉ. मिथिलेश तिवारी

### पौधरोपण कार्यक्रम

7 जुलाई को बी.एड. विभाग द्वारा गोद लिये गये मंझरिया गाँव में कोविड-19 प्रोटोकाल का पूर्णत: पालन करते हुए बी.एड. एवं शिक्षाशास्त्र विभाग के तत्वावधान में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के 125वें जयन्ती वर्ष के अन्तर्गत वन महोत्सव सप्ताह मनाया गया। पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ बी.एड. विभाग प्रभारी श्रीमती शिप्रा सिंह द्वारा पाकड़ के पौधे को रोप कर किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत रुद्राक्ष, चन्दन, करी पत्ता, अनार, नीम आदि के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर बी.एड. विभाग की प्रवक्ता सुश्री दीप्ती गुप्ता, पुष्पा निषाद, शैलेन्द्र सिंह, विभा सिंह, साधना सिंह, अनुभा श्रीवास्तव तथा बी.एड. के छात्राध्यापक उपस्थित रहे।

पौधरोपण करते विभागीय शिक्षक एवं विद्यार्थी

### शोध व्याख्यान प्रतियोगिता

16 सितम्बर को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के 125वें जयन्ती वर्ष के अन्तर्गत बी.एड. विभाग द्वारा शोध व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 32 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें बी.एड. भाग दो की ज्योति कुमारी, वन्दना सिंह, विनोद यादव को क्रमश: प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन बी.एड. विभाग की प्रभारी श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया। निर्णायक के रूप में भूगोल विभाग के प्रवक्ता डॉ. अरविन्द मौर्य, बी.एड.

विजित प्रतिभागियों के साथ विभागीय शिक्षक

## नेताजी सुभाष चन्द्र बोस

विभाग की प्रवक्ता श्रीमती विभा सिंह एवं वाणिज्य विभाग के प्रवक्ता श्री चन्दन ठाकुर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### भाषण प्रतियोगिता

प्रतियोगिता में अपनी प्रस्तुति देता बी.एड. विभाग का छात्राध्यापक

22 अक्टूबर को बी.एड. विभाग द्वारा 'भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की संघर्ष गाथा' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 20 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.एड. द्वितीय वर्ष के विनोद यादव प्रथम, मनीष साहनी द्वितीय तथा कृष्णा जायसवाल एवं उमेश कुमार सिंह को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन श्रीमती पुष्पा निषाद ने किया। संचालन सुश्री दीप्ती गुप्ता ने किया तथा निर्णायक मण्डल सदस्य के रूप में श्रीमती कविता मन्ध्यान, श्री चन्दन ठाकुर एवं श्री अरविन्द कुमार मौर्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### पोस्टर प्रतियोगिता

प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागी एवं निर्णायक मण्डल सदस्य

22 अक्टूबर को शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा 'भारतीय स्वतंत्रता संग्राम' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.एड. प्रथम वर्ष की सुश्री निक्की शर्मा ने प्रथम, अंकिता निषाद ने द्वितीय एवं अभिजीत गौड़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्नातक स्तर पर बी.ए. भाग दो की सुश्री खुशबू प्रजापति ने प्रथम, श्री दिलीप कुमार ने द्वितीय एवं सुधा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल के रूप में डॉ. सुधा शुक्ला, डॉ. नन्दन शर्मा, सुश्री श्वेता, श्री सिद्धार्थ शुक्ल ने सक्रिय सहभाग किया। प्रतियोगिता का संयोजन श्रीमती पुष्पा निषाद ने किया।

प्रतियोगिता में अपना पक्ष रखती प्रतिभागी

### वाद-विवाद प्रतियोगिता

13 नवम्बर को बी.एड. विभाग द्वारा 'शिक्षा में औपचारिक-अनौपचारिक साधनों का महत्व' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 42 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.एड. द्वितीय वर्ष की ज्योति कुमारी को

## नेताजी सुभाष चन्द्र बोस

प्रथम, विनोद यादव को द्वितीय तथा अभिषेक कुमार यादव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। निर्णायक मण्डल सदस्य के रूप में अंग्रेजी विभाग की प्रभारी श्रीमती कविता मंध्यान, बी.एड. विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती विभा सिंह एवं वाणिज्य विभाग की सहायक आचार्य सुश्री श्वेता रही। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन बी.एड. विभाग की सहायक आचार्य डॉ. अनुभा श्रीवास्तव ने किया।

### पर्यावरण जागरूकता रैली

18 दिसम्बर को नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के 125वीं जयन्ती वर्ष के अन्तर्गत बी.एड. विभाग के तत्वावधान में पर्यावरण जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली महाविद्यालय परिसर से बी.एड. विभाग द्वारा गोद लिए गये गाँव मंझरिया तक गयी। छात्राध्यापकों द्वारा लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए स्लोगन तख्तियों, पोस्टर व बैनर के माध्यम से जानकारी दी गई। इस रैली में बी. एड. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के कुल 82 छात्राध्यापकों सहित विभाग के सभी शिक्षकों ने सहभाग किया।

जन जागरूकता रैली का नेतृत्व करतीं विभागी प्रभारी श्रीमती शिप्रा सिंह

### स्वच्छता जागरूकता रैली

20 दिसम्बर को महाविद्यालय में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 125वीं जयन्ती वर्ष के अन्तर्गत शिक्षाशास्त्र विभाग के द्वारा 'स्वच्छता जागरूकता रैली'' का आयोजन किया गया। यह रैली महाविद्यालय से प्रारम्भ होकर शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा गोद लिए ग्राम हसनगंज तक गयी। इस रैली का संयोजन बी.एड. विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती साधना सिंह ने किया। रैली में शिक्षाशास्त्र विषय के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के लगभग 50 विद्यार्थियों ने सहभाग किया तथा विभाग के सभी शिक्षक भी इस रैली में सम्मिलित हुए।

स्वच्छता जागरूकता रैली निकालते महाविद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी

### पेंटिंग प्रतियोगिता

06 जनवरी को बी.एड. विभाग द्वारा नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के 125वीं जयन्ती वर्ष के अन्तर्गत

प्रमाण–पत्र प्राप्त करते विजयी प्रतिभागी

## नेताजी सुभाष चन्द्र बोस

पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता का विषय 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' था। प्रतियोगिता में कुल 30 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.एड. प्रथम वर्ष की छात्राध्यापिका महिमा विश्वकर्मा ने प्रथम, बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा शिवान्या राव ने द्वितीय एवं बी.एड. प्रथम वर्ष के छात्राध्यापक आशुतोष त्रिपाठी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में श्रीमती साधना सिंह, श्री हरिकेश यादव एवं श्री विवेक गुप्ता रहे। प्रतियोगिता का संयोजन बी.एड. विभाग की सहायक आचार्य सुश्री दीप्ति गुप्ता ने किया।

### आनलाइन शोध व्याख्यान प्रतियोगिता

12 जनवरी को बी.एड. विभाग में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के 125वीं जयन्ती वर्ष के अन्तर्गत आनलाइन व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। व्याख्यान प्रतियोगिता का विषय 'युवा दिवस पर स्वामी विवेकानन्द के शैक्षिक निहितार्थ' रहा। प्रतियोगिता में कुल 14 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। व्याख्यान प्रतियोगिता में बी.एड. प्रथम वर्ष की अर्चना यादव ने प्रथम स्थान, बी.एड. प्रथम वर्ष के सत्यप्रकाश तिवारी ने द्वितीय स्थान एवं बी. एड. द्वितीय वर्ष की अनिता निषाद ने तृतीय स्थान ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में बी. एड. विभाग की सहायक आचार्य डॉ. अनुभा श्रीवास्तव, श्रीमती विभा सिंह एवं सुश्री दीप्ति गुप्ता रही। प्रतियोगिता की अध्यक्षता बी.एड. विभाग की प्रभारी श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया। आनलाइन प्रतियोगिता में कुल 64 लोग सम्मिलित हुए।



व्याख्यान प्रतियोगिता में उपस्थित विभागीय शिक्षक एवं प्रतिभागीगण

### आनलाइन भाषण प्रतियोगिता

19 जनवरी को महाविद्यालय के बी.एड. विभाग में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के 125वीं जयन्ती वर्ष के अन्तर्गत महाराणा प्रताप स्मृति दिवस के अवसर पर आनलाइन भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में कुल 14 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.एड. द्वितीय वर्ष के ऋषभ प्रताप सिंह को प्रथम स्थान, बी.एड. प्रथम वर्ष के

ऑनलाइन भाषण प्रतियोगिता में उपस्थित विभागीय शिक्षक एवं प्रतिभागीगण

## नेताजी सुभाष चन्द्र बोस

चक्रधार पाठक को द्वितीय स्थान एवं बी.एड. प्रथम वर्ष की अमृता सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल के सदस्य के रूप में बी.एड. विभाग की सहायक आचार्य डॉ. अनुभा श्रीवास्तव, श्रीमती साधना सिंह एवं सुश्री दीप्ति गुप्ता रहीं। प्रतियोगिता का संयोजन बी.एड. विभाग की सहायक आचार्य सुश्री दीप्ति गुप्ता ने किया।

### ऑनलाइन विशिष्ट व्याख्यान



व्याख्यान प्रस्तुत करते प्रो. तेज प्रताप सिंह

23 जनवरी को महाविद्यालय में 12 से 26 जनवरी 2022 तक चलने वाले भारत-भारती पखवाड़ा के अन्तर्गत ''भारत का स्वतंत्रता संग्राम और नेता जी सुभाष चन्द्र बोस'' विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के राजनीतिविज्ञान विभाग के आचार्य प्रो. तेज प्रताप सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन बी.एड्. विभाग की प्रभारी श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया। इस ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन जूम ऐप पर किया गया जहाँ महाविद्यालय के सभी शिक्षकों ने ऑनलाइन अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके अतिरिक्त व्याख्यान का प्रसारण महाविद्यालय के फेसबुक पेज एवं यू-ट्यूब चैनल पर भी किया गया जहाँ बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं सामान्य श्रोताओं ने व्याख्यान देखा एवं सुना।

### ऑनलाइन सांस्कृतिक कार्यक्रम



कार्यक्रम में प्रतिभाग करते विभागीय विद्यार्थी

23 जनवरी को महाविद्यालय में बी.एड्. विभाग द्वारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के 125वें जयन्ती वर्ष के समापन समारोह के अवसर पर ऑनलाइन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के पेंटिंग, पोस्टर, स्लोगन एवं भाषण के द्वारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को उनकी 125वीं जयन्ती के अवसर पर महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## नेताजी सुभाष चन्द्र बोस

राष्ट्रनायक, रत्नगर्भा माँ भारती के वीर सपूत

# नेताजी सुभाष चन्द्र बोस

के जीवन की कुछ दुर्लभ छवियाँ

महाविद्यालय के राष्ट्रवादी पहल की सुनहरी झलक

# भारत भारती पखवाड़ा

(12–26 जनवरी 2022)

## भारत भारती पखवाड़ा

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एवं परम्परा आधारित आधुनिक ज्ञान विज्ञान एवं कला की शिक्षा सांस्कृतिक क्रिया कलापों के माध्यम से देना भारत भारती पखवाड़ा का प्रमुख उद्देश्य है। महाविद्यालय द्वारा अपनी स्थापना वर्ष से ही संचालित यह प्रकल्प विद्यार्थियों को स्वदेश, स्वधर्म, स्वतंत्रता और स्वाभिमान के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर भोग्या वसुन्धरा भारत भूमि के अमर स्वतंत्रता सेनानी एवं महान सपूतों के पद चिन्हों पर चलने के लिए सतत् प्रेरणा देने वाला प्रकल्प है। प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी 12 जनवरी से लेकर 26 जनवरी तक चलने वाले इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार के शैक्षिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसकी कुछ झलकियाँ प्रस्तुत हैं :-

### आनलाइन विशिष्ट व्याख्यान

12 जनवरी को महाविद्यालय में 12 से 26 जनवरी तक चलने वाले भारत-भारती पखवारा के भव्य उद्घाटन अवसर पर 'स्वामी विवेकानन्द का जीवन दर्शन और युवा' विषय पर आनलाइन विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता डॉ. भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ के शिक्षाशास्त्र विभाग के आचार्य प्रो. राजशरण शाही ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन गृह विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य सुश्री शारदा रानी ने किया। आनलाइन कार्यक्रम का संयोजन कम्प्यूटर विभाग के प्रभारी श्री श्रीनिवास सिंह ने किया। यह आनलाइन विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम जूम एप पर सम्पन्न हुआ जहाँ पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त व्याख्यान का सीधा प्रसारण महाविद्यालय के यू-ट्यूब चैनल एवं फेसबुक पेज पर भी किया गया जहां बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं श्रोताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



व्याख्यान में उपस्थित महाविद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी

### आनलाइन हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता

13 जनवरी को महाविद्यालय में 12 से 26 जनवरी 2022 तक भारत-भारती पखवारा के अन्तर्गत



प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते प्रतिभागीगण

## भारत भारती पखवाड़ा

कोरोना काल में विकसित होती हुई शिक्षण प्रनिधि विषय पर आनलाइन हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 30 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल के रूप में हिन्दी विभाग की अध्यक्ष डॉ. आरती सिंह एवं सहायक आचार्य डॉ. सुधा शुक्ला ने सक्रिय सहभाग किया। प्रतियोगिता में बी.काम. द्वितीय वर्ष की रमा शुक्ला को प्रथम, बी.एड. द्वितीय वर्ष की बबिता गुप्ता को द्वितीय और पर बी.एड. द्वितीय वर्ष की रोशनी गुप्ता को तृतीय स्थान प्रदान किया गया। साथ ही बी.ए. प्रथम वर्ष की अर्चना यादव तथा बी.काम. द्वितीय वर्ष की प्रीति चौरसिया को संयुक्त रूप से सान्तवना पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता का संयोजक बी.एड. विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती विभा सिंह एवं वाणिज्य विभाग की सहायक आचार्य सुश्री श्वेता ने किया।

प्रतियोगिता में भाषण देती प्रतिभागी

### आनलाइन हिन्दी भाषण प्रतियोगिता

17 जनवरी को महाविद्यालय में 12 से 26 जनवरी 2022 तक चलने वाले भारत-भारती पखवारा के अन्तर्गत ''भारत के विकास में मील का पत्थर: डिजिटल इण्डिया'' विषय पर आनलाइन हिन्दी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 15 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.एड. द्वितीय वर्ष के ज्ञानेन्द्र पाण्डेय को प्रथम स्थान, बी.एड. द्वितीय वर्ष के ऋषभ सिंह को द्वितीय स्थान और बी.एड. प्रथम वर्ष की प्रीति को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। बी.ए. तृतीय वर्ष के आयुष शर्मा को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में समाजशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य श्री बृजभूषण लाल एवं बी.एड. विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती विभा सिंह रहीं। प्रतियोगिता का संयोजन समाजशास्त्र विभाग के प्रभारी डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय ने किया।

पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

### आनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता

18 जनवरी को महाविद्यालय में 12 से 26 जनवरी 2022 तक चलने वाले भारत-भारती पखवारा के अन्तर्गत ''जागरूक मतदाता- जागरूक समाज'' विषय पर एक आनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 32 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.एड.

## भारत भारती पखवाड़ा

द्वितीय वर्ष की नीलम गुप्ता को प्रथम स्थान, बी.एस-सी. तृतीय वर्ष की नेहा चौरसिया को द्वितीय स्थान तथा बी.एड. प्रथम वर्ष की महिमा विश्वकर्मा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल के रूप में वनस्पति विज्ञान विभाग अध्यक्ष डॉ. अभय श्रीवास्तव, रसायन विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. शिवकुमार बर्नवाल एवं अंग्रेजी विभाग की प्रभारी श्रीमती कविता मंध्यान रहीं। प्रतियोगिता का संयोजक रसायन विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती प्रियंका मिश्रा ने किया।

### बेस्ट आउट वेस्ट प्रतियोगिता

18 जनवरी को महाविद्यालय में 12 से 26 जनवरी 2022 तक चलने वाले भारत-भारती पखवारा के अन्तर्गत बेस्ट आउट वेस्ट विषय पर एक आनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 26 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में बी.एस-सी. तृतीय वर्ष की भावना जायसवाल को प्रथम स्थान, बी.एड. द्वितीय वर्ष की नीलम गुप्ता को द्वितीय स्थान, बी.ए. तृतीय वर्ष की रानी को तृतीय स्थान एवं संयुक्त रूप से एम.ए. द्वितीय वर्ष की अम्बिका सिंह तथा बी.ए. प्रथम वर्ष के विष्णु पटेल को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में बी.एड. विभाग की सहायक आचार्य डॉ. अनुभा श्रीवास्तव एवं सुश्री दीप्ति गुप्ता तथा गृहविज्ञान विभाग की सहायक आचार्य डॉ. नेहा कौशिक रहीं। प्रतियोगिता का संयोजन गृह विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य सुश्री शारदा रानी ने किया।



प्रतियोगिता में अपने हुनर का प्रदर्शन करते विद्यार्थी

### आनलाइन व्याख्यान

19 जनवरी को महाविद्यालय में 12 से 26 जनवरी तक चलने वाले भारत-भारती पखवारा के अन्तर्गत हिन्दूआ सूर्य महाराणा प्रताप पुण्यतिथि के अवसर पर एक आनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। आनलाइन व्याख्यान के मुख्य वक्ता के रूप में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली के भाषा, साहित्य एवं संस्कृति


ऑनलाइन व्याख्यान देते मुख्य प्रो. मज़हर आसिफ

## भारत भारती पखवाड़ा

अध्ययन संस्थान के आचार्य एवं संकाय अध्यक्ष प्रो. मजहर आसिफ रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी ने की। व्याख्यान कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन प्राचीन इतिहास, पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुबोध कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी जूम-एप पर आनलाइन माध्यम से व्याख्यान में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। व्याख्यान का सीधा प्रसारण महाविद्यालय के फेसबुक पेज एवं यू-ट्यूब चैनल पर भी किया गया जहां पर बड़ी संख्या मे श्रोता उपस्थित रहे।

### फूड विद्आउट फॉयर प्रतियोगिता

20 जनवरी को महाविद्यालय में 12 से 26 जनवरी 2022 तक चलने वाले भारत-भारती पखवाड़ा के अन्तर्गत फूड विद्आउट फॉयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 16 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता मे एम.काम. प्रथम वर्ष की सारिका पटेल एवं सर्वेश पाण्डेय को प्रथम स्थान, एम.ए. द्वितीय वर्ष की अम्बिका सिंह एवं बी.ए. तृतीय वर्ष की अंशिका सिंह को द्वितीय स्थान, एम.ए. द्वितीय वर्ष की गरिमा त्रिपाठी एवं शालू विश्वकर्मा को तृतीय स्थान तथा बी.ए. द्वितीय वर्ष की दिव्या गुप्ता को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में गृह विज्ञान विभाग प्रभारी श्रीमती शिप्रा सिंह, मध्यकालीन इतिहास विभाग के सहायक आचार्य श्री अभिषेक त्रिपाठी एवं गृह विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य सुश्री शारदा रानी उपस्थित रही। प्रतियोगिता का संयोजन गृह विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य सुश्री रीतिका त्रिपाठी ने किया।

प्रतियोगिता में विजेताओं का निर्णय करते निर्णायक मंडल के सदस्गण

ऑनलाइन सेमिनार में व्याख्यान प्रस्तुत करते डॉ. अभिषेक सिंह

### ऑनलाइन सेमिनार

20 जनवरी को महाविद्यालय में 12 से 26 जनवरी 2022 तक आयोजित भारत-भारती पखवाड़ा के अन्तर्गत भूगोल विभाग द्वारा ''पर्यावरणीय समस्याएं एवं भविष्य की चुनौतियाँ'' विषय पर महाविद्यालय स्तरीय ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में 15

## भारत भारती पखवाड़ा

मेंहदी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करतीं छात्राएं

विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। सेमिनार में बी.ए. तृतीय वर्ष के यशवंत चौहान को प्रथम स्थान, बी.ए. तृतीय वर्ष के राहुल यादव को द्वितीय स्थान एवं बी.ए. द्वितीय वर्ष के अंकित मण्डल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सेमिनार के निर्णायक के रूप में डॉ. अभिषेक सिंह सहायक अध्यापक, एम.जी.एम. इण्टर कॉलेज, ढिकौली बागपत, सह निर्णायक के रूप में भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार चौधरी एवं अरविंद मौर्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. शालू श्रीवास्तव के द्वारा किया गया।

### मेंहदी प्रतियोगिता

21 जनवरी को महाविद्यालय में 12 से 26 जनवरी 2022 तक चलने वाले भारत-भारती पखवाड़ा के अन्तर्गत मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 18 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम वर्ष की चाँदनी खातून को प्रथम, बी.ए. प्रथम वर्ष की प्रिया गुप्ता को द्वितीय तथा बी.एस-सी. तृतीय वर्ष की भावना जायसवाल को तृतीय स्थान तथा बी.ए. प्रथम वर्ष की ज्योति शर्मा एवं बी.एस-सी. प्रथम वर्ष की नेहा निषाद को संयुक्त रूप से सांत्वाना स्थान प्रताप हुआ। निर्णायक मण्डल के रूप में हिन्दी विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती साधना सिंह उपस्थित रहीं।

### गायन प्रतियोगिता

24 जनवरी को महाविद्यालय में 12 से 26 जनवरी 2022 तक चलने वाले भारत-भारती पखवाड़ा के अन्तर्गत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 25 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम वर्ष की सोनी विश्वकर्मा ने प्रथम, बी.एड. द्वितीय वर्ष के सत्यजीत वर्मा ने द्वितीय

प्रतियोगिता में अपने गायन कला का प्रदर्शन करते विद्यार्थी

## भारत भारती पखवाड़ा

तथा बी.ए. प्रथम वर्ष की सुमन विश्वकर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में इतिहास विभाग के सहायक आचार्य श्री अभिषेक त्रिपाठी, गृह विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य सुश्री शारदा रानी तथा बी.एड. विभाग की सहायक आचार्य सुश्री दीप्ति गुप्ता रहीं। प्रतियोगिता का संयोजन बी. एड. विभाग की सहायक आचार्य डॉ. अनुभा श्रीवास्तव ने किया।

### रंगोली प्रतियोगिता

25 जनवरी को महाविद्यालय में 12 से 26 जनवरी 2022 तक चलने वाले भारत भारती पखवाड़ा के अन्तर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 15 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में एम.ए. प्रथम वर्ष की रानी को प्रथम स्थान, बी.एड. प्रथम वर्ष की महिमा विश्वकर्मा को द्वितीय स्थान तथा बी.काम. तृतीय वर्ष की कीर्ति चौरसिया को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के निर्णायण मण्डल में बी.एड. विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती विभा सिंह, गृह विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य सुश्री रीतिका त्रिपाठी तथा बी.एड. विभाग की सहायक आचार्य सुश्री दीप्ति गुप्ता रहीं। प्रतियोगिता की संयोजक बी.एड. विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती साधना सिंह ने किया।

प्रतियोगिता में मनमोहक रंगोली बनाती छात्राएं

### 73वां गणतंत्र दिवस समारोह

26 जनवरी को महाविद्यालय में 73वें गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से उल्लासपूर्वक किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने इस अवसर पर ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने ऑनलाइन माध्यम से महाविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित किया।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण करते महाविद्यालय के प्राचार्य

## भारत भारती पखवाड़ा

ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन जूम एप पर किया गया जहां महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। साथ ही महाविद्यालय के फेसबुक पेज एवं यू-ट्यूब चैनल पर भी इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया जहां बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं श्रोताओं ने कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। कार्यक्रम का संचालन प्राचीन इतिहास पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुबोध कुमार मिश्र ने तथा कार्यक्रम का संयोजन गृह विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य सुश्री शारदा रानी ने किया।

गणतंत्र दिवस के अवसर उद्बोधन देते महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव

ध्वजारोहण कार्यक्रम में ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराते महाविद्यालय के शिक्षक



गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम का जूम एप पर सीधा प्रसारण

ऑनलाइन राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत में सम्मिलित होते महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी

बौद्धिक एवं शारीरिक प्रतिस्पर्धओं का सौहार्द युक्त सुनहरा क्षितिज

# महाविद्यालय का वार्षिक महोत्सव

(22–28 नवम्बर 2022)

## महाविद्यालय का वार्षिक महोत्सव

महाविद्यालय अपने विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान देकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री नहीं करता। महाविद्यालय का यह संकल्प है कि यहाँ से शिक्षा ग्रहण कर सामाजिक जीवन में जाने वाला प्रत्येक विद्यार्थी परम्परागत एवं आधुनिक ज्ञान के साथ-साथ संस्कृति और संस्कार का भी संवाहक बने। विद्यार्थी जहाँ और जिस क्षेत्र में भी जाए, वहाँ वह अपने नैतिक, चारित्रिक एवं बौद्धिक बल के दम पर अपनी एक अलग छाप छोड़ने में समर्थ हो। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों के शैक्षिक उन्नयन के साथ-साथ उनमें प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता के उत्तरोत्तर विकास हेतु महाविद्यालय प्रतिवर्ष नवम्बर माह में वार्षिकोत्सव का आयोजन करता है, जिसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की बौद्धिक एवं शारीरिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। इस वर्ष महाविद्यालय का वार्षिक उत्सव 22 नवम्बर से 28 नवम्बर तक सम्पन्न हुआ जिसकी कुछ झलकियाँ आप सभी के समक्ष प्रस्तुत हैं :-

### हिन्दी भाषण प्रतियोगिता

प्रतियोगिता में भाषण देता महाविद्यालय का विद्यार्थी

22 नवम्बर को महाविद्यालय के वार्षिक महोत्सव के अन्तर्गत हिन्दी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय 'स्वतन्त्रता के अमृत महोत्सव अभियान में प्रतिबिम्बित भावी भारत' रहा। प्रतियोगिता में कुल 35 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.एस-सी. तृतीय वर्ष के कुँवर अमन सिंह को प्रथम स्थान, बी.ए. द्वितीय वर्ष के ज्ञानेन्द्र पाण्डेय को द्वितीय स्थान तथा बी.काम. प्रथम वर्ष के सुधीर पाण्डेय को तृतीय स्थान तथा बी.ए. द्वितीय वर्ष के राहुल यादव व बी.एड्. द्वितीय वर्ष के ऋषभ सिंह को सान्त्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में डॉ. सत्येन्द्र नाथ शुक्ला, श्री नन्दन शर्मा व श्री अभिषेक त्रिपाठी रहे। प्रतियोगिता का संयोजन डॉ. आरती सिंह ने किया।

### हिन्दी आशु भाषण प्रतियोगिता

आशु भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करता प्रतिभागी

22 नवम्बर को महाविद्यालय के वार्षिक महोत्सव के अन्तर्गत हिन्दी आशु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 41 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय वर्ष के राहुल यादव को प्रथम स्थान, बी.एड्. द्वितीय वर्ष के ऋषभ सिंह व बी.ए. द्वितीय वर्ष के ज्ञानेन्द्र पाण्डेय को द्वितीय स्थान तथा बी.ए. द्वितीय वर्ष के अभिषेक प्रताप को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के

## महाविद्यालय का वार्षिक महोत्सव

निर्णायक मण्डल में डॉ. सत्येन्द्र नाथ शुक्ला, श्रीमती पुष्पा निषाद, सुश्री रितिका त्रिपाठी ने सक्रिय सहभाग किया। प्रतियोगिता का संयोजन डॉ. सुधा शुक्ला ने किया।

### अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता

23 नवम्बर को महाविद्यालय के वार्षिक महोत्सव के अन्तर्गत अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय 'न्यू एजूकेशन पॉलिसी रिफ्लेक्टेड इन न्यू इंडिया' रहा। प्रतियोगिता में कुल 39 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.एस-सी. द्वितीय वर्ष की कादम्बरी सिंह को प्रथम स्थान, बी.एस-सी द्वितीय वर्ष सुहानी सिंह को द्वितीय स्थान तथा बी.ए. प्रथम वर्ष की खुशबू चौहान को तृतीय स्थान तथा बी.ए. प्रथम वर्ष की कृति मिश्रा को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। निर्णायक मण्डल में श्री नन्दन शर्मा, डॉ. नेहा कौशिक तथा डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संयोजन श्रीमती कविता मंध्यान ने किया।

अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में निर्धारित विषय पर अपना विचार रखती प्रतिभागी

### संस्कृत भाषण प्रतियोगिता

23 नवंबर को महाविद्यालय के वार्षिक महोत्सव के अंतर्गत 'भारतीय जीवन मूल्यानि' विषय पर संस्कृत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 21 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें बी. कॉम. प्रथम वर्ष के सुधीर पाण्डेय को प्रथम, बी.ए. तृतीय वर्ष के दुर्गेश पाल को द्वितीय तथा बी.ए. प्रथम वर्ष के तारकेश्वर पाण्डेय को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के रूप में डॉ अभिषेक सिंह, डॉ. अमित त्रिपाठी तथा डॉ. सत्येंद्र नाथ शुक्ला रहे। प्रतियोगिता का संयोजन रमाकांत दुबे ने किया।

संस्कृत भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करता महाविद्यालय का छात्र

### हिन्दी निबंध प्रतियोगिता

25 नवंबर को महाविद्यालय के वार्षिक महोत्सव के अंतर्गत 'उत्तर प्रदेश : एक जिला एक उत्पाद

निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते प्रतिभागीगण

## महाविद्यालय का वार्षिक महोत्सव

योजना' विषय पर हिन्दी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 32 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.एड्. द्वितीय वर्ष की अनीता निषाद को प्रथम, बी.एड्. द्वितीय वर्ष की बबिता गुप्ता को द्वितीय तथा बी.एड्. द्वितीय वर्ष की रोशनी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के रूप में डॉ. आरती सिंह, डॉ. सुधा शुक्ला तथा डॉ. वेंकटरमन ने सक्रिय सहभाग किया। प्रतियोगिता का संयोजन समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय ने किया।

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता



सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय के विद्यार्थी

25 नवंबर को महाविद्यालय के वार्षिक महोत्सव के अंतर्गत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 113 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.एड्. प्रथम वर्ष की अनुश्री व बी.एड्. द्वितीय वर्ष के अभिषेक पासवान को प्रथम स्थान, बी. ए. द्वितीय वर्ष के ज्ञानेंद्र पाण्डेय को द्वितीय स्थान तथा बी.ए. तृतीय वर्ष के कमलेश कुमार, बी.ए. तृतीय वर्ष के दीपचंद प्रजापति तथा बी.एड्. द्वितीय वर्ष के तारकेश्वर कुमार गुप्ता को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. वेंकटरमन, श्री बृजभूषण लाल, श्री श्रीकांतमणि त्रिपाठी, सुश्री शारदा रानी तथा सुश्री रितिका त्रिपाठी ने सक्रिय सहभाग किया। प्रतियोगिता का संयोजन रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के प्रभारी डॉ. अभिषेक सिंह ने किया।

### योगासन प्रतियोगिता

योगासन प्रतियोगिता हेतु उपस्थित प्रतिभागीगण

25 नवंबर को महाविद्यालय के वार्षिक महोत्सव के अंतर्गत योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 80 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें बी.कॉम. प्रथम वर्ष के सुधीर पाण्डेय को प्रथम, बी.एस-सी. प्रथम वर्ष की अन्नपूर्णा दुबे को द्वितीय तथा बी.कॉम. प्रथम वर्ष की महिमा सिंह को तृतीय स्थान एवं बी.कॉम. तृतीय वर्ष के रोहित गौड़ व बी.कॉम. प्रथम वर्ष के राज को संयुक्त रूप से सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. सत्येंद्र नाथ शुक्ल तथा श्रीमती पुष्पा निषाद ने सक्रिय सभा किया। प्रतियोगिता का संयोजन वाणिज्य विभाग के सहायक आचार्य श्री सिद्धार्थ शुक्ला ने किया।

## महाविद्यालय का वार्षिक महोत्सव

### कंप्यूटर प्रश्न मंच प्रतियोगिता

कंप्यूटर प्रश्न मंच प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र/छात्राएं

26 नवंबर को महाविद्यालय के वार्षिक महोत्सव के अंतर्गत कंप्यूटर प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 62 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें बी.एस-सी तृतीय वर्ष के अभिषेक को प्रथम, बी.एस-सी. द्वितीय वर्ष के सत्यजीत कुमार को द्वितीय, बी.एस-सी. तृतीय वर्ष की सुहानी सिंह को तृतीय तथा बी.एस-सी. प्रथम वर्ष की नेहा सिंह को चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में श्री श्रीनिवास सिंह तथा श्री अभिषेक वर्मा ने अपना सक्रिय योगदान दिया। प्रतियोगिता का संयोजन कंप्यूटर साइंस विभाग के प्रभारी श्री श्रीनिवास सिंह ने किया।

### उदीयमान कवि सम्मेलन प्रतियोगिता

उदीयमान कवि सम्मेलन में स्वरचित कविता का पाठ करता प्रतिभागी

26 नवंबर को महाविद्यालय के वार्षिक महोत्सव के अंतर्गत उदीयमान कवि सम्मेलन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 49 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.एस-सी. तृतीय वर्ष के कुंवर शिवम सिंह को प्रथम स्थान, बी.ए. तृतीय वर्ष के दुर्गेश पाल को द्वितीय स्थान, बी.एस-सी. द्वितीय वर्ष की निधि तिवारी को तृतीय स्थान तथा बी.एड्. द्वितीय वर्ष के सूरज चौधरी और ऋषभ सिंह को संयुक्त रूप से सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. सत्येंद्र नाथ शुक्ल, श्री बृजभूषण लाल व दीप्ति गुप्ता ने अपना सक्रिय सहयोग दिया। प्रतियोगिता का संयोजन डॉ. आरती सिंह ने किया।

### गोरखवाणी प्रतियोगिता

गोरखवाणी प्रतियोगिता में गुरू गोरखनाथ के रचे सबदियों का सस्वर पाठ करती छात्रा

27 नवंबर को महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में महाविद्यालय के वार्षिक महोत्सव के अंतर्गत गोरखवाणी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 32 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें बी.एस-सी. तृतीय वर्ष के

## महाविद्यालय का वार्षिक महोत्सव

कुँवर शिवम सिंह को प्रथम, बी.एस-सी. तृतीय वर्ष के कुंवर अमन सिंह को द्वितीय तथा बी.एड्. द्वितीय वर्ष के सत्यजीत शर्मा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के रूप में डॉ. सत्येंद्र नाथ शुक्ल, श्री बृजभूषण लाल तथा डॉ. आरती सिंह ने सक्रिय सहभाग किया। प्रतियोगिता का संयोजन सुश्री दीप्ति गुप्ता ने किया।

प्रश्न मंच प्रतियोगिता में उपस्थित विद्यार्थी

### प्रश्न मंच प्रतियोगिता

27 नवंबर को महाविद्यालय के वार्षिक महोत्सव के अन्तर्गत प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 32 विद्यार्थियों (8 टीमों) ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.ए. तृतीय वर्ष के विकास चौधरी, बी.ए. तृतीय वर्ष के दीपचन्द प्रजापति, बी.ए. तृतीय वर्ष के राहुल यादव तथा बी.एस-सी. तृतीय वर्ष के पिन्टू कुमार की टीम को प्रथम स्थान, बी.ए. द्वितीय वर्ष के ज्ञानेन्द्र कुमार पाण्डेय, बी.ए. द्वितीय वर्ष के विशाल कुमार, बी.एस-सी. तृतीय वर्ष के कुँवर शिवम सिंह तथा बी.ए. द्वितीय वर्ष के दिलीप कुमार की टीम को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में डॉ. अभिषेक सिंह व डॉ. वेंकटरमन ने सक्रिय सहभाग किया। प्रतियोगिता का संयोजन डॉ. सुबोध कुमार मिश्र ने किया।

### वॉलीबाल प्रतियोगिता

28 नवंबर को महाविद्यालय के वार्षिक महोत्सव के अन्तर्गत वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 4 टीमों के प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में योगिराज बाबा गम्भीरनाथ सेवाश्रम टीम विजेता तथा महाराणा प्रताप महाविद्यालय टीम उपविजेता रही। इसी क्रम में बालिका वर्ग में रानी झलकारी बाई टीम विजेता तथा रानी लक्ष्मीबाई टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में डॉ. एस.एन. शुक्ला, श्री श्रीनिवास सिंह, श्री झब्बर शर्मा, डॉ. सुधा शुक्ला व सुश्री शारदा रानी रही। प्रतियोगिता का संयोजन डॉ. आरती सिंह ने किया।

वॉलीबाल में प्रतिभाग करती महाविद्यालय की बालिका टीम (बायें) एवं बालक टीम (दायें)

# महाविद्यालय के विभिन्न विभागों में आयोजित

## सप्तदिवसीय विशेष कार्यशालाएं

# महाविद्यालय में आयोजित सप्तदिवसीय कार्यशालाएं

विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम पढ़ाना हमारी बाध्यता है। ऐसा बहुत कुछ पाठ्यक्रम में सम्मिलित होता है जो पढ़ाने योग्य नहीं होता, और जो पढ़ाने योग्य होता है, वो पाठ्यक्रम में सम्मिलित नहीं होता। इन दुविधाओं का सामना करते हुए महाविद्यालय के विभाग विद्यार्थियों के हितों का ध्यान रखते हुए उन्हें विषयगत व्यवहारिक शिक्षा देने के उद्देश्य से समय-समय पर ज्ञानवर्द्धक कार्यशालाओं का आयोजन करते रहते हैं। वर्तमान सत्र में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा सप्तदिवसीय कार्यशालाओं का आयोजन किया गया, जिनका विभागवार विवरण आप सभी के समक्ष प्रस्तुत हैं :-

## हिन्दी विभाग

### सप्त दिवसीय कार्यशाला ( उद्घाटन कार्यक्रम )

25 अक्टूबर हिन्दी विभाग द्वारा 25 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले 'भाषा, वर्तनी, ध्वनियाँ एवं व्याकरण का उचित अनुप्रयोग' विषयक सप्त दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के आचार्य प्रो. अरविन्द त्रिपाठी ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के हिन्दी विभाग की अध्यक्ष डॉ. आरती सिंह ने किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. सुधा शुक्ला ने जबकि संचालन विभागीय विद्यार्थी श्री तारकेश्वर पाण्डेय ने किया।

मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट करती हिन्दी विभाग की अध्यक्ष डॉ. आरती सिंह

### कार्यशाला का दूसरा दिन

26 अक्टूबर को सप्तदिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन किसान पी.जी. कालेज, सेवरही कुशीनगर के पूर्व प्राचार्य एवं प्रख्यात साहित्यकार डॉ. वेदप्रकाश पाण्डेय ने कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले प्रशिक्षुओं को शब्दोच्चारण एवं वर्तनी सम्बन्धी बातों का प्रशिक्षण किया।

प्रशिक्षुओं को वर्तनी सम्बन्धी जानकारी देते डॉ. वेद प्रकाश पाण्डेय

## महाविद्यालय में आयोजित सप्तदिवसीय कार्यशालाएं

प्रशिक्षुओं को मात्रात्मक त्रुटियों के सम्बन्ध में जानकारी देते डॉ. वेद प्रकाश पाण्डेय

### कार्यशाला का तीसरा दिन

27 अक्टूबर को सप्तदिवसीय कार्यशाला के तीसरे दिन किसान पी.जी. कालेज, सेवरही, कुशीनगर के पूर्व प्राचार्य डॉ. वेदप्रकाश पाण्डेय ने कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले प्रशिक्षुओं को मात्रात्मक अनवधानता से बचने का तरीका बताते हुए उन्हें प्रशिक्षित किया।

भाषा पर व्याख्यान देते डॉ. वेद प्रकाश पाण्डेय

### कार्यशाला का चौथा दिन

28 अक्टूबर को सप्तदिवसीय कार्यशाला के तीसरे दिन किसान पी.जी. कालेज, सेवरही, कुशीनगर के पूर्व प्राचार्य डॉ. वेद प्रकाश पाण्डेय ने 'भाषा के विविध आयाम' विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। व्याख्यान की अध्यक्षता महाविद्यालय के हिन्दी विभाग की अध्यक्ष डॉ. आरती सिंह ने तथा संचालन हिन्दी विभाग की सहायक आचार्य डॉ. सुधा शुक्ला नें किया।

### कार्यशाला का पाँचवाँ दिन

29 अक्टूबर को सप्तदिवसीय कार्यशाला के पाँचवाँ दिन दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के पाठालोचन की विविध विधियों से परिचित कराया।

मुख्य अतिथि प्रो. आर.डी. राय को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए

व्याकरण सम्बंधी ज्ञान देते प्रो. आर.डी. राय

### कार्यशाला का छठवाँ दिन

30 अक्टूबर को सप्तदिवसीय कार्यशाला के छठवें दिन दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के सेवानिवृत्त आचार्य प्रो. रामदरश राय नें प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं को व्याकरण सम्बन्धी त्रुटियों से अवगत कराते हुए उनसे बचने के उपायों से परिचित कराया।

## महाविद्यालय में आयोजित सप्तदिवसीय कार्यशालाएं

### कार्यशाला साँतवाँ दिन ( समापन समारोह )

कार्यशाला के समापन अवसर पर व्याख्यान देते डॉ. आद्या प्रसाद द्विवेदी

31 अक्टूबर हिन्दी विभाग द्वारा 25 से 31 अक्टूबर तक 'भाषा, वर्तनी, ध्वनियाँ एवं व्याकरण का उचित अनुप्रयोग' विषयक सप्त दिवसीय कार्यशाला का समापन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सतीश चन्द्र पी.जी. कॉलेज, बलिया के हिन्दी विभाग के पूर्व आचार्य एवं अध्यक्ष डॉ. आद्या प्रसाद द्विवेदी ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के हिन्दी विभाग की अध्यक्ष डॉ. आरती सिंह नें सात दिनों तक चलने वाले इस कार्यशाला का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन विभाग की सहायक आचार्य डॉ. सुधा शुक्ला नें एवं संचालन विभागीय विद्यार्थी श्री ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने किया।

## अंग्रेजी विभाग

### ऑनलाइन सप्त दिवसीय कार्यशाला ( उद्घाटन समारोह )

कार्यशाला को सम्बोधित करतीं डॉ. शिखा मालवीय

07 फरवरी को अंग्रेजी विभाग द्वारा ''लिटरेरी क्रिटिसिजम'' विषय पर ऑनलाइन सप्त दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया। कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर श्री बृजबिहारी डिग्री कॉलेज, कौशिक कला, मथुरा के अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. शिखा मालवीय ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग के सभी विद्यार्थियों ने ऑनलाइन अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विभाग प्रभारी श्रीमती कविता मंध्यान ने मुख्य वक्ता का आभार ज्ञापन किया। कार्यशाला का संचालन विभाग की छात्र सुश्री प्रिया जायसवाल द्वारा किया गया।

उद्बोधन देते डॉ. मोहम्मद फैज

### कार्यशाला का दूसरा दिन

08 फरवरी को अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन ''मनोविश्लेषणात्मक साहित्यिक आलोचना'' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दूसरे दिन के मुख्य वक्ता के रूप में उपाध्याय महाविद्यालय, पीलीभीत के अंग्रेजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मोहम्मद फैज नें ऑनलाइन माध्यम द्वारा विद्यार्थियों को सम्बोधित किया। कार्यशाला के दूसरे दिन

## महाविद्यालय में आयोजित सप्तदिवसीय कार्यशालाएं

विभाग के सभी विद्यार्थी ऑनलाइन जुड़े। कार्यक्रम के अन्त में विभाग प्रभारी श्रीमती कविता मंध्यान ने मुख्य वक्ता का आभार ज्ञापन किया। कार्यशाला का संचालन विभाग की छात्र सुश्री प्रिया जायसवाल द्वारा किया गया।

### कार्यशाला का तीसरा दिन

09 फरवरी को अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय कार्यशाला के तीसरे दिन ''नारीवादी साहित्यिक आलोचना'' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के तीसरे दिन के मुख्य वक्ता के रूप में उपाध्याय महाविद्यालय, पीलीभीत के अंग्रेजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मोहम्मद फैज ने नारीवादी साहित्य की विशेषताओं सहित उसके आलोचनात्मक पक्ष से विद्यार्थियों को अवगत कराया। कार्यशाला के तीसरे दिन विभाग के सभी विद्यार्थी ऑनलाइन जुड़े। कार्यशाला के अन्त में विभाग प्रभारी कविता मंध्यान ने मुख्य वक्ता का आभार ज्ञापन किया। कार्यशाला का संचालन विभाग के छात्र देवल चित्रांश ने किया।

कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागी गण

न्यू क्रिटिसिज्म पर विचार व्यक्त करतीं डॉ. शिखा मालवीय

### कार्यशाला का चौथा दिन

10 फरवरी को अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय कार्यशाला के चौथे दिन ''न्यू क्रिटिसिज्म'' विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में श्री बृजबिहारी डिग्री कॉलेज, कौशी कला, मथुरा के अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. शिखा मालवीय ने अंग्रेजी पाठालोचन के विविध आयामों से विद्यार्थियों को परिचित कराया। कार्यशाला के अन्त में विभाग प्रभारी श्रीमती कविता मंध्यान ने मुख्य वक्ता का आभार ज्ञापन किया। कार्यशाला का संचालन विभाग के छात्र श्री दुर्गेश द्वारा किया गया।

### कार्यशाला का पाँचवा दिन

11 फरवरी को अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय कार्यशाला के अन्तर्गत पाँचवे दिन ''प्रेक्टिकल क्रिटिसिजम'' विषय पर व्याख्यान आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में श्री बृजबिहारी डिग्री कॉलेज, कौशी कला, मथुरा की अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. शिखा मालवीय नें उपरोक्त विषय से सम्बन्धित व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यशाला का संचालन विभाग के छात्र श्री दुर्गेश ने किया।

विद्यार्थियों को सम्बोधित करतीं डॉ. शिखा मालवीय

# महाविद्यालय में आयोजित सप्तदिवसीय कार्यशालाएं

## कार्यशाला का छठवाँ दिन

12 फरवरी को अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय कार्यशाला के छठे दिन ''जीवनी साहित्यिक आलोचना'' विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में उपाध्याय महाविद्यालय, पीलीभीत के अंग्रेजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मोहम्मद फैज ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यशाला के छठे दिन विभाग के सभी छात्र-छात्रा ऑनलाइन जुड़े। कार्यशाला के अन्त में विभाग प्रभारी श्रीमती कविता मंध्यान ने मुख्य वक्ता का आभार ज्ञापन किया। कार्यशाला का संचालन विभाग के छात्र श्री दुर्गेश ने किया।

कार्यशाला में उपस्थित विभागीय विद्यार्थी

## आनलाइन सप्त दिवसीय कार्यशाला का समापन समारोह

समापन अवसर पर सभी का आभार ज्ञापित करतीं श्रीमती कविता मंध्यान

13 फरवरी को अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय कार्यशाला के समापन अवसर पर ''शिकागो स्कूल ऑफ क्रिटिसिजम'' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में उपाध्याय महाविद्यालय, पीलीभीत के अंग्रेजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मोहम्मद फैज ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत कर पाठालोचन के विभिन्न आयोमों से विद्यार्थियों को परिचित कराया। इस अवसर पर विभाग के सभी विद्यार्थी ऑनलाइन जुड़े रहे। समापन अवसर पर कार्यशाला की संयोजक श्रीमती कविता मंध्यान ने सातों दिनों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा सभी विषय विशेषज्ञों का आभार व्यक्त किया।

# गृह विज्ञान

## उद्घाटन समारोह

1 सितम्बर से गृह विज्ञान विभाग द्वारा 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' के अन्तर्गत 01-07 सितम्बर तक सप्तदिवसीय कार्यशालाा का आयोजन किया गया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता बी.एड्. विभाग की प्रभारी श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया। उद्घाटन सत्र का संचालन गृह विज्ञान विभाग की प्रवक्ता सुश्री स्मिता दूबे ने किया। कार्यशाला का संयोजन सुश्री शारदा रानी ने किया।

कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर मंचस्थ अतिथि

## महाविद्यालय में आयोजित सप्तदिवसीय कार्यशालाएं

### फोर्टिफाइड फूड प्रतियोगिता

विद्यार्थियों को सम्बोधित करते डॉ. विजय कुमार चौधरी

2 सितम्बर को गृह विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित सप्तदिवसीय कार्यशाला के अंतर्गत "फोर्टिफाइड फूड प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 22 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिव्या गुप्ता (बी.ए. द्वितीय वर्ष), द्वितीय स्थान शान्ति मौर्या (बी.ए. तृतीय वर्ष) एवं तृतीय स्थान अंजली तिवारी (बी.ए. द्वितीय वर्ष) तथा सांत्वना पुरस्कार खुशबू निषाद (बी.ए. तृतीय वर्ष) एवं शालू सिंह (एम.ए. द्वितीय वर्ष) ने प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में महाविद्यालय के भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार चौधरी, प्राचीन इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुबोध कुमार मिश्र तथा रक्षा अध्ययन विभाग के प्रभारी डॉ. अभिषेक सिंह रहे। प्रतियोगिता का संचालन डॉ. नेहा कौशिक ने तथा संयोजन डॉ. सांत्वना श्रीवास्तव ने किया।

### विशिष्ट व्याख्यान

मुख्य वक्ता को स्मृति चिह्न भेंट करतीं श्रीमती शिप्रा सिंह

3 सितम्बर को गृह विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय कार्यशाला के अंतर्गत "कुपोषण मुक्त भारत" विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। विशिष्ट व्याख्यान की मुख्य वक्ता के रूप में गंगोत्री देवी महिला महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्चना तिवारी ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन गृह विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य सुश्री रीतिका त्रिपाठी ने किया।

### विशिष्ट व्याख्यान

मुख्य वक्ता को स्मृति चिह्न भेंट करतीं सुश्री स्मिता दूबे

4 सितम्बर को गृह विज्ञान विभाग के तत्वावधान में सप्तदिवसीय कार्यशाला के अंतर्गत "एनीमिया मुक्त भारत" विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। विशिष्ट व्याख्यान की मुख्य वक्ता सरस्वती विद्या मन्दिर महाविद्यालय की गृह विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ. कनक मिश्र ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री रीतिका त्रिपाठी ने तथा

## महाविद्यालय में आयोजित सप्तदिवसीय कार्यशालाएं

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया। कार्यक्रम का संयोजन सुश्री स्मिता दूबे ने किया।

### भाषण प्रतियोगिता

6 सितम्बर को गृहविज्ञान विभाग द्वारा सप्तदिवसीय कार्यशला के अन्तर्गत "राष्ट्रीय औषधीय उद्यान कार्यक्रम" विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 20 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंकिता दूबे (बी.ए. द्वितीय वर्ष), द्वितीय स्थान दिव्या गुप्ता (बी.ए. द्वितीय वर्ष) एवं तृतीय स्थान कृति गौड़ (बी.ए. तृतीय वर्ष) ने प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में गृह विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य सुश्री शारदा रानी, सुश्री रीतिका त्रिपाठी व सुश्री स्मिता दूबे रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नेहा कौशिक ने एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती शिप्रा सिंह ने की।

औषधीय पौधों के विषय में व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करते प्रशिक्षु

कार्यशाला में अपना विचार व्यक्त करतीं प्रशिक्षु

### समापन समारोह

7 सितम्बर को गृह विज्ञान विभाग द्वारा सप्तदिवसीय कार्यशाला समापन समारोह के अन्तर्गत "सही पोषण देश रोशन" विषय पर कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 22 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निशा विश्वकर्मा (बी.ए. द्वितीय वर्ष), द्वितीय स्थान अम्बिका सिंह (एम.ए. द्वितीय वर्ष) एवं तृतीय स्थान कृति गौड़ (बी.ए. तृतीय वर्ष) तथा सांत्वना पुरस्कार पिंकी सिंह (बी.ए. तृतीय वर्ष) ने प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में हिन्दी विभाग की अध्यक्ष डॉ. आरती सिंह, भूगोल विभाग की सहायक आचार्य डॉ. नीलम गुप्ता तथा गृहविज्ञान विभाग की सहायक आचार्य डॉ. नेहा

कार्यशाला के समापन अवसर पर उपस्थित मंचस्थ अतिथि एवं अपना अनुभव व्यक्त करते प्रशिक्षुगण

## महाविद्यालय में आयोजित सप्तदिवसीय कार्यशालाएं

कौशिक रहीं। कार्यक्रम का संचालन सुश्री शारदा रानी ने किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. सांत्वना श्रीवास्तव ने तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती शिप्रा सिंह ने की।

### रक्षा अध्ययन

### आपदा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबन्धन पाठ्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित सप्तदिवसीय कार्यशाला (उद्घाटन कार्यक्रम)

कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर उद्बोधन देते श्री गौतम गुप्ता

27 दिसम्बर को रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग एवं एन.सी.सी. के संयुक्त तत्वावधान में संचालित आपदा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबन्धन प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रम के अन्तर्गत सप्तदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला आपदा विशेषज्ञ श्री गौतम गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक के रूप में श्री नीतीश शुक्ला ने आपदाओं से निपटने के कुछ गुण बताए। कार्यक्रम में उपस्थित दोनों अतिथियों का आभार कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के उप–प्राचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी ने किया। कार्यक्रम का संचालन रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के सहायक आचार्य व एन.सी.सी. प्रभारी श्री रमाकान्त दूबे ने किया। कार्यक्रम में एन.सी.सी. कैडेट्स के साथ–साथ आपदा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबन्धन प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रम में पंजीकृत सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यशाला में उपस्थित आपदामोचक दल के सदस्य एवं प्रशिक्षु

### कार्यशाला का दूसरा दिन

28 दिसम्बर को रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग एवं एन.सी.सी. के संयुक्त तत्वावधान में संचालित आपदा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबन्धन प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित सप्तदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के दूसरे दिन मुख्य प्रशिक्षक श्री अश्विनी कुमार वर्मा ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया तथा श्री उमेश निषाद, रवि कुमार यादव, आशुतोष मिश्रा, विजयपाल यादव, आदेश कुमार आदि की टीम ने प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का संचालन एन.सी.सी. प्रभारी श्री रमाकान्त दूबे ने किया। रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के प्रभारी डॉ. अभिषेक सिंह ने सभी प्रशिक्षकों का आभार ज्ञापन किया।

## महाविद्यालय में आयोजित सप्तदिवसीय कार्यशालाएं

### कार्यशाला का तीसरा दिन

आपदाओं से बचने का प्रशिक्षण प्राप्त करते प्रशिक्षुगण

29 दिसम्बर को रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग एवं एन.सी.सी के संयुक्त तत्वावधान में संचालित आपदा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबन्धन पाठ्यक्रम के अन्तर्गत सप्त दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के तीसरे दिन राष्ट्रीय आपदा मोचक दल ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की आपदाओं में स्वयं को बचाने तथा दूसरों को बचाने तथा प्राथमिक उपचार कैसे दे आदि का प्रशिक्षण प्रदान किया। यह पूरा प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य आपदा प्राधिकरण के प्रशिक्षक श्री अश्विनी कुमार वर्मा के नेतृत्व में संचालित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एन.सी.सी. प्रभारी श्री रमाकान्त दूबे ने किया तथा आभार ज्ञापन डॉ. अभिषेक सिंह ने किया।



आपदाओं से निपटने के गुर सिखाते आपदा मोचक दल के सदस्य श्री अश्विनी वर्मा

### कार्यशाला का चौथा दिन

30 दिसम्बर को रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग एवं एन.सी.सी. के संयुक्त तत्वावधान में संचालित आपदा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबन्धन पाठ्यक्रम के अन्तर्गत सप्त दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के चौथे दिन राष्ट्रीय आपदा मोचक दल के प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को किसी भी आपदा के समय धन-जन की क्षति को कम से कम करने के लिए आवश्यक उपाय सिखाये। प्रशिक्षकों की टीम का नेतृत्व एस.डी.आर.एफ. के प्रशिक्षक श्री अश्विनी वर्मा ने किया।

### कार्यशाला का पाँचवां दिन

गैस सिलेण्डर में लगी आग पर काबू पाने का गुर सिखती प्रशिक्षु

31 दिसम्बर को रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग एवं एन.सी.सी. के संयुक्त तत्वावधान में संचालित आपदा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबन्धन पाठ्यक्रम के अन्तर्गत सप्त दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के पाँचवे दिन पुलिस विभाग के अग्निशमन दल ने विद्यार्थियों को आग बुझाने के विभिन्न तरीकों का प्रशिक्षण प्रदान किया। अग्निशमन दल का नेतृत्व विन्ध्यवासिनी सिंह ने

## महाविद्यालय में आयोजित सप्तदिवसीय कार्यशालाएं

किया। इनके सहयोगी के रूप में राम प्रताप भारती, हैदर अली और उमेश निषाद ने अपनी भूमिका का निर्वहन किया। यह प्रशिक्षण कार्य एन.सी.सी. प्रभारी श्री रमाकान्त दूबे के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षकों का आभार ज्ञापन डॉ. अभिषेक सिंह ने किया।

### कार्यशाला का छठवां दिन

01 जनवरी को रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग एवं एन.सी.सी. के संयुक्त तत्वावधान में संचालित आपदा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबन्धन पाठ्यक्रम के अन्तर्गत सप्त दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के छठवें दिन राष्ट्रीय आपदा मोचक दल के प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को किसी भी आपदा के समय धन–जन की क्षति को कम करने के लिए आवश्यक उपायों का प्रशिक्षण दिया गया।

सी.पी.आर. की विधि सिखाते प्रशिक्षकगण

कार्यक्रम मे एन.डी.आर.एफ. के इंसपेक्टर श्री डी.पी. चन्द्रा ने प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम एन.सी.सी. प्रभारी श्री रमाकान्त दूबे के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। डॉ. अभिषेक सिंह ने सभी प्रशिक्षकों के प्रति आभार ज्ञापित किया।

### आपदा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबन्धन पाठ्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित सप्तदिवसीय कार्यशाला (समापन समारोह)

02 जनवरी को रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग एवं एन.सी.सी. के संयुक्त तत्वावधान में संचालित आपदा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबन्धन पाठ्यक्रम के अन्तर्गत सप्तदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के

कार्यशाला के समापन अवसर पर उपस्थित अतिथि, प्रशिक्षक एवं महाविद्यालय के प्राचार्य

## महाविद्यालय में आयोजित सप्तदिवसीय कार्यशालाएं

कार्यशाला को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि

समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़गवासला के पूर्व आचार्य डॉ. राजेन्द्र भारती ने की। मुख्य अतिथि के रूप में गोरखपुर के अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री राजेश सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में 11वीं वाहिनी एन.डी.आर.एफ. के डिप्टी कमाण्डर श्री पी.एल. शर्मा, प्रशिक्षण कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक एवं गोरखपुर के जिला आपदा विशेषज्ञ श्री गौतम गुप्ता जी उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने सभी अतिथियों का आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन एन.सी.सी. प्रभारी श्री रमाकान्त दूबे ने किया। रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के प्रभारी डॉ. अभिषेक सिंह ने इस कार्यक्रम के आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी का धन्यवाद किया।

मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट करते महाविद्यालय के प्राचार्य

अध्यक्षीय उद्बोधन देते डॉ. राजेन्द्र भारती

समापन अवसर पर उपस्थित महाविद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी

समापन अवसर पर उपस्थित कार्यशाला के प्रशिक्षुगण

# महाविद्यालय के बढ़ते मूल्यपरक अकादमिक विकास की नींव का पत्थर

महाविद्यालय का

## आन्तरिक गुणवत्ता एवं सुनिश्चयन प्रकोष्ठ

## आन्तरिक गुणवत्ता एवं सुनिश्यचन प्रकोष्ठ (IQAC)

आन्तरिक गुणवत्ता एवं सुनिश्चयन प्रकोष्ठ महाविद्यालय के शैक्षणिक प्रशासन, नवाचार एवं अकादमिक गतिविधियों का मेरूदण्ड है। महाविद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता, पठन-पाठन के विविध आयाम, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं अन्य क्रिया कलापों का नियामन इसी के दिशा निर्देशन में किया जाता है। आन्तरिक गुणवत्ता एवं सुनिश्चयन प्रकोष्ठ के माध्यम से महाविद्यालय सन् 2015 ई. में नैक मूल्यांकन कराकर श्रेणी 'बी' प्रत्यायित हो चुका है। वैश्विक महामारी कोरोना के कारण विगत सत्र में महाविद्यालय नैक द्वारा पुनः मूल्यांकन नहीं करवा पाया परन्तु महाविद्यालय की यह टीम इस हेतु पूर्णतः तैयार है। आन्तरिक गुणवत्ता एवं सुनिश्चयन प्रकोष्ठ के दिशा-निर्देशन में इस सत्र में होने वाले कुछ कार्यक्रमों झलकियाँ प्रस्तुत हैं :-

### प्राचार्य-शिक्षक बैठक

बैठक में उपस्थित प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकगण

15 अगस्त को महाविद्यालय के आन्तरिक गुणवत्ता एवं सुनिश्चयन प्रकोष्ठ के अन्तर्गत त्रैमासिक प्राचार्य-शिक्षक समीक्षा बैठक का आयोजन सयाजी राव वाचनालय में सम्पन्न हुआ। बैठक में गत सत्र की समीक्षा के साथ प्रवेश, छात्रसंघ चुनाव, सप्तदिवसीय व्याख्यान माला, अनुशासन, पी.पी.टी. आधारित कक्षा संचालन एवं दायित्व-सह कार्य विभाजन के साथ-साथ महाविद्यालय परिसर में संस्कृति बनाये रखने पर चर्चा-परिचर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने की। इस अवसर पर सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

### मार्डन टेक्नीक एण्ड टूल्स फार ई-लर्निंग विषयक सप्तदिवसीय शिक्षक कार्यशाला

**उद्घाटन समारोह** - 7 से 13 सितम्बर तक आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ एवं कम्प्यूटर साइंस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मार्डन टेक्नीक एण्ड टूल्स फार ई-लर्निंग विषय पर सप्तदिवसीय शिक्षक कार्यशाला का आयोजन किया गया। 7 सितम्बर को कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में Viacoo software के विशेषज्ञ श्री प्रमोद श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भूगोल विभाग के अध्यक्ष विजय कुमार चौधरी ने की। कार्यक्रम का संयोजन आई.क्यू.ए.सी. को-आर्डिनेटर श्री अभिषेक वर्मा ने किया तथा संचालन कम्प्यूटर साइंस विभाग के अध्यक्ष श्री निवास सिंह ने किया। कार्यशाला में Viacoo software से आए विषय-विशेषज्ञ श्री प्रमोद श्रीवास्तव ने सभी शिक्षकों को स्मार्ट बोर्ड की ट्रेनिंग दी। इंटरेक्टिव सत्र में शिक्षकों नें अपने प्रश्नों के जवाब विषय-विशेषज्ञ से जाने।

कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर उद्बोधन देते विषय विशेषज्ञ श्री संतोष श्रीवास्तव

## आन्तरिक गुणवत्ता एवं सुनिश्यचन प्रकोष्ठ (IQAC)

पावर प्वाइंट बनाने की बारीकियां बताते श्री संतोष कुमार श्रीवास्तव

यू-ट्यूब पर वीडियो कन्टेन्ट अपलोड करना सिखाते श्री श्रीनिवास सिंह

गुगल फार्म बनाना सीखते महाविद्यालय के शिक्षक

कार्यशाला में उपस्थित महाविद्यालय के शिक्षकगण

**कार्यशाला का दूसरा दिन** - 8 सितम्बर को कार्यशाला के दूसरे दिन महाविद्यालय के कम्प्यूटर साइंस विभाग के सहायक आचार्य श्री संतोष कुमार श्रीवास्तव ने 'पावर प्वाइंट प्रेजेटेशन कैसे बनायें' विषय पर उद्बोधन दिया। उन्होनें बताया की पावर प्वाइंट को प्रस्तुति की रूपरेखा पर या ग्राफ और चित्रों को प्रदर्शित करते करने के लिए या प्रमुख बिन्दुओं पर छात्रों का ध्यान केंन्द्रित करने के लिए नियोजित किया जा सकता है।

**कार्यशाला का तीसरा दिन** - कार्यशाला के तीसरे दिन श्री संतोष कुमार श्रीवास्तव ने शैक्षणिक वीडियो बनाने और यू-ट्यूब पर वीडियो अपलोड करने कि विधि पर उद्बोधन दिया। उन्होंने शिक्षकों को विभिन्न साफ्टवेयर का उपयोग करते हुए वीडियो लेक्चर बनाने और लेक्चर को यू-ट्यूब पर अपलोड करने का व्यवहारिक ज्ञान दिया। साथ ही उपरोक्त विधि का पावर प्वाइंट के माध्यम से प्रदर्शन भी किया।

**कार्यशाला का चौथा दिन** - कार्यशाला के चौथे दिन श्री संतोष कुमार श्रीवास्तव ने गुगल फार्म कैसे बनाये विषय पर उद्बोधन दिया। गूगल फार्म गूगल सर्च इंजन एक की सर्विस है जिसका उपयोग आनलाइन फार्म बनाने के लिए किया जाता है। शिक्षकों ने कार्यशाला में गूगल फार्म का प्रयोग करते हुए आनलाइन क्विज फार्म, सर्वेफार्म, रिव्यू फार्म एवं फाइल अपलोड फार्म को तैयार करने का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिक्षकों ने गूगल फार्म अपेन आवश्यकता अनुसार कस्टमाइज करना भी सीखा।

**कार्यशाला का पांचवां दिन** - कार्यशाला के पांचवें दिन महाविद्यालय के कम्प्यूटर साइंस विभाग के

## आन्तरिक गुणवत्ता एवं सुनिश्यचन प्रकोष्ठ (IQAC)

प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने आनलाइन क्लास लेने के लिए जूम एप, गूगल मीट एवं वेबएक्स के द्वारा कैसे आनलाइन क्लास में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा डॉक्यूमेंट शेयर किया जाए इसकी जानकारी सभी शिक्षकों को अपने पावर प्वांइट प्रजेन्टेशन के माध्यम से दी।

**कार्यशाला का छठवां दिन** - इस सप्तदिवसीय कार्यशाला के छठवें दिन कम्प्यूटर साइंस विभाग के प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने गूगल क्लासरूम के बारे में जानकारी दी। इसके माध्यम सें शिक्षक अपनी कक्षाओं को कैसे चला सकते हैं एवं गूगल क्लासरूम में कैसे अपने विद्यार्थियों का अटेंडेंस लिया जा सकता है, इन सब बिन्दुओं पर सभी शिक्षकों का मार्गदर्शन किया।

गुगल क्लासरूम के विषय में जानकारी प्राप्त करते महाविद्यालय के शिक्षक

समापन समारोह के अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त करते के उपरान्त उसका व्यवहारिक अनुप्रयोग करती श्रीमती कविता म मन्ध्यान

**कार्यशाला का समापन समारोह** - 13 सितम्बर को आंतरिक गुणवत्ता एवं सुनिश्चयन प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित इस सात दिवसीय कार्यशाला का समापन समारोह सम्पन्न हुआ। इस दिन महाविद्यालय के कम्प्यूटर साइंस के प्रभारी श्री श्रीनिवास सिंह ने आनलाइन शिक्षण पद्धति तथा आफलाइन शिक्षण पद्धति में क्या अंतर है, दोनों की विशेषताएं तथा दोनों माध्यमों की कमियां क्या-क्या हैं आदि मुद्दों पर शिक्षकों का ज्ञानवर्द्धन किया। कक्षा में नए-नए आईटी टूल्स का प्रयोग करके कैसे अपनी कक्षाओं को अधिक से अधिक रूचिकर बनाया जाए इसके बारे में भी जानकारी दी। कार्यशाला के समापन समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि वह अपनी कक्षा में अधिक से अधिक आईटी टूल एवं टेक्निक का समायोजन करके अपनी कक्षाओं को रूचिकर बनाए जिससे विद्यार्थियों के अन्दर सीखने की ललक बढ़ाई जा सके।

### प्राचार्य-शिक्षक बैठक

2 अक्टूबर को महाविद्यालय के आन्तरिक गुणवत्ता एवं सुनिश्चयन प्रकोष्ठ के अन्तर्गत प्राचार्य-शिक्षक बैठक का आयोजन जगत जननी माँ सीता सभागार में सम्पन्न हुआ। बैठक में पठन-पाठन,

बैठक में दायित्वसह कार्य पर चर्चा करते महाविद्यालय के शिक्षक एवं प्राचार्य

## आन्तरिक गुणवत्ता एवं सुनिश्यचन प्रकोष्ठ (IQAC)

बैठक में अपनी बात रखतीं सुश्री स्मिता दूबे

अनुशासन व्यवस्था, दायित्व-सह कार्य, आदि विषयों पर सामूहिक चर्चा-परिचर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने की। इस अवसर पर सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

### प्राचार्य-शिक्षक बैठक

11 अक्टूबर को महाविद्यालय के आन्तरिक गुणवत्ता एवं सुनिश्चयन प्रकोष्ठ के अन्तर्गत प्राचार्य-शिक्षक बैठक का आयोजन जगत जननी माँ सीता सभागार में सम्पन्न हुआ। बैठक में प्रवेश, अनुशासन, पी.पी.टी. आधारित कक्षा संचालन एवं दायित्व-सह कार्य विभाजन के साथ-साथ महाविद्यालय परिसर में संस्कृति बनाये रखने पर चर्चा-परिचर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने की। इस अवसर पर सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

बैठक में पठन-पाठन पर अपना विचार व्यक्त डॉ. सुबोध कुमार मिश्र

परिसर अनुशासन पर अपनी बात रखते महाविद्यालय के मुख्य नियंता डॉ. मंजेश्वर

### विशिष्ट व्याख्यान

11 अक्टूबर को महाविद्यालय के आन्तरिक गुणवत्ता एवं सुनिश्चयन प्रकोष्ठ के अन्तर्गत विशिष्ट

शिक्षकों को आदर्श शिक्षक के गुणों से परिचित कराते डॉ. राजेन्द्र भारती

व्याख्यान कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं मुख्य वक्ता

## आन्तरिक गुणवत्ता एवं सुनिश्यचन प्रकोष्ठ (IQAC)

व्याख्यान का आयोजन जगत जननी माँ सीता सभागार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़गवासला, पुणे के सेवानिवृत आचार्य डॉ. राजेन्द्र भारती ने 'आदर्श शिक्षक एवं शिक्षण पद्धति' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के प्रभारी डॉ. अभिषेक सिंह व कार्यक्रम का संयोजन महाविद्यालय के आई.क्यू.ए.सी. के प्रभारी श्री अभिषेक वर्मा ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने की।

### शिक्षक कार्यशाला

30 नवम्बर को आई.क्यू.ए.सी. के तत्वावधान में 'सी.बी.सी.एस./सेमेस्टर पाठ्यक्रम के स्वरूप' विषय पर आयोजित कार्यशाला में आई.क्यू.ए.सी. के प्रभारी श्री अभिषेक वर्मा ने प्राध्यापकों को सी.बी.सी.एस. की सम्पूर्ण जानकारी दी। कार्यशाला की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने की।

सी.बी.सी.एस. पाठ्यक्रम की जानकारी देते महाविद्यालय के आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी श्री अभिषेक वर्मा

सी.बी.सी.एस. पाठ्यक्रम पर विचार विमर्श करते महाविद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षक

### सी.बी.सी.एस. पाठ्यक्रम पर शिक्षक कार्यशाला

06 दिसम्बर को महाविद्यालय में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर द्वारा निर्धारित सी.बी.सी.एस. पाठ्यक्रम से सम्बन्धित एक शिक्षक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी श्री अभिषेक वर्मा ने सी.बी.सी.एस. प्रणाली के अन्तर्गत प्रोग्राम, कोर्स, क्रेडिट, सेमेस्टर,

सी.बी.सी.एस. पाठ्यक्रम पर शिक्षकों का ज्ञानवर्द्धन करते महाविद्यालय के प्राचार्य

## आन्तरिक गुणवत्ता एवं सुनिश्यचन प्रकोष्ठ (IQAC)

कार्यशाला में उपस्थित महाविद्यालय के शिक्षक

सी.बी.सी.एस. प्रणाली पर अपनी जिज्ञासा रखते डॉ. अमित कुमार त्रिपाठी

पाठ्यक्रम, मूल्यांकन पद्धति एस.जी.पी.ए एवं सी.जी.पी.ए. इत्यादि के विषय में विस्तार पूर्वक बताया। कार्यशाला में महाविद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

### सी.बी.सी.एस. पाठ्यक्रम पर कार्यशाला

11 दिसम्बर को महाविद्यालय में दीनदयाल उपाधयाय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर द्वारा पारित सी.बी.सी.एस. पाठ्यक्रम प्रारूप पर महाविद्यालय के प्राचार्य के साथ सभी शिक्षकों की एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सी.बी.सी.एस. पैटर्न के अन्तर्गत विद्यार्थी पंजीकरण अध्ययन, अध्यापन, परीक्षा प्रारूप इत्यादि पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यशाला में सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

सी.बी.सी.एस. प्रणाली के अन्तर्गत परीक्षा एवं मूल्यांकन के प्रारूप पर विचार-विमर्श करते शिक्षक एवं प्राचार्य

## उत्तर प्रदेश सरकार तथा दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर प्रशासन द्वारा महाविद्यालय के शिक्षकों को सम्मानित किया गया

मिशन शक्ति के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य सम्पादन हेतु महाविद्यालय के बी.एड. विभाग एवं मिशन मंझरियां की प्रभारी श्रीमती शिप्रा सिंह को उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया

नई शिक्षा नीति-2020 के कार्यान्वयन में विशेष योगदान देने हेतु महाविद्यालय के 11 शिक्षकों को क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी एवं दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के कुलपति प्रो. राजेश सिंह द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया

## आगामी कार्यक्रम

**समावर्तन संस्कार समारोह 2022**

13 मार्च को महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों का समावर्तन संस्कार समारोह सम्पन्न होगा।

**तीसरा एकदिवसीय शिविर**

16 मार्च को राष्ट्रीय सेवा योजना का तीसरा एकदिवसीय शिविर कार्यक्रम प्रस्तावित है।

**चौथा एकदिवसीय शिविर**

21 मार्च को राष्ट्रीय सेवा योजना का चौथा एकदिवसीय शिविर कार्यक्रम प्रस्तावित है।

**ऐतिहासिक पर्यटन स्थल भ्रमण**

चौरी चौरा के घटना के शताब्दी वर्ष के अन्तर्गत 17 अप्रैल को प्राचीन इतिहास, पुरातत्व एवं सांस्कृतिक विभाग तथा इतिहास विभाग के चयनित विद्यार्थियों के साथ शहीद स्थल का भ्रमण का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

**एकदिवसीय कार्यशाला**

29 अप्रैल को महाविद्यालय के आन्तरिक गुणवत्ता एवं सुनिश्चयन प्रकोष्ठ द्वारा शिक्षण तकनीक विषयक एकदिवसीय संगोष्ठी प्रस्तावित है।

**दो दिवसीय कार्यशाला**

29–30 अप्रैल को महाविद्यालय के मीडिया एवं जन सम्पर्क विभाग द्वारा शिक्षकों हेतु समाचार लेखन विषयक दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा।

**समीक्षा बैठक**

2 मई को महाविद्यालय में सत्र 2020–21 में सम्पन्न समस्त शैक्षणिक एवं गैरशैक्षणिक क्रिया कलापों की समीक्षा हेतु समीक्षा बैठक आयोजित होगी जिसमें प्राचार्य सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षक गतिविधियों की समीक्षा हेतु उपस्थित रहेंगे।

**पाँच दिवसीय शिक्षक कार्यशाला**

21–27 मई तक महाविद्यालय के शिक्षकों के शैक्षिक उन्नयन एवं तकनीक कौशल विकास हेतु हेतु पाँच दिवसीय कम्प्यूटर अनुप्रयोग कार्यशाला का आयोजन प्रस्तावित है।

**साप्ताहिक योग शिविर एवं शैक्षिक कार्यशाला**

15 से 21 जून, 2021 तक 'अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर पर गुरु श्रीगोरक्षनाथ मन्दिर में साप्ताहिक योग शिविर एवं शैक्षिक कार्यशाला के आयोजन में महाविद्यालय के प्राचार्य–शिक्षक सहभागी होंगे।

## विशिष्ट आयाम

### प्रार्थना सभा

प्रार्थना सभा

महाविद्यालय में दिनचर्या का प्रारम्भ राष्ट्र वन्दना और ईश वन्दना के साथ सम्पन्न होता है। एक अगस्त से प्रार्थना सभा का प्रारम्भ किया जाता है। प्रत्येक कार्यदिवस को प्रातः 9:20 बजे से क्रमशः राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, सरस्वती वन्दना एवं प्रार्थना के साथ महाविद्यालय की दिनचर्या प्रारम्भ होती है। तिथि विशेष पर यदि किसी महापुरुष/घटना की जयन्ती/ पुण्यतिथि/स्मृति दिवस होती है तो, उस महापुरुष/घटना के सन्दर्भ में उद्‌बोधन होता है। शेष दिवसों पर श्रीमद्‌भागवत्‌गीता का हिन्दी तथा अंग्रेजी अनुवाद सहित चुने हुए श्लोकों का वाचन होता है। प्रार्थना सभा में विद्यार्थी, शिक्षक, कर्मचारी एवं प्राचार्य सम्मिलित रहते हैं।

### स्वैच्छिक श्रमदान

साप्ताहिक स्वैच्छिक श्रमदान कार्यक्रम

महाविद्यालय के स्थापना काल से ही प्रत्येक सप्ताह शनिवार को महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं, कर्मचारी, प्राध्यापक एवं प्राचार्य द्वारा स्वैच्छिक श्रमदान किया जाता है। शनिवार को अंतिम चार कक्षाएं 40 मिनट की चलाई जाती है तथा 12.10 से 1.10 बजे तक स्वैच्छिक श्रमदान किया जाता है।

### साप्ताहिक कक्षाध्यापन

सप्ताह में एक दिन प्राध्यापक की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं द्वारा कक्षायें पढ़ायी जाती है। पूर्व निर्धारित विषय पर प्रत्येक विषय में लगभग दस छात्र-छात्राओं की कक्षाध्यापन में सहभागिता का प्रयास किया जाता है। कक्षाध्यापन में विशेष तौर पर वह विषय दिये जाते हैं जो परीक्षा के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण होते हैं।

### मासिक मूल्यांकन

प्रत्येक माह के अन्त में प्राध्यापक द्वारा अपने-अपने प्रश्नपत्र में छात्र-छात्राओं का लिखित परीक्षा विधि से मूल्यांकन किया जाता है।

### प्रगति आख्या

कक्षावार प्रत्येक विद्यार्थी से सम्बन्धित समस्त शैक्षिक सूचना हेतु प्रगति आख्या प्रपत्र

विद्यार्थियों के समस्त गतिविधियों का विवरण प्रगति आख्या के माध्यम से प्रति माह तैयार कर बेवसाइट के माध्यम से एवं लिखित रूप में प्रस्तुत

किया जाता है। प्रगति आख्या में प्रत्येक छात्र की माहवार उपस्थिति, कक्षाध्यापन एवं मासिक मूल्यांकन तथा आचरण व्यवहार के अंक का उल्लेख होता है।

## विद्यार्थियों को गोद लेना

प्रत्येक शिक्षक पाँच विद्यार्थियों को गोद लेकर उनके शैक्षिक उन्नयन के साथ-साथ व्यक्तित्त्व विकास हेतु अलग से प्रयास करता है। गोद लिये विद्यार्थियों का पठन/पाठन एवं अन्य समस्याओं का समाधान करते हुए शिक्षक उनकी जिम्मेदारी लेते हैं।

## प्रोजेक्टर युक्त कक्षायें

पठन-पाठन में अत्याधुनिक तकनीकों के प्रयोग के साथ प्रोजेक्टर का कक्षाध्यापन में प्रयोग किया जाता है। शिक्षक अपने व्याख्यान में अधिक से अधिक पावर प्वाइंट तकनीक का उपयोग करने लगा है। बी.एड्. सहित कुछ विषयों की कक्षाओं में शत-प्रतिशत प्रोजेक्टर का प्रयोग किया जाता है।

पीपीटी के माध्यम से कक्षाध्यापन

## कक्षाओं में सारांश

महाविद्यालय में प्रत्येक दिवस पढ़ाये जाने वाले प्रत्येक प्रश्न पत्र की कक्षाओं में सम्बन्धित पाठ्यक्रम का एक पृष्ठ के लिखित सारांश की छायाप्रति वितरित किया जाता है। सारांश में उस कक्षा में पढ़ाये जाने वाले पाठ्यक्रम से सम्बन्धित विषय का सार विभिन्न सन्दर्भ ग्रन्थों की सहायता से निर्मित किया जाता है।

## प्रशासन में छात्र सहभाग

महाविद्यालय की विविध समितियों जैसे नियन्ता मण्डल, प्रवेश समिति, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, छात्रा समिति आदि में छात्रसंघ के प्रतिनिधि अथवा पदाधिकारी सदस्य होते हैं। प्रयत्न किया जाता है कि महाविद्यालय के प्रशासन एवं संचालन में विद्यार्थियों का प्रत्यक्ष सहभाग हो। उनके व्यक्तित्व में निर्णय लेने की क्षमता का निरंतर विकास हो। छात्रसंघ अपने बजट का 75 प्रतिशत हिस्सा सारांश की छायाप्रति, वाटर प्यूरीफायर, प्रोजेक्टर आदि पर व्यय करता है।

## छात्रसंघ की साधारण सभा

प्रत्येक माह के प्रथम कार्य दिवस पर छात्रसंघ की साधारण सभा आयोजित की जाती है। साधारण सभा में सभी विद्यार्थी, शिक्षक-कर्मचारी, प्राचार्य उपस्थित रहते हैं। विद्यार्थी अपनी समस्यायें रखता है,

छात्रसंघ की साधारण सभा

प्राचार्य को समाधान देना होता है। तत्पश्चात विद्यार्थी कोई तीन करणीय संकल्प लेता है। अंत में वर्तमान के किसी भी प्रमुख मुद्दे पर परिचर्चा होती है। इस दिन कक्षाएं 40 मिनट की चलती हैं।

## काउंसलिंग सेल

महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए काउंसलिंग सेल की व्यवस्था है, जिसमें विद्यार्थियों को व्यावसायिक, सामाजिक तथा मानसिक स्तर पर होने वाली समस्याओं का समाधान परामर्शदाता के द्वारा किया जाता है। काउंसलिंग सेल के माध्यम से महाविद्यालय के अधिकाधिक संख्या में विद्यार्थी लाभान्वित होते हैं।

## विमर्श एवं मानविकी का प्रकाशन

महाविद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष महाविद्यालय के संस्थापक राष्ट्रसंत महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की स्मृति में आयोजित साप्ताहिक व्याख्यान माला के व्याख्यानों एवं विभिन्न विषयों के शोध पत्रों का प्रकाशन 'विमर्श' में किया जाता है। महाविद्यालय द्वारा अर्धवार्षिक शोधपत्रिका मानविकी का भी प्रकाशन होता है। दोनो शोध पत्रिकाएं ISSN युक्त हैं।

## पाठ्यक्रम योजनानुसार कक्षायें

महाविद्यालय में प्रत्येक विषय के प्रत्येक प्रश्न पत्र की पाठ्यक्रम योजना वेबसाइट पर जुलाई माह में प्रकाशित कर दी जाती है। कक्षा संचालन शत-प्रतिशत पाठ्यक्रम योजना के अनुसार किया जाता है। पाठ्यक्रम योजना की प्रति वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। पाठ्यक्रम योजना की मासिक समीक्षा प्राचार्य-शिक्षक की बैठक में की जाती है।

## दीवार पत्रिका

महाविद्यालय में छात्र संघ द्वारा गठित संपादक मण्डल द्वारा दीवार पत्रिका का प्रतिमाह प्रकाशन होता है। हस्तलिखित लेख, कविता, व्यंग्य, चित्र आदि का सम्पादन कर उसे प्रत्येक माह के पहले कार्य दिवस पर दीवार पत्रिका पर लगा दिया जाता है। पत्रिका में कोई भी विद्यार्थी शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक अथवा अन्य विषयों पर अपना लेख छात्र संघ को दीवार पत्रिका हेतु दे सकता है।

## छात्र संघ पत्रिका चेतक

दीवार पत्रिका के संकलित प्रस्तुतियों का 'चेतक' पत्रिका का प्रतिवर्ष छात्र संघ द्वारा प्रकाशन किया जाता है।



वार्षिक पत्रिका 'विमर्श'

अर्द्धवार्षिक पत्रिका 'मानविकी'



छात्रसंघ पत्रिका 'चेतक'

## अन्य प्रकाशन

महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़ द्वारा संगोष्ठी/व्याख्यानमाला/कार्यशाला का कार्यवृत्त/शोध पत्रों का प्रकाशन किया जाता रहा है। छात्रोपयोगी पाठ्य पुस्तक का प्रकाशन भी प्रारम्भ किया जा चुका है। महाविद्यालय के अब तक के प्रमुख प्रकाशन उल्लेखनीय है – ग्रामीण भारत का भविष्य 2006; उच्च शिक्षा की वर्तमान स्थिति : चुनौतियाँ एवं संभावनाएँ 2008; समावर्तन 2008 से अद्यतन (2019); उच्च शिक्षा की स्थिति स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के संदर्भ में 2010; आर्दश शिक्षक आचरण एवं व्यवहार 2011; शैक्षिक विषयों का वर्तमान बौद्धिक परिप्रेक्ष्य : एक विमर्श एवं शोध प्रविधि 2012; शैक्षिक विषयों का वर्तमान बौद्धिक परिप्रेक्ष्य : भाषा एवं एवं शोध प्रविधि 2013; वर्तमान शिक्षण प्रविधि एवं अनुभव आधारित सुधार 2014; नाथ पन्थ एवं भक्ति आन्दोलन 2015; भारतीय राष्ट्रीयता एवं संत परम्परा 2017; क्वालिटी मैनेजमेन्ट इन हायर एजूकेशन इन्स्टीट्यूशन 2017, इन्स्टीट्यूशनल स्वच्छता रैंकिंग रिपोर्ट 2017; लोकभाषा संवर्द्धन में नाथपंथ का योगदान 2019; विज्ञान में नवीन प्रवृत्तियाँ 2019; भारतीय संस्कृति का विश्व में प्रसार 2020 (प्रेस में) पाठ्यपुस्तकों में थियरी ऑफ सैम्पलिंग 2017; न्यूमेरिकल एनालिसिस 2017; डेमोग्राफिक मेथड 2017; फाइनाइट डिफरेन्सेज एण्ड इण्टरपोलेशन 2017 एन इन्ट्रोडक्शन टू जिम्नोस्पर्म्स एण्ड पैलियोबॉटनी 2019।

निःशुल्क प्राथमिक उपचार केन्द्र

## महन्त अवेद्यनाथ निःशुल्क प्राथमिक उपचार केन्द्र

महाराणा प्रताप महाविद्यालय में महन्त अवेद्यनाथ निःशुल्क प्राथमिक उपचार केन्द्र का संचालन गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के सहयोग से संचालित है। प्रत्येक बुधवार एवं बृहस्पतिवार को चिकित्सालय के चिकित्सकों द्वारा अपने स्टाफ के साथ स्वास्थ्य केन्द्र पर जंगल धूसड़ के आस-पास के गाँवों के मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं निःशुल्क दवा वितरण किया जाता है। गम्भीर मरीजों को गोरखनाथ चिकित्सालय में चिकित्सा कराने की सुविधा प्रदान की जाती है। उक्त तिथियों में निःशुल्क एम्बुलेन्स की भी सुविधा उपलब्ध रहती है। उपचार केन्द्र के स्थापना वर्ष (2015) से अभी तक दस हजार से अधिक रोगियों की चिकित्सा की जा चुकी है।

## ऑनलाइन पुस्तकालय

महाविद्यालय में पुस्तकालय इण्टरनेट पर उपलब्ध है। पुस्तकालय के डिजिटलाइजेशन की प्रक्रिया प्रारम्भ है। विश्विवविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा विकसित Soul साफ्टवेयर पर पुस्तकालय की पुस्तकें दर्ज हैं। पुस्तकालय द्वारा N-List लाइब्रेरी की सदस्यता प्राप्त की गयी है जिसके माध्यम से ई-बुक्स, ई-जनरल्स की एक लाख पच्चीस हजार से अधिक पुस्तकें पढ़ने तथा दुनिया की लगभग 100 से अधिक पुस्तकालयों के उपयोग का अवसर विद्यार्थी-शिक्षकों को प्राप्त है।

## विभाग द्वारा गाँव गोद लेना

महाविद्यालय के प्रत्येक विभाग को आस-पास के किसी न किसी गाँव को गोद लेकर उसमें शिक्षा, स्वास्थ्य और जन चेतना जागृत करने के लिए वर्ष में 4 बार (अगस्त माह के प्रथम रविवार, बाल्मीकि जयन्ती, फरवरी माह के प्रथम रविवार एवं परीक्षा समाप्ति के बाद के प्रथम रविवार को) सभी विभाग अपने विद्यार्थियों के साथ गोद लिए गाँव में रहते हैं।

गोद लिए गाँव में महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं शिक्षक

## नि:शुल्क प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम

महाविद्यालय में चार नि:शुल्क प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम विद्यार्थियो, ग्रामीण बच्चों एवं महिलाओं में अतिरिक्त कौशल एवं जीवन दृष्टि उत्पन्न करने के उद्देश्य से चलाए जाते हैं। ये पाठ्यक्रम स्थानीय स्तर पर रोजगार प्रदान करने तथा विद्यार्थियों में मानव जीवन-मूल्यों के प्रति भारत की महान सांस्कृतिक परम्परा, महापुरुषों कीशृंखला से प्रेरणा ग्रहण कर स्वयं के जीवन-मूल्य विकसित करने के उद्देश्य से संचालित है।

### 1. योगिराज बाबा गम्भीरनाथ नि:शुल्क सिलाई-कढ़ाई एवं पेण्टिंग प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम

महाविद्यालय द्वारा संचालित योगिराज बाबा गम्भीरनाथ सिलाई-कढ़ाई एवं पेण्टिंग केन्द्र गरीब ग्रामीण महिलाओं एवं छात्राओं को सिलाई-कढ़ाई एवं पेंटिंग का छः माह का प्रशिक्षण देकर उन्हें इस योग्य बनाता है कि वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो सकें। प्रतिवर्ष श्रेष्ठतम प्रशिक्षार्थी को एक सिलाई मशीन पुरस्कार स्वरूप दिया जाता है।

नि:शुल्क सिलाई कढ़ाई एवं पेण्टिंग प्रशिक्षण केन्द्र

### 2. राष्ट्रसन्त महन्त अवेद्यनाथ नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम

नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र

कम्प्यूटर प्रशिक्षण के अन्तर्गत महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं निकटस्थ गाँवों के इच्छुक छात्र/छात्राओं को नि:शुल्क छः माह का कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया जाता है। वर्तमान समय में प्रत्येक कार्यालय, प्रकाशन, कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षित युवाओं की आवश्यकता को देखते हुए यह प्रशिक्षण दिया जाता है जिससे कि विद्यार्थी विशेषकर छात्राएँ कम्प्यूटर की दक्षता प्राप्त कर योग्यतानुसार स्थानीय बाजार में रोजगार प्राप्त कर सकें।

### 3. हमारे पूर्वज प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम

हमारे महापुरुष प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम में सम्मिलित महापुरुषों के जीवन के प्रेरणाप्रद प्रसंगों को विद्यार्थियों के समक्ष रख कर, उनके बारे में अध्ययन एवं वर्तमान की समस्याओं पर उनकी भूमिका पर चिंतन के अवसर प्रदान किए जाते हैं। यह पाठ्यक्रम योग्य नागरिक गुणों का विकास करने में भी सक्षम हुआ है। इस पाठ्यक्रम में छः माह के प्रशिक्षण के उपरान्त प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाता है। बी.एड्. द्वितीय वर्ष में यह पाठ्यक्रम अनिवार्य है।

### 4. जीवन-मूल्य प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम

जीवन-मूल्य प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम में मानव जीवन के शाश्वत मूल्यों पर चर्चा-परिचर्चा, चिंतन, लेखन आदि के आधार पर समाज और राष्ट्र के लिए जीवन-मूल्य सृजन करने का प्रयत्न किया जाता है। इस पाठ्यक्रम में छः माह के प्रशिक्षण के उपरान्त प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाता है। बी.एड्. प्रथम वर्ष यह पाठ्यक्रम अनिवार्य है।

## स्व मूल्यांकन प्रपत्र

स्व मूल्यांकन प्रपत्र द्वारा अगले महीने के द्वितीय कार्यदिवस तक उस माह में अपने कार्यों एवं सम्पूर्ण दायित्वों का विवरण यथा- पाठ्यक्रम योजनानुसार कक्षाध्यापन, विद्यार्थियों द्वारा साप्ताहिक कक्षाध्यापन, मासिक मूल्यांकन, विभिन्न कार्यक्रमों में योगदान, निर्धारित दायित्वों का निर्वहन, स्व-प्रेरणा से किये गये कार्य इत्यादि का उल्लेख निर्धारित प्रपत्र पर शिक्षक द्वारा प्राचार्य को उपलब्ध कराना होता है। शिक्षक द्वारा दिये गए आख्या की प्राचार्य द्वारा समीक्षा कर आवश्यकतानुसार शिक्षकों से त्वरित संवाद स्थापित कर शिक्षण-अधिगम की गुणवत्ता बनाए रखने के प्रति उन्हें सावधान किया जाता है। विगत सत्र से यह प्रारूप ऑनलाइन भी भरा जाता है।

महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर

शिक्षक के मासिक दायित्व के उल्लेख हेतु स्वमूल्यांकन प्रपत्र

## शिक्षक प्रतिपुष्टि प्रपत्र

निर्धारित प्रारूप-'शिक्षक प्रतिपुष्टि प्रपत्र' के माध्यम से वर्ष में दो बार (सितम्बर-जनवरी) विद्यार्थियों से पठन-पाठन के सन्दर्भ में फीड-बैक लिया जाता है। प्राचार्य द्वारा इसकी समीक्षा कर प्रत्येक शिक्षक से अलग-अलग वार्ता कर शिक्षण की गुणवत्ता एवं शिक्षक-विद्यार्थी सम्बन्ध का विकास सुनिश्चित किया जाता है।

महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर
शिक्षक प्रतिपुष्टि प्रपत्र

विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों में उत्तरोत्तर सुधार हेतु भरा जाने वाला शिक्षक प्रतिपुष्टि प्रपत्र

## ध्येय पथ

अपने अनवरत विकास यात्रा में महाविद्यालय ने अपने सभी घटकों के बीच निरन्तर संवाद के अनेक मंच विकसित किए हैं। मासिक पत्रिका 'ध्येय पथ' शिक्षक संघ, कर्मचारी संघ, छात्र संघ, पुरातन छात्र परिषद तथा अभिभावक संघ जैसे जीवन्त घटक समूहों के आपसी संवाद के साथ-साथ महाविद्यालय की अन्य गतिविधियों की प्रस्तुति का एक माध्यम है। पत्रिका में प्रत्येक माह महाविद्यालय से सम्बन्धित प्रमुख गतिविधियों का संयोजन होता है।

## सिविल सविर्सेज के सामान्य अध्ययन की कक्षाएं

महाविद्यालय की नित नूतन प्रयोगधार्मिता के क्रम में शैक्षिक सत्र 2016-17 से विद्यार्थियों के प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति उन्मुख होने तथा भविष्य में रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य के निमित्त नि:शुल्क सिविल सर्विसेज सामान्य अध्ययन की कक्षाओं का सुचारू ढंग से संचालन किया जा रहा है।

## मॉडल स्कूल

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद द्वारा संचालित उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अनुदानित महाराणा प्रताप कृषक इण्टर कालेज के कक्षा 6, 7 एवं 8 की कक्षाओं को बी.एड्. विभाग द्वारा 'मॉडल स्कूल' के रूप में विकसित किया गया है। बी.एड्. विभाग के शिक्षक एवं छात्राध्यापकों द्वारा उच्च स्तरीय पठन-पाठन का प्रयत्न प्रारम्भ किया गया है। उल्लेखनीय है कि यह प्रयोग यह बताएगा कि प्रत्येक बी.एड्. कालेज द्वारा आस-पास के स्कूलों अथवा अपने ही कालेज में मॉडल स्कूल के रूप में विद्यालय चलाकर आस-पास की शिक्षा की कमी पूरी की जा सकती है।

## आदर्श ग्राम योजना

इस सत्र से ग्राम मंझरिया, जंगल धूसड़ को प्रयोग के तौर पर आदर्श गाँव के रूप में विकसित करने का प्रयास प्रारम्भ हुआ है। इसके अन्तर्गत गाँव के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से स्वच्छता, साक्षरता, स्वास्थ्य एवं जन कल्याणकारी योजनाओं को शत-प्रतिशत लागू करने की परिकल्पना के साथ कार्य प्रारम्भ किया गया। बी.एड्. विभाग द्वारा यह परियोजना सफलता पूर्वक चलाई जा रही है।

आदर्श ग्राम में स्वास्थ्य शिविर

## वाई-फाई युक्त परिसर

शिक्षा की गुणवत्ता में निरन्तर प्रगति एवं उसमें इन्टरनेट का व्यापक उपयोग हेतु महाविद्यालय परिसर वाई-फाई युक्त करा दिया गया। 30 जनवरी 2018 से यह सुविधा महाविद्यालय परिसर में सभी शिक्षकों-विद्यार्थियों को नि:शुल्क उपलब्ध करा दी गई।

## सामूहिक व्यक्तित्त्व विकास योजना

वर्तमान सत्र 2017–18 से गोद लिए गए विद्यार्थियों, छात्रसंघ के कक्षा प्रतिनिधियों, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं छात्रावास को एक समूह मानकर सामूहिक व्यक्तित्त्व विकास योजना की परिकल्पना लागू की गई। यह अनिवार्य किया गया कि छात्रावास के सभी विद्यार्थी गोद लिए जाएं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना में लिए जाएं। राष्ट्रीय सेवा योजना में शेष रिक्त स्थानों पर गोद लिए गए विद्यार्थी ही सम्मिलित किए जाएं। इससे एक विद्यार्थी के व्यक्तित्व विकास पर शिक्षक, राष्ट्रीय सेवा योजना, छात्रसंघ एवं छात्रावास की चार इकाई कार्य करेगी।

## वेबसाइट

महाविद्यालय के पास अपनी अद्यतन वेबसाइट है। महाविद्यालय की समस्त सूचना एवं विद्यार्थियों के विषय में सम्पूर्ण जानकारी, विद्यार्थियों की प्रगति आख्या एवं पाठ्यक्रम योजना बेवसाइट पर उपलब्ध रहती है। प्रत्येक विद्यार्थी अपने से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की जानकारी अपने आई.डी. नम्बर के द्वारा वेबसाइट पर प्राप्त कर सकता है।

## शिक्षक ब्लॉग

महाविद्यालय की वेबसाइट पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों का अपना ब्लॉग है। शिक्षक अपने विषय से सम्बन्धित प्रश्नपत्रों के विभिन्न टापिक्स के पावर प्वाइंट स्लाइड को ब्लॉग पर अपलोड करते रहते हैं। इसके अतिरिक्त शिक्षक अपने शोधपत्र भी समय-समय पर अपने ब्लॉग पर डालते रहते हैं जहाँ से सम्बन्धित विद्यार्थी उसे देख, पढ़ एवं डाउनलोड कर सकता है। विद्यार्थियों को पाठ्य सामाग्री उपलब्ध कराने का यह सशक्त माध्यम है।

## वैश्विक महामारी कोविड-19 के दौरान महाविद्यालय के कुछ विशिष्ट आयाम

वर्तमान सत्र में महाविद्यालय ने वैश्विक महामारी कोविड-19 के दौरान पठन-पाठन, महाविद्यालय ने प्रशासन एवं अपने नैसर्गिक सामाजिक दायित्वों के संदर्भ में कुछ विशिष्ट आयाम स्थापित किये हैं। कोविड-19 के दौरान सेनेटाइजर एवं मास्क का निर्माण, कक्षाओं का नियमित सेनेटाइजेशन, आन लाइन

मास्क बनातीं कोरोना वॉरियर्स

सेनेटाइजर बनाते कोरोना वॉरियर्स

कक्षाओं का संचालन, आन लाइन एवं ऑफ लाइन कक्षाओं का एक साथ संचालन कर महाविद्यालय ने एक नया प्रतिमान प्रस्तुत किया है जिसकी कुछ झलकियाँ आप सभी के समक्ष हैं :-

आन लाइन के साथ ऑफ लाइन कक्षा पढ़ाते महाविद्यालय के शिक्षक

कोविड प्रोटोकाल का पालन करते कोरोना वॉरियर

महाविद्यालय की कक्षाओं को सेनेटाइज करता महाविद्यालय का कोरोना वारियर

## समावर्तन संस्कार समारोह

समावर्तन संस्कार समारोह की एक झलक

महाविद्यालय स्नातक एवं स्नातकोत्तर की शिक्षा पूर्ण कर रहे विद्यार्थियों के लिए अपने स्थापना काल से प्रतिवर्ष समावर्तन संस्कार समारोह आयोजित करता है। समावर्तन संस्कार का हिन्दू जीवन दर्शन के मानव जीवन के षोडश संस्कारों में महत्वपूर्ण स्थान है। समावर्तन संस्कार के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय जीवन मूल्य का सम्मान करने, योग्य नागरिक बनने, जीवन में शुचिता एवं ईमानदारी के साथ-साथ पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन के उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने के साथ-साथ देश की राष्ट्रीय एकता और अखण्डता का अक्षुण्ण बनाये रखने की शपथ दिलायी जाती है। साथ ही समावर्तन उपदेश के माध्यम से उन्हें अपने दायित्वों के निर्वहन हेतु प्रेरित किया जाता है। पन्द्रहवां समावर्तन संस्कार समारोह 13 मार्च 2022 को सम्पन्न हो रहा है।

## वार्षिक योजना विवरण

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में 01 जुलाई 2021 ई. से सप्तदिवसीय शिक्षक- कार्यशाला एवं वार्षिक-योजना बैठक प्रारम्भ हुई। प्रातः 9 बजे से 1 बजे तक चलने वाली कार्यशाला एवं वार्षिक योजना बैठक 7 जुलाई 2021 को सम्पन्न हुई। प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव की अध्यक्षता में सम्पन्न कार्यशाला एवं वार्षिक योजना बैठक में विचारार्थ निम्न विषय प्रस्तुत किए गए-

सप्तदिवसीय शिक्षक कार्यशाला एवं वार्षिक योजना बैठक के उद्घाटन सहित विभिन्न दिनों की कुछ झलकियाँ

1. शैक्षिक पचांग।
2. दायित्त्वसह कार्य विभाजन।
3. शिक्षक आचार संहिता
4. प्रवेश एवं परीक्षा।
5. समय–सारणी।
6. पठन–पाठन।
7. पुस्तकालय–वाचनालय
8. प्रयोगशाला
9. कक्षाध्यापन में नए प्रयोग।
10. प्रार्थना सभा
11. विविध प्रयोगों में विकासात्मक प्रवृत्ति की दिशा–
    - (क) पाठ्यक्रम योजना
    - (ख) विद्यार्थी द्वारा साप्ताहिक कक्षाध्यापन
    - (ग) मासिक मूल्यांकन
    - (घ) शिक्षक प्रतिपुष्टि– प्रपत्र द्वारा शिक्षक मूल्यांकन
    - (ङ) शिक्षक स्वमूल्यांकन
    - (च) साप्ताहिक स्वैच्छिक श्रमदान
    - (छ) गोद लिए गए विद्यार्थी
    - (ज) गोद लिए गए गाँव
    - (झ) मासिक मूल्यांकन
12. प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम।
    - (क) जीवनमूल्य
    - (ख) हमारे पूर्वज
    - (ग) नि:शुल्क सिलाई–कढ़ाई एवं पेंटिंग
    - (घ) नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण
    - (ङ) आपदा और राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबन्धन
13. नि:शुल्क प्राथमिक उपचार केन्द्र।
14. क्रीड़ा
15. छात्रसंघ
16. राष्ट्रीय सेवा योजना
17. एन.सी.सी.
18. रोवर्स रेंजर
19. वेबसाइट/फेसबुक/ट्यूटर/यूट्यूब
20. तकनीकी प्रसार
21. कार्यालय
22. NAAC/AISHE
23. महत्त्वपूर्ण आयोजन–
    - (क) 13 अगस्त भारत विभाजन की पूर्व संध्या (व्याख्यान)
    - (ख) 15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस समारोह
    - (ग) राष्ट्रसंत महन्त अवेद्यनाथ स्मृति व्याख्यान माला
    - (घ) साप्ताहिक पुण्यतिथि समारोह
    - (ङ) युवा महोत्सव/वार्षिक महोत्सव
    - (च) संस्थापक सप्ताह समारोह (शिक्षा परिषदद)
    - (छ) भारत–भारती पखवारा (12 जनवरी–26 जनवरी)
    - (ज) सरस्वती पूजा (बसन्त पंचमी)
    - (झ) समावर्तन संस्कार–समारोह
24. वार्षिक बजट
25. अन्य किसी के सुझाव पर

**वार्षिक योजना बैठक में उपर्युक्त विषयों पर विचार-विमर्श कर एक मत से निम्नांकित निर्णय लिए गए-**

1. **शैक्षिक पंचांग** - महाविद्यालय का शैक्षिक पञ्चांग पाँच भागों से मिलकर बनाया गया। भाग 01 - महाविद्यालय के प्रमुख कार्यक्रम गतिविधियाँ एवं समय-सारणी। भाग 02 - विभागीय कार्ययोजना एवं कार्यक्रम। भाग 03 - क्रीड़ा गतिविधियाँ। भाग 04 - राष्ट्रीय सेवा योजना का वार्षिक विवरण भाग 05 - प्रमुख अवकाश। शैक्षिक पञ्चांग निम्नवत है -

**भाग-1 : वार्षिक तिथिक्रम - महत्वपूर्ण कार्यक्रम**

| | |
|---|---|
| 16 जून, 2021 | कक्षारम्भ ऑनलाइन, स्नातक द्वितीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर अन्तिम वर्ष |
| 04 जुलाई | स्वामी विवेकानन्द पुण्यतिथि पर पौधारोपड़ |
| 10 अगस्त | वार्षिक परीक्षा |
| 11 अगस्त | कक्षारम्भ स्नातक प्रथम एवं तृतीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष |
| 13 अगस्त | भारत विभाजन की पूर्व संध्या पर व्याख्यान |
| 15 अगस्त | स्वतंत्रता दिवस समारोह |
| 16 अगस्त | प्रयोगशालाएं प्रारम्भ |
| 22 अगस्त | आपदा और राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबन्धन - प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम प्रारम्भ |
| 23-29 अगस्त | राष्ट्रसंत महन्त अवेद्यनाथ स्मृति साप्ताहिक व्याख्यान-माला |
| 04-05 सितम्बर | राष्ट्रीय संगोष्ठी, प्राचीन इतिहास विभाग |
| 07-08-09 सितम्बर | छात्रसंघ चुनाव |
| 13 सितम्बर | शिक्षक संघ चुनाव |
| 14 सितम्बर | हिन्दी दिवस, छात्रसंघ शपथ ग्रहण |
| 18 सितम्बर | ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ एवं ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ स्मृति साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह उद्घाटन कार्यक्रम (श्रीगोरखनाथ मंदिर) |
| 20 सितम्बर | महाराणा अग्रसेन जयन्ती- व्याख्यान |
| 23 सितम्बर | युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ एवं राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ स्मृति साप्ताहिक श्रद्धांजलि कार्यक्रम (महाविद्यालय में) |
| 24 सितम्बर | बह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ एवं ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ स्मृति साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह समापन कार्यक्रम - (श्रीगोरखनाथ मन्दिर परिसर में) |

| | |
|---|---|
| 25 सितम्बर | कर्मचारी संघ चुनाव |
| 02 अक्टूबर | महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती पर महाविद्यालय के सभी शिक्षकों, कर्मचारी, गोद लिए गए विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता अभियान, गोद लिए गए विद्यार्थियों की बैठक, महाविद्यालय के त्रयमासिक शिक्षक, प्राचार्य समीक्षा बैठक) |
| 04 अक्टूबर (अश्विनकृष्ण त्रयोदर्शी) | योगिराज बाबा गम्भीरनाथ स्मृति व्याख्यान |
| 31 अक्टूबर | वल्लभ भाई पटेल/आचार्य नरेन्द्र देव जयन्ती-अभिरूचिकारी व्याख्यान (1) (विषय - फिल्म, सोसाइटी और लिट्रेचर) श्रीमती कविता मन्ध्यान |
| 07 नवम्बर | विपिन चन्द्रपाल जयन्ती- अभिरूचिकारी व्याख्यान (2) (विषय - स्वतंत्रता संग्राम में विपिन चन्द्रपाल का योगदान) डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह (पूर्वसंध्या) |
| 19 नवम्बर | गुरु नानक जयन्ती- व्याख्यान |
| 22-28 नवम्बर | वार्षिक महोत्सव (महाविद्यालय) |
| 24 नवम्बर | गुरु तेग बहादुर शहीद दिवस पर व्याख्यान |
| 04-10 दिसम्बर | संस्थापक सप्ताह समारोह (शिक्षा परिषद के सभी संस्थाओं के स्तर पर) |
| 06 दिसम्बर | डॉ. बी.आर. अम्बेडकर महापरिनिर्वाण दिवस पर व्याख्यान (पूर्व संध्या) |
| 16 दिसम्बर | विजय दिवस समारोह-अभिरूचिकारी व्याख्यान (2) (विषय - वर्तमान समय में 16 दिसम्बर, 1971 का स्त्रातजिक मूल्यांकन) डॉ. रमाकान्त दूबे |
| 12-26 जनवरी | भारत-भारती पखवारा |
| 26 जनवरी | गणतन्त्र दिवस समारोह |
| 05 फरवरी | बसन्त पंचमी - माँ सरस्वती पूजन |
| 06-20 फरवरी | विश्वविद्यालय पूर्व परीक्षा एवं परिणाम घोषणा |
| 16 फरवरी | माघपूर्णिमा- संत रविदास जयन्ती - अभिरूचिकारी व्याख्यान (4) (विषय- सन्त रविदास का सामाजिक सरोकार) डॉ. आरती सिंह |
| 22-24 फरवरी | रिमेडियल कक्षाएं |
| 13 मार्च | समावर्तन संस्कार समारोह |
| मार्च | विश्वविद्यालय परीक्षा |

## प्रार्थना सभा के कार्यक्रम

| अगस्त | |
|---|---|
| 1 | अवकाश/लोकमान्य तिलक महाप्रयाण दिवस/राजर्षि टण्डन जयन्ती |
| 2 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ प्रथम अध्याय, श्लोक- 01, 02 |
| 3 | मैथिलीशरण गुप्त जयन्ती |
| 4 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ प्रथम अध्याय, श्लोक- 21, 22, 44 |
| 5 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ द्वितीय अध्याय, श्लोक- 01, 02, 03 |
| 6 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ द्वितीय अध्याय, श्लोक- 13, 14, 15 |
| 7 | साप्ताहिक योगाभ्यास/रविन्द्रनाथ टैगोर पुण्यतिथि |
| 8 | अवकाश |
| 9 | भारत छोड़ो आन्दोलन/काकोरी काण्ड |
| 10 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ द्वितीय अध्याय, श्लोक- 16, 18, 20 |
| 11 | खुदीराम बोस बलिदान दिवस |
| 12 | अमर शहीद बन्धु सिंह बलिदान दिवस |
| 13 | अहिल्याबाई होलकर पुण्यतिथि |
| 14 | साप्ताहिक योगाभ्यास |
| 15 | स्वतन्त्रता दिवस/महर्षि अरविन्द जयन्ती/अवकाश |
| 16 | रामकृष्ण परमहंस पुण्यतिथि 1886/ अटल स्मृति दिवस |
| 17 | मदनलाल धीगड़ा बलिदान दिवस |
| 18 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ द्वितीय अध्याय, श्लोक- 23, 24, 25 |
| 19 | मोहर्रम |
| 20 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ द्वितीय अध्याय, श्लोक- 26, 27, 28 |
| 21 | साप्ताहिक योगाभ्यास |
| 22 | अवकाश/रक्षाबन्धन |
| 23 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ द्वितीय अध्याय, श्लोक- 33, 34, 35 |
| 24 | राजगुरु जयन्ती |
| 25 | रास बिहारी बोस पुण्यतिथि |
| 26 | रानी पद्मिनी जौहर दिवस |

| | |
|---|---|
| 27 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ द्वितीय अध्याय, श्लोक- 36, 37, 38 |
| 28 | साप्ताहिक योगाभ्यास /राष्ट्रीय खेल दिवस (मेजर ध्यानचन्द जयन्ती) पूर्व दिवस |
| 29 | अवकाश/राष्ट्रीय खेल दिवस (मेजर ध्यानचन्द जयन्ती) |
| 30 | कृष्ण जन्माष्टमी |
| 31 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ द्वितीय अध्याय, श्लोक- 42, 43, 44 |
| **सितम्बर** | |
| 1 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, द्वितीय अध्याय, श्लोक- 45, 46 |
| 2 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, द्वितीय अध्याय, श्लोक- 47, 48 |
| 3 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, द्वितीय अध्याय, श्लोक- 54, 55, 56 |
| 4 | साप्ताहिक योगाभ्यास/दादाभाई नौरोजी जयन्ती, शिक्षक दिवस (पूर्व दिवस) |
| 5 | अवकाश/शिक्षक दिवस, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जयन्ती |
| 6 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, द्वितीय अध्याय, श्लोक- 62, 63, 64 |
| 7 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, द्वितीय अध्याय, श्लोक- 66, 67, 68 |
| 8 | विश्व साक्षरता दिवस |
| 9 | भारतेन्दु हरिश्चन्द्र जयन्ती |
| 10 | गोविन्द बल्लभ पन्त जयन्ती/आचार्य विनोबा भावे जयन्ती |
| 11 | महादेवी वर्मा पुण्यतिथि |
| 12 | अवकाश |
| 13 | यतीन्द्रनाथ बोस बलिदान दिवस |
| 14 | हिन्दी दिवस/दधीचि जयन्ती( भाद्रपाद शुक्ल पक्ष की अष्टमी) |
| 15 | एम. विश्वेश्रैया जयन्ती (इन्जीनियर्स डे) |
| 16 | विश्व ओजोन संरक्षण दिवस |
| 17 | विश्वकर्मा जयन्ती |
| 18 | साप्ताहिक योगाभ्यास |
| 19 | अवकाश/ अनन्त चतुर्दशी |
| 20 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, द्वितीय अध्याय, श्लोक- 70, 71, 72 |
| 21 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, त्रतीय अध्याय, श्लोक- 25, 26 |
| 22 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, त्रतीय अध्याय, श्लोक- 27, 29, 30 |
| 23 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, त्रतीय अध्याय, श्लोक- 33, 34, 35 |

| | |
|---|---|
| 24 | भिकाजी कामा जयन्ती |
| 25 | साप्ताहिक योगाभ्यास /पं. दीनदयाल उपाध्याय जयन्ती/सतीश धवन जयन्ती |
| 26 | अवकाश |
| 27 | राजा राम मोहन राय पुण्यतिथि/राष्ट्रीय पर्यटन दिवस |
| 28 | सरदार भगत सिंह जयन्ती/चेहल्लूम |
| 29 | ईश्वर चन्द्र विद्यासागर जयन्ती |
| 30 | श्रीमद्भगवतगीता पाठ, तृतीय अध्याय, श्लोक- 36, 37, 38 |
| **अक्टूबर** | |
| 1 | एनी बेसेन्ट जयन्ती |
| 2 | साप्ताहिक योगाभ्यास/महात्मा गांधी जयन्ती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती |
| 3 | अवकाश |
| 4 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, तृतीय अध्याय, श्लोक- 41, 42, 43 |
| 5 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, चतुर्थ अध्याय, श्लोक- 05, 06, 07, 08 |
| 6 | मेधनाथ साहा जयन्ती/पितृ विसर्जन |
| 7 | गुरु गोविन्द सिंह पुण्यतिथि |
| 8 | वायुसेना दिवस/मुंशी प्रेमचन्द स्मृति दिवस |
| 9 | साप्ताहिक योगाभ्यास |
| 10 | अवकाश |
| 11 | जय प्रकाश नारायण जयन्ती/दशहरा अवकाश |
| 12 | राम मनोहर लोहिया पुण्यतिथि/दशहरा अवकाश |
| 13 | दशहरा अवकाश |
| 14 | दशहरा अवकाश |
| 15 | डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जयन्ती/दशहरा अवकाश |
| 16 | साप्ताहिक योगाभ्यास/दशहरा अवकाश |
| 17 | अवकाश |
| 18 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, चतुर्थ अध्याय, श्लोक- 11, 12, 13 |
| 19 | स्वामी महावीर निर्वाण दिवस/वाराकात ईद-ए-मिलाद |
| 20 | वाल्मीकि जयन्ती (अश्विन मास पूर्णिमा) |
| 21 | आजाद हिन्द फौज स्थापना दिवस |

| | |
|---|---|
| 22 | अशफाक उल्ला खाँ जयन्ती |
| 23 | साप्ताहिक योगाभ्यास |
| 24 | अवकाश/संयुक्त राष्ट्रसंघ स्थापना दिवस |
| 25 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, चतुर्थ अध्याय, श्लोक- 16, 17, 18 |
| 26 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, चतुर्थ अध्याय, श्लोक- 25, 26, 27 |
| 27 | जतीन्द्र नाथ दास जयन्ती |
| 28 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, चतुर्थ अध्याय, श्लोक- 28, 29, 30 |
| 29 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, चतुर्थ अध्याय, श्लोक- 34, 35, 36 |
| 30 | साप्ताहिक योगाभ्यास/होमी जहांगीर भाभा जयन्ती |
| 31 | अवकाश/ इन्दिरा गांधी पुण्यतिथि /सरदार बल्लभ भाई पटेल जयन्ती |
| **नवम्बर** | |
| 1 | अवकाश (दिपावली अवकाश) |
| 2 | अवकाश (दिपावली अवकाश) |
| 3 | गुरु गोविन्द सिंह पुणतिथि (कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी) |
| 4 | वासुदेव बलवन्त फड़के जयन्ती/स्वामी दयानन्द सरस्वती निर्वाण दिवस (कार्तिक कृष्ण अमावस्या) |
| 5 | गोवर्धन पूजा भैया दूज |
| 6 | साप्ताहिक योगाभ्यास/महात्मा ज्योतिबा फूले जयन्ती |
| 7 | अवकाश/विपिन चन्द्र पाल/ सी.वी. रमन जयन्ती |
| 8 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, चतुर्थ अध्याय, श्लोक- 38, 41, 42 |
| 9 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, पंचम अध्याय, श्लोक- 01, 02, 03 |
| 10 | छठ पर्व |
| 11 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, पंचम अध्याय, श्लोक- 09, 09, 10 |
| 12 | मदन मोहन मालवीय पुण्यतिथि |
| 13 | साप्ताहिक योगाभ्यास |
| 14 | अवकाश |
| 15 | आचार्य विनोबा भावे पुण्यतिथि/विरसा मुण्डा जयन्ती/कार्तिक एकादशी |
| 16 | राष्ट्रीय प्रेस दिवस |
| 17 | लाला लाजपत राय बलिदान दिवस |
| 18 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, पंचम अध्याय, श्लोक- 15, 16, 17 |

| | |
|---|---|
| 19 | गुरुनानक जयन्ती (कार्तिक पूर्णिमा)/रानी लक्ष्मीबाई जयन्ती |
| 20 | साप्ताहिक योगाभ्यास |
| 21 | अवकाश/महात्मा ज्योतिबा फूले पुण्यतिथि |
| 22 | झलकारी बाई जयन्ती |
| 23 | जगदीश चन्द्र बोस पुण्यतिथि |
| 24 | गुरुतेग बहादुर शहीद दिवस |
| 25 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, पंचम अध्याय, श्लोक, 18, 19, 20 |
| 26 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, पंचम अध्याय, श्लोक, 24, 25, 26 |
| 27 | साप्ताहिक योगाभ्यास |
| 28 | अवकाश |
| 29 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, षष्ठम अध्याय, श्लोक- 01, 04, 15 |
| 30 | जगदीश चन्द्र बोस जयन्ती |
| **दिसम्बर** | |
| 1 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, षष्ठम अध्याय, श्लोक- 37, 38, 39 |
| 2 | राष्ट्रीय प्रदूषण नियन्त्रण दिवस |
| 3 | डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जयन्ती |
| 4 | साप्ताहिक योगाभ्यास/भारतीय नौसेना दिवस |
| 5 | अवकाश/डॉ. भीमराव अम्बेडकर पुण्यतिथि |
| 6 | डॉ. भीमराव अम्बेडकर पुण्यतिथि |
| 7 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, षष्ठम अध्याय, श्लोक- 39, 40 |
| 8 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, षष्ठम अध्याय, श्लोक- 42, 43 |
| 9 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, षष्ठम अध्याय, श्लोक- 44, 45 |
| 10 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, षष्ठम अध्याय, श्लोक- 46, 47 |
| 11 | साप्ताहिक योगाभ्यास |
| 12 | अवकाश |
| 13 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, सप्तम अध्याय, श्लोक- 01, 02 |
| 14 | राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस |
| 15 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, सप्तम अध्याय, श्लोक- 03, 06 |
| 16 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, सप्तम अध्याय, श्लोक- 07, 12 |

| | |
|---|---|
| 17 | राजेन्द्र लाहिड़ी बलिदान दिवस |
| 18 | साप्ताहिक योगाभ्यास |
| 19 | अवकाश/रोशन सिंह, रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खाँ बलिदान दिवस |
| 20 | वीर छत्रसाल पुण्यतिथि |
| 21 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, सप्तम अध्याय, श्लोक- 14, 16, 17 |
| 22 | राष्ट्रीय गणित दिवस |
| 23 | किसान दिवस (चौधरी चरण सिंह जयन्ती) |
| 24 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, अष्टम अध्याय, श्लोक- 01, 05 |
| 25 | क्रिस्मष्ठा डे (अवकाश)/मदन मोहन मालवीय जयन्ती |
| 26 | अवकाश/फतेह सिहं, जोरावर सिंह बलिदान दिवस |
| 27 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, अष्टम अध्याय, श्लोक- 27, 28 |
| 28 | सुमित्र नन्दन पन्त स्मृति दिवस |
| 29 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, नवम अध्याय, श्लोक- 01, 03 |
| 30 | महर्षि रमण जयन्ती |
| 31 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, नवम अध्याय, श्लोक- 06, 09 |
| **जनवरी** | |
| 1 | साप्ताहिक योगाभ्यास/शान्ति स्वरूप भटनागर स्मृति दिवस |
| 2 | अवकाश |
| 3 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, नवम अध्याय, श्लोक- 16, 17 |
| 4 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, नवम अध्याय, श्लोक- 18, 27 |
| 5 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, दश अध्याय, श्लोक- 02, 32 |
| 6 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, दश अध्याय, श्लोक- 33,, 34 |
| 7 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, दश अध्याय, श्लोक- 38, 39 |
| 8 | साप्ताहिक योगाभ्यास |
| 9 | अवकाश/हर गोविन्द खुराना जयन्ती |
| 10 | विश्व हिन्दी दिवस |

| | |
|---|---|
| 11 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, एकादश अध्याय, श्लोक- 01, 02 |
| 12 | स्वामी विवेकानन्द जयन्ती |
| 13 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, एकादश अध्याय, श्लोक- 19, 20 |
| 14 | मकर संक्रान्ति |
| 15 | साप्ताहिक योगाभ्यास/मकर संक्रान्ति/अवकाश |
| 16 | अवकाश |
| 17 | श्रीमद्भगवत गीता पाठ, एकादश अध्याय, श्लोक- 52, 53 |
1. प्रार्थना सभा – प्रार्थना सभा महाविद्यालय की आत्मा है। यह प्रत्येक शैक्षिक दिवस 9:20 से 9:40 तक होता है। इसमें विभाग के प्रत्येक शिक्षक-विद्यार्थी सकारात्मक भाव से उपस्थित होकर प्रार्थना, वन्दना के साथ अपने दिन की शुरुआत करते हैं। इस सत्र में प्रार्थना सभा प्रभारी बी.एड्. विभाग की सहायक आचार्य सुश्री दीप्ती गुप्ता हैं। श्रीमद्भगवत गीता के महत्वपूर्ण श्लोकों का पाठ बी.एड्. विभागाध्यक्ष श्रीमती शिप्रा सिंह द्वारा किया जाता है। जो इस सत्र में भी लागू रहेगा।
2. समय-सारणी – महाविद्यालय में प्रत्येक कक्षाएं समय-सारणी के अनुसार चलती हैं, जिसमें बी.एड्. विभाग की अपनी समय-सारणी के अनुसार कक्षाएं चलेंगी।
3. महाविद्यालय ब्लॉग – महाविद्यालय के वेबसाइट पर सभी शिक्षक के ब्लाग हैं। जिसमें सभी शिक्षक अपने विषय से सम्बन्धित कन्टेंट अपडेट करते हैं। जिसे विद्यार्थी या अन्य कोई भी देख-पढ़ सकते हैं। इसका उद्देश्य तकनीकी के माध्यम से अतिरिक्त कन्टेंट उपलब्ध कराना है। जिससे अनौपचारिक रुप से भी पाठ्यक्रम का अध्ययन किया जा सके, यह इस सत्र में भी लागू रहेगा।
4. राज्य स्तरीय डिजिटल लाइब्रेरी – डिजिटल लाइब्रेरी पर ई-कंटेन्ट महाविद्यालय द्वारा पिछले सत्र में सभी शिक्षकों ने अपने ई-कंटेंट अपलोड किये थे, जो इस सत्र में भी लागू रहेगा।
5. स्मार्ट बोर्ड का प्रयोग – महाविद्यालय प्रत्येक सत्र में तकनीकी के क्षेत्र में नवाचार करता है, जिससे शिक्षक-छात्र अधिगम का विकास हो। इस उद्देश्य के साथ इस सत्र में स्मार्ट बोर्ड के संचालन का प्रयोग

प्रत्येक शिक्षक द्वारा किया जाएगा।

6. पुस्तकालय–वाचनालय – महाविद्यालय की योजनानुसार प्रत्येक शिक्षक अपने रिक्त समय का सदुपयोग एवं ज्ञान के विकास के लिए पुस्तकालय में जाते हैं, और वहाँ आवागमन पंजिका पर उपस्थिति दर्ज करते हैं। विभाग के द्वारा प्रत्येक सत्र बी.एड्. विषय की पुस्तकें पुस्तकालय को दान की जाती हैं। छात्राध्यापकों को भी पुस्तकालय में पुस्तक दान करने के लिए प्रेरित किया जाता है। छात्रों को अध्ययन हेतु डिजिटल प्लेटफार्म उपलब्ध कराने हेतु शिक्षक द्वारा गोद लिए गये छात्रों को एन–लिस्ट से जोड़ा गया है, जिससे कि महाविद्यालय के ऑनलाइन लाइब्रेरी से जुड़कर अध्ययन कर सकते हैं। जो इस सत्र में भी लागू है।
7. पाठ्यक्रम योजना – महाविद्यालय की वेबसाइट पर सत्र के प्रारम्भ में सम्पूर्ण वार्षिक पाठ योजना उद्धरित कर दी जाती है। इसका उद्देश्य सम्पूर्ण पाठ्यक्रम योजना बनाकर पूर्व नियोजित ढंग से कक्षा का संचालन किया जा सके। छात्र वार्षिक पाठ योजना से प्रत्येक कार्य दिवस में पढ़ाये जाने वाले विषय से परिचित हो सके।
8. नवआगन्तुक छात्राध्यापकों का स्वागत – प्रतिवर्ष बी.एड्. द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों द्वारा बी.एड्. प्रथम वर्ष के नवागन्तुक छात्राध्यापकों को तिलक लगाकर एवं रक्षासूत्र बाँधकर स्वागत किया जाता है। जिसका उद्देश्य छात्राध्यापकों को आत्मीयता का बोध कराने व परिसर संस्कृति से परिचित कराना है, जो इस सत्र में भी करने की योजना है।
9. मासिक मूल्यांकन – प्रत्येक माह में पढ़ाये गये विषय–वस्तु से सम्बन्धित प्रश्नपत्र माह के अन्तिम सप्ताह में तैयार करके छात्रों की अधिगम उपलब्धि का परीक्षण किया जाता है। प्रश्न पत्र में निर्धारित पूर्णांक के आधार पर बहुविकल्पीय/निबन्धात्मक परीक्षा ली जाती है। इसके द्वारा छात्राध्यापकों के सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन की अवधारणा को पूरा करने का प्रयास किया जाता है। जो इस सत्र में भी लागू रहेगा।
10. प्रगति आख्या – बी.एड्. में पढ़ रहे सभी छात्राध्यापकों की एक सत्र की सम्पूर्ण कक्षागत गतिविधियां, आचरण व्यवहार का माहवार संकलन होता है। जिसका उद्देश्य छात्राध्यापकों के परिमाणात्मक एवं गुणात्मक मूल्यांकन कर छात्राध्यापकों का सुधारात्मक विश्लेषण करना। इस सत्र में भी लागू रहेगा।
11. स्वमूल्यांकन प्रपत्र – प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में शिक्षक स्व–मूल्यांकन प्रपत्र जमा होता है। जिसका उद्देश्य शिक्षक स्वयं की कार्यपद्धति का मूल्यांकन एवं विश्लेषण करें। यह कार्यपद्धति इस सत्र में भी लागू रहेगा।
12. शिक्षक प्रतिपुष्टि प्रपत्र – इस सत्र में दो बार सितम्बर एवं दिसम्बर माह में प्रत्येक शिक्षक का छात्राध्यापकों द्वारा शिक्षक प्रतिपुष्टि प्रपत्र भरवाया जाता है। इस प्रपत्र का उद्देश्य छात्रों द्वारा दिये गये प्रतिपुष्टि के आधार पर शिक्षक द्वारा अपने शिक्षण प्रविधियों में सुधार के प्रयास किये जाते हैं। जो इस सत्र में भी लागू रहेगा।
13. प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रम – मानवीय मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धान हेतु बी.एड्. विभाग में जीवन मूल्य एवं हमारे पूर्वज पाठ्यक्रम चलाये जाते हैं, जिसमें सनातन मूल्यों, भारतीय संस्कृति एवं सामाजिक–सांस्कृतिक नवाचार लाने सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में महती भूमिका निभाने वाले महान पूर्वजों के बारे में अध्ययन–अध्यापन किया जाता है तथा उसके पूर्ण होने के पश्चात छात्राध्यापकों में व्यवहारगत मूल्यों में परिवर्तन हुआ, इसके लिए निबन्धात्मक परीक्षा करायी जाती है एवं उत्तीर्ण छात्राध्यापकों को प्रमाण–पत्र दिये जाते हैं।
14. मिशन मंझरिया – 2021–22 में ''एक विभाग–एक गाँव योजना'' को पूर्ववत जारी रखते हुए महाविद्यालय

से सटे ग्राम मंझरिया को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता के साथ-साथ तकनीकी विकास के प्रति जागरूकता के साथ-साथ केन्द्र तथा प्रदेश सरकार की योजनाओं से संतृप्त गांव बनाने का मिशन मंझरिया प्रोजेक्ट को एक कदम और आगे बढ़ाने की योजना। इस सत्र में लागू रहेगा।

15. स्वैच्छिक श्रमदान – महाविद्यालय द्वारा आयोजित प्रत्येक शनिवार साप्ताहिक स्वैच्छिक श्रमदान कार्यक्रम में शिक्षक-छात्राध्यापक प्रतिभाग करते हैं। इसका उद्देश्य शिक्षकों एवं छात्राध्यापकों में श्रम की महत्ता का बोध कराना है। जो इस सत्र में भी लागू रहेगा।
16. मासिक समीक्षा बैठक – प्रत्येक माह विभागीय स्तर पर मासिक समीक्षा की जाती है इसमें अगले माह की योजना तैयार की जाती है। इस सत्र में भी यह लागू रहेगा।
17. साप्ताहिक शिक्षक बैठक – प्रति सप्ताह किये गए पठन-पाठन से सम्बन्धित गतिविधियाँ नवाचार, आदि की समीक्षा एवं अगले सप्ताह की योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक शनिवार को विभागाध्यक्ष की अध्यक्षता में साप्ताहिक शिक्षक बैठक किया जाता है। इस सत्र में भी लागू रहेगा।
18. नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 125वीं जयंती वर्ष – 23 जनवरी 2021 से नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 125वीं जयन्ती वर्ष कार्यक्रम मनायी जा रही है। जिसके अन्तर्गत 23 जनवरी 2022 तक कार्यक्रम किये जाऐंगे।
19. बी.एड्. स्काउट-गाइड परिचयात्मक – फरवरी माह में 15-19 फरवरी 2022 को पाँच दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन।
20. छात्रसंघ – महाविद्यालय में प्रतिवर्ष छात्रसंघ का चुनाव होता है। इसमें बी.एड्. के छात्राध्यापक प्रतिभाग करते हैं। छात्रसंघ पदाधिकारी के चयन हेतु कक्षा प्रतिनिधि का चुनाव किया जाता है। इसके चयन का आधार छात्र की उपस्थिति मासिक मूल्यांकन के अंक एवं आचरण व्यवहार के आधार पर किया जाता है। जिसका उद्देश्य छात्रों में लोकतंत्र की भावना एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। जो इस सत्र में लागू रहेगा।
21. नैक – महाविद्यालय को नैक द्वारा श्रेणी बी प्रत्यायित है। रैंक में और अधिक सुधार हेतु नैक द्वारा दिये गये मानकों को पूरा करने की दिशा में इस सत्र में बी.एड्. विभाग अग्रसर है। विभाग द्वारा आई.क्यू.ए.सी. को सम्पूर्ण नवीन सूचनाएँ नियमित अंतराल पर उपलब्ध कराई जाती है।
22. उन्नत भारत अभियान – उन्नत भारत अभियान गाँवों को उन्नत करने की केन्द्र सरकार की एक योजना है। जिसके तहत बी.एड्. विभाग के मिशन मंझारिया में कार्य अग्रसर है।

**C ) शिक्षण विधियाँ**

1. प्रोजेक्टरयुक्त कक्षाएँ – गत सत्र बी.एड्. विभाग में प्रत्येक कक्षाएँ सम्पूर्ण पावर प्वाइंट पर ली गयी। इस वर्ष भी हम एक कदम और आगे चलने का प्रयास करेंगें।
2. व्याख्यान विधि – शिक्षण विधियों में व्याख्यान के बिना सम्पूर्ण शिक्षण अधूरा है। हम अपनी बी.एड्. की कक्षाओं में भी व्याख्यान विधि का प्रयोग करते हैं, इस वर्ष व्याख्यान में शिक्षक-छात्र अन्त:क्रिया के प्रयोग पर अत्यधिक बल दिया जाऐगा।
3. प्रोजेक्ट विधि – शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को प्रभावी बनाने हेतु बी.एड्. की सभी कक्षाओं में प्रोजेक्ट विधि का प्रयोग किया जाता है जो इस सत्र में भी लागू रहेगा।
4. सामूहिक परिचर्चा – बी.एड्. की प्रत्येक कक्षाओं में एक व्याख्यान पूर्ण करने के बाद उस प्रकरण पर

छात्राध्यापकों द्वारा सामूहिक चर्चा की जाती है। इस सत्र में भी पूर्ण रूपेण लागू।

5. समनुदेशन विधि – बी.एड् सत्र की प्रत्येक सैद्धन्तिक एवं प्रयोगात्मक कार्य में एसाइनमेंट विधि का प्रयोग किया जाता है जिससे कि व्यक्तिगत शिक्षण विधियों में जो कठिनाई होती है उसको दूर किया जा सके। इस सत्र में भी लागू होगा।
6. उपचारात्मक अनुदेशन – मासिक मूल्यांकन परीक्षण में जिस विषय वस्तु पर अच्छी उपलब्धि नहीं दिखाई पड़ती उस विषय पर पुनः उपचारात्मक अनुदेशन किया जाता है। इस सत्र में भी लागू रहेगा।
7. स्कूल इंटर्नशिप – बी.एड्. द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों का विद्यालयी प्रशिक्षण कार्य प्रत्येक वर्ष की भांति कराने की योजना। इस सत्र में भी लागू रहेगा।
8. सूक्ष्म शिक्षण – बी.एड्. प्रथम वर्ष की कक्षाओं का प्रतिदिन सूक्ष्म शिक्षण कौशल अभ्यास। सत्रारम्भ से ही लागू होगा।
9. ग्राम्य प्रोजेक्ट – एक विभाग एक गांव के तर्ज पर इस वर्ष भी ग्राम विकास के लिए अग्रसर रहेंगें।
10. शैक्षिक भ्रमण – बी.एड्. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्रोंका किसी दर्शनीय स्थल का शैक्षिक भ्रमण। इस सत्र में परिस्थिति अनुकूल रहने पर किया जाऐगा।

**D**) कार्यशाला, व्याख्यान, संगोष्ठी

**जुलाई-2021**

| दिनांक | दिन | समय | विषय | कार्यक्रम | प्रस्तावित वक्ता |
|---|---|---|---|---|---|
| 07.07.2021 | बुद्धवार | 11.00–11.50 | नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 125वीं जयंती वर्ष के अन्तर्गत | पौधरोपण | – |

**अगस्त-2021**

| दिनांक | दिन | समय | विषय | कार्यक्रम | प्रस्तावित वक्ता |
|---|---|---|---|---|---|
| 26.08.2021 | गुरुवार | 12.10–01.20 | मिशन शक्ति के अतर्गत इक्वैलिटी डे वुमेन | भाषण प्रतियोगिता | – |

**सितम्बर-2021**

| दिनांक | दिन | समय | विषय | कार्यक्रम | प्रस्तावित वक्ता |
|---|---|---|---|---|---|
| 04.09.2021 | शनिवार | 11.00–11.50 | मिशन शक्ति के अंतर्गत पोषण के प्रति जागरूकता | पोस्टर प्रतियोगिता | – |
| 05.09.2021 | रविवार | 11.00–11.50 | मिशन शक्ति के अंतर्गत समसामयिक संदर्भ में शिक्षक का आदर्श एवं व्यवहार | आनलाइन व्याख्यान | डॉ. राजशरण शाही |
| 16.09.2021 | शुक्रवार | 12.00–12.50 | नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 125वीं जयंती वर्ष पर विश्व ओजोन दिवस | शोध व्याख्यान | – |
| 25.09.2021 | शनिवार | 11.00–11.50 | मिशन शक्ति के अंतर्गत नारी सशक्तीकरण | व्याख्यान | शीलम वाजपेयी |
| 25.09.2021 | शनिवार | 09.25–09.40 | मिशन शक्ति के अंतर्गत | योगाभ्यास | – |

**अक्टूबर–2021**

| दिनांक | दिन | समय | विषय | कार्यक्रम | प्रस्तावित वक्ता |
|---|---|---|---|---|---|
| 02.10.2021 | शुक्रवार | 09.25–09.40 | मिशन शक्ति के अंतर्गत प्रार्थना सभा में एनीबेसेन्ट जयंती पर व्याख्यान | उदबोधन | – |
| 22.10.2021 | शुक्रवार | 11.20–12.10 | नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 125वीं जयंती वर्ष के अन्तर्गत भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में स्वतन्त्र भावना | भाषण प्रतियोगिता | – |
| 30.10.2021 | शनिवार | 09.25–09.40 | मिशन शक्ति के अंतर्गत प्रार्थना सभा में शपथ ग्रहण (राष्ट्रीय एकता दिवस) | – | – |

**नवम्बर–2021**

| दिनांक | दिन | समय | विषय | कार्यक्रम | प्रस्तावित वक्ता |
|---|---|---|---|---|---|
| 13.11.2021 | शनिवार | 13.30–1.20 | नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती वर्ष के अंतर्गत | वाद–विवाद प्रतियोगिता | – |

**दिसम्बर–2021**

| दिनांक | दिन | समय | विषय | कार्यक्रम | प्रस्तावित वक्ता |
|---|---|---|---|---|---|
| 18.12.2021 | शनिवार | 12.30–01.20 | नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 125वीं जयंती वर्ष के अन्तर्गत | पर्यावरण जागरूकता रैली | – |
| 18.12.2021 | शनिवार | | मिशन शक्ति के अंतर्गत प्रार्थना सभा में | योगाभ्यास | – |

**जनवरी–2022**

| दिनांक | दिन | समय | विषय | कार्यक्रम | प्रस्तावित वक्ता |
|---|---|---|---|---|---|
| 06.01.2022 | गुरुवार | 10.30–11.30 | नेता जी सुभाषचन्द्र बोस की जयंती वर्ष के अंतर्गत | पेंटिग प्रतियोगिता | – |
| 12.01.2022 | बुधवार | 10.30–11.00 | नेताजी सुभाष्ठा चन्द्र बोस की जयन्ती वर्ष के अन्तर्गत | आनलाइन शोध व्याख्यान प्रतियोगिता | – |
| 19.01.2022 | बुधवार | 11.20–12.30 | नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 125वीं जयन्ती वर्ष के अंतर्गत | आनलाइन भाषण प्रतियोगिता | – |
| 23.01.2022 | शनिवार | 12.30–1.30 | नेता जी सुभाष्ठाचन्द्र बोस की 125वीं जयंती वर्ष का समारोप कार्यक्रम | आनलाइन सांस्कृतिक कार्यक्रम | – |

## भाग - 3 : क्रीड़ा विभाग

सत्र 2021-22 में क्रीड़ा विभाग द्वारा महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रस्तावित है, जिसका विवरण निम्नवत है:-

- **मेजर ध्यानचन्द्र जयन्ती-विशिष्ट व्याख्यान ( 29 अगस्त अगस्त 2021 ) ऑनलाइन**
  विषय : 'शिक्षा में खेल का महत्व'
- **महन्त अवेद्यनाथ स्मृति शतरंज प्रतियोगिता ( 18-19 सितम्बर, 2021 )**
  उद्घाटन समारोह:- 18 सितम्बर, 2021
  समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण:- 19 सितम्बर, 2021
- **महन्त दिग्विजयनाथ स्मृति कैरम प्रतियोगिता ( 24-25 अक्टूबर, 2021 )**
  उद्घाटन समारोह:- 24 अक्टूबर, 2021
  समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण:- 25 अक्टूबर, 2021

### वार्षिक क्रीड़ा समारोह-संस्थापक समारोह के अन्तर्गत

- **योगिराज बाबा गंभीर नाथ स्मृति कबड्डी प्रतियोगिता ( 18-20 नवम्बर, 2021 )**
  उद्घाटन समारोह:-18 नवम्बर, 2021
  कबड्डी प्रतियोगिता बालक वर्ग- 18 नवम्बर, 2021
  कबड्डी प्रतियोगिता बालिका वर्ग- 20 नवम्बर, 2021
  समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण:-20 नवम्बर, 2021
- **योगिराज बाबा गंभीर नाथ स्मृति वालीबॉल प्रतियोगिता ( 22-23 नवम्बर, 2021 )**
  उद्घाटन समारोह:- 22 नवम्बर, 2021
  वॉलीबॉल प्रतियोगिता बालक वर्ग- 22 नवम्बर, 2021
  वॉलीबॉल प्रतियोगिता बालिका वर्ग- 23 नवम्बर, 2021
  समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण:-23 नवम्बर, 2021
- **महन्त अवेद्यनाथ स्मृति कैनवस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता ( 22-25 दिसम्बर, 2021 )**
  उद्घाटन समारोह:- 22 दिसम्बर, 2021
  समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण:- 25 दिसम्बर, 2021

### भारत-भारती पखवारा के अन्तर्गत

- **महन्त दिग्विजनाथ स्मृति बैडमिण्टन प्रतियोगिता ( 12-13 जनवरी, 2022 )**
  उद्घाटन समारोह:- 12 जनवरी 2022
  बैडमिण्टन प्रतियोगिता बालक वर्ग- 12 जनवरी, 2022
  बैडमिण्टन प्रतियोगिता बालिका वर्ग- 13 जनवरी, 2022
  समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण 13 जनवरी 2022
  कबड्डी प्रतियोगिता बालक/बालिका वर्ग-16 जनवरी 2022
  वॉलीबाल प्रतियोगिता बालक/बालिका वर्ग-20 जनवरी 2022

## वार्षिक क्रीड़ा समारोह ( 22-23 जनवरी, 2022 )

- **प्रथम दिवस दिनांक- 22 जनवरी, 2022**

| | | |
|---|---|---|
| 9:00 प्रात: उद्घाटन समारोह | – | 9:30 प्रात: 800 मीटर पुरुष फाइनल |
| 9:40 प्रात: 800 मीटर महिला फाइनल | – | 9:50 प्रात: गोला क्षेपण पुरुष फाइनल |
| 9:50 प्रात: 100 मीटर हीट, महिला | – | 10:30 प्रात: गोला क्षेपण महिला फाइनल |
| 10:30 प्रात:100 मीटर हीट, पुरुष | – | 11:00 प्रात: लम्बी कूद महिला फाइनल |
| 11:30 प्रात: लम्बी कूद पुरुष फाइनल | – | 12:10 अपराह्न: 100 मीटर पुरुष फाइनल |
| 12:20 अपराह्न: 100 मीटर महिला फाइनल | – | 12:30-01:00 अपराह्न भोजनावकाश |
| 01:00 अपराह्न: भाला क्षेपण पुरुष फाइनल | – | 01:30 अपराह्न: भाला क्षेपण महिला फाइनल |
| 02:00 अपराह्न: 1500 मीटर पुरुष फाइनल | – | 02:30 अपराह्न: 400 मीटर महिला फाइनल |

- **द्वितीय दिवस दिनांक- 23 जनवरी, 2022**

| | | |
|---|---|---|
| 7:00 प्रात: 5000 मीटर पुरुष फाइनल | – | 9:00 प्रात: 200 मीटर हीट पुरुष |
| 9:30 प्रात: 200 मीटर महिला हीट | – | 10:00 प्रात: चक्का क्षेपण पुरुष फाइनल |
| 10:30 प्रात: चक्का क्षेपण महिला फाइनल | – | 11:00 प्रात: 400 मीटर पुरुष फाइनल |
| 11:15 प्रात: ऊँची कूद पुरुष फाइनल | – | 11:45 प्रात: ऊँची कूद महिला फाइनल |
| 12:15-12:45 अपराह्न भोजनावकाश | – | 12:45 अपराह्न: 200 मीटर पुरुष फाइनल |
| 12:55 अपराह्न: 200 मीटर महिला फाइनल | – | 01:10 अपराह्न:समापन समारोह |
| 12:10 अपराह्न: 100 मीटर पुरुष फाइनल | – | 12:20 अपराह्न: 100 मीटर महिला फाइनल |
| | – | 01:00 अपराह्न: भाला क्षेपण पुरुष फाइनल |

## भाग-4 : राष्ट्रीय सेवा योजना

| | |
|---|---|
| 04 जुलाई 2021 | वनमहोत्सव के अन्तर्गत पौधरोपण कार्यक्रम |
| 11 अगस्त 2021 | शहीद बन्धू सिंह बलिदान पूर्व दिवस पर व्याख्यान |
| 15 अगस्त 2021 | स्वतंत्रता दिवस समारोह |
| 20 अगस्त 2021 | सद्भावना दिवस पर विचार गोष्ठी |
| 05 सितम्बर 2021 | शिक्षक दिवस समारोह |
| 08 सितम्बर 2021 | अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर विचार गोष्ठी |
| 16 सितम्बर 2021 | विश्व ओज़ोन संरक्षण दिवस पर व्याख्यान |
| 19 सितम्बर 2021 | स्वैच्छिक श्रमदान प्रारम्भ |
| 24 सितम्बर 2021 | राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस (दिवसीय कार्यशाला) |
| 02 अक्टूबर 2021 | गाँधी जयन्ती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती समारोह |
| 23 अक्टूबर 2021 | संयुक्त राष्ट्रसंघ स्थापना पूर्व दिवस पर भाषण प्रतियोगिता |

| | |
|---|---|
| 31 अक्टूबर 2021 | सरदार बल्लभ भाई पटेल जयन्ती निबंध प्रतियोगिता |
| 10 नवम्बर 2021 | प्रथम एक दिवसीय शिविर |
| 19 नवम्बर 2021 | राष्ट्रीय एकीकरण दिवस (एक दिवसीय कार्यशाला) |
| 26 नवम्बर 2021 | संविधान दिवस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता |
| 28 नवम्बर 2021 | महात्मा ज्योतिबा फूले पूण्यतिथि पर निबंध प्रतियोगिता (जातिवाद राष्ट्रीय एकता के लिए खतरा) |
| 01 दिसम्बर 2021 | विश्व एड्स दिवस पर जनजागरूकता रैली (हसनगंज ग्राम) में, एवं विचार गोष्ठी |
| 02 दिसम्बर 2021 | राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस पर व्याख्यान |
| 12 दिसम्बर 2021 | द्वितीय एक दिवसीय शिविर |
| 14 दिसम्बर 2021 | राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पोस्टर प्रतियोगिता |
| 12 जनवरी 2022 | स्वामी विवेकानन्द जयंती (भारत-भारती पखवारा राष्ट्रीय युवा सप्ताह) |
| 19 जनवरी 2022 | महाराणा प्रताप स्मृति दिवस (एक दिवसीय कार्यशाला) |
| 23 जनवरी 2022 | सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती पर व्याख्यान |
| 25 जनवरी 2022 | राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर विचार गोष्ठी |
| 26 जनवरी 2022 | गणतंत्र दिवस समारोह |
| 16 मार्च 2022 | तृतीय एक दिवसीय शिविर |
| 08–14 मार्च 2022 | सप्तदिवसीय विशेष शिविर |
| 21 मार्च 2022 | चतुर्थ एकदिवसीय शिविर |
| 08 मार्च 2022 | अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस |

गोद लिए गये गांव हसनगंज में सेवा कार्य सत्र भर विभिन्न तिथियों में किया जायेगा।

## भाग-5 : अवकाश सूची : 2020-21

| क्र.सं. | त्यौहार का नाम | घोषित दिन | दिनांक | दिन |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ईदुज्जुहा (बकरीद) | 01 | 21 जुलाई 2021 | बुधवार |
| 2. | नागपंचमी | 01 | 13 अगस्त 2021 | शुक्रवार |
| 3. | मोहर्रम | 01 | 19 अगस्त 2021 | गुरुवार |
| 4. | कृष्ण जन्माष्टमी | 01 | 30 अगस्त 2021 | सोमवार |
| 5. | चेहल्लूम* | 01 | 02 सितम्बर 2021 | मंगलवार |
| 6. | अनन्त चतुर्दशी | 01 | 19 सितम्बर 2021 | रविवार |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 7. | पितृ विसर्जन | 01 | 06 अक्टूबर 2021 | बुधवार |
| 8. | दशहरा | 01 | 12–16 अक्टूबर 2021 | मंगलवार से शनिवार |
| 9. | ईद–ए–मिलाब/वारावफ़ात | 01 | 19 अक्टूबर 2021 | मंगलवार |
| 10. | दीपावली | 04 | 01–04 नवम्बर 2021 | सोमवार से गुरुवार |
| 11. | गोवर्धन पूजा | 01 | 05 नवम्बर 2021 | शुक्रवार |
| 12. | भैया दूज/चित्रगुप्त पूजा | 01 | 06 नवम्बर 2021 | शनिवार |
| 13. | छठपूजा | 01 | 10 नवम्बर 2021 | बुधवार |
| 14. | कार्तिक एकादशी | 01 | 15 नवम्बर 2021 | सोमवार |
| 15. | गुरुनानक जयन्ती/कार्तिक पूर्णिमा | 01 | 19 नवम्बर 2021 | शुक्रवार |
| 16. | क्रिसमस दिवस | 01 | 25 दिसम्बर 2021 | शनिवार |
| 17. | मकर संक्रान्ति | 02 | 14–15 जनवरी 2022 | शुक्रवार, शनिवार |
| 18. | बुढ़वा मंगल | 01 | 25 जनवरी 2022 | मंगलवार |
| 19. | मौनी अमावस्या | 01 | 11 फरवरी 2022 | गुरुवार |
| 20. | महाशिवरात्रि | 01 | 01 मार्च 2022 | मंगलवार |
| 21. | होली | 03 | 17–19 मार्च 2022 | गुरुवार से शनिवार |
| 22. | रामनवमी | 01 | 10 अप्रैल 2022 | रविवार |

*चन्द्रदर्शन के आधार पर तिथि परिवर्तित हो सकती है।

2. **दायित्त्वसह कार्य विभाजन** – परम्परागत रूप से कार्य विभाजन में निम्न तीन विधियाँ अपनायी गई।

क) शिक्षक स्वयं से अपना कार्य चुनकर अपने को प्रभारी घोषित कर दें।

ख) कोई शिक्षक किसी कार्य हेतु किसी भी अन्य शिक्षक का नाम प्रस्तावित कर दें।

ग) प्राचार्य द्वारा किसी कार्य हेतु किसी को प्रभारी बना दिया जाय।

वर्तमान सत्र में अधिकांश शिक्षकों ने अपनी रूचि के अनुसार स्वयं अपना दायित्व चुना, कुछ का नाम अन्यों द्वारा प्रस्तावित किए जाने पर सम्बन्धित शिक्षक की सहमति पर दायित्व निर्धारित हुए तो अन्त में कुछ कार्य/दायित्व प्राचार्य द्वारा दे दिए गए। बैठक में निम्नवत दायित्व निर्धारित किया गया–

**महाविद्यालय प्रशासन ( सत्र 2021–22 )**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **प्रवेश/परीक्षा** | डॉ. विजय कुमार चौधरी |
| 2. | **मुख्य नियंता/अनुशासन** | डॉ. मंजेश्वर |
| 3. | **राष्ट्रीय सेवा योजना** | डॉ. अभिषेक सिंह |
| 4. | **पुस्तकालय** | डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय/श्री प्रतीक दास |
| 5. | **प्रयोगशाला/क्रय समिति** | डॉ. रघुबीर नरायन सिंह |
| 6. | **तकनीकी विकास** | श्री श्रीनिवास सिंह |

| | |
|---|---|
| 7. बागवानी/ स्वच्छता/विद्युत | श्री विनय कुमार सिंह /डॉ. अभिषेक सिंह |
| 8. नैक, IQAC, AISHE एवं तत्सम्बन्धी कार्य | डॉ. अभिषेक वर्मा |
| 9. सांस्कृतिक कार्यक्रम/प्रमुख कार्यक्रम/आयोजन | श्री श्रीकांत मणि त्रिपाठी |
| 10. पठन/पाठन | डॉ. रामसहाय |
| 11. वेबसाइट | श्री श्रीनिवास सिंह |
| 12. क्रीड़ा | डॉ. आरती सिंह |
| 13. सामूहिक व्यक्तित्व विकास योजना | डॉ. प्रदीप कुमार राव |
| 14. रोवर्स-रेन्जर्स | श्री बृजभूषण लाल |
| 15. छात्रसंघ | श्री सिद्धार्थ कुमार शुक्ला |
| 16. कार्यालय | डॉ. वेंकट रमन पाण्डेय |
| 17. अभिभावक संघ | श्री संजय कुमार जायसवाल |
| 18. पुरातन छात्र परिषद् | डॉ. शिव कुमार वर्नवाल |
| 19. प्राथमिक उपचार केन्द्र | डॉ. सुबोध कुमार मिश्र |
| 20. सिलाई-कढ़ाई | डॉ. सान्त्वना श्रीवास्तव |
| 21. कम्प्यूटर प्रशिक्षण | श्री श्रीनिवास सिंह |
| 22. प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम | श्रीमती शिप्रा सिंह |
| 23. मिशन मंझरिया | श्रीमती शिप्रा सिंह |
| 24. प्रार्थना सभा | सुश्री दीप्ति गुप्ता |
| 25. सूचना एवं परामर्श | श्री श्रीकान्तमणि त्रिपाठी |
| 26. ध्येय-पथ/समावर्तन/शोध/प्रकाशन/मुद्रण | डॉ. सुबोध कुमार मिश्र |
| 27. छात्र-महिला सुरक्षा समिति | डॉ. आरती सिंह |
| 28. रख-रखाव/ई.पी.एफ. | डॉ. अरूण कुमार राव |
| 29. छात्रवृत्ति | डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह |
| 30. प्रसार/मीडिया | डॉ. सुबोध कुमार मिश्र |
| 31. कैन्टीन | सुश्री शारदा रानी |
| 32. गणवेश | डॉ. अनुभा श्रीवास्तव |
| 33. पर्यावरण/पालिथीन मुक्त परिसर | डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव |
| 34. छात्रावास | श्री विनय कुमार सिंह |
| 35. सेवायोजन प्रकोष्ठ | श्री संतोष कुमार श्रीवास्तव |
| 36. एन.सी.सी. | श्री रामाकान्त दूबे |
| 37. अतिथि एवं जलपान | श्री मंजेश्वर |
| 38. दिव्यांग छात्र-समस्या-समाधान प्रकोष्ठ | डॉ. शैलेन्द्र कुमार ठाकुर |
| 39. गोद लिए गए गाँव/उन्नत भारत अभियान | 1. **श्रीमती कविता मन्ध्यान - प्रभारी**<br>2. डॉ. अभिषेक सिंह, सदस्य, रा.से.यो. (का.अधि.)<br>3. श्री बृजभूषण लाल, सदस्य, रा.से.यो. (का.अधि.)<br>4. श्रीमती शिप्रा सिंह, सदस्य, मिशन मंझरिया<br>5. डॉ. सुबोध कुमार मिश्र, सदस्य, राष्ट्रीय सेवा योजना |

3. **शिक्षक आचार संहिता**– सत्र 2021–22 हेतु सर्वसम्मति से शिक्षक आचार संहिता अद्यतन की गयी। माना गया कि शिक्षक के लिए आचार संहिता की आवश्यकता नहीं है। शिक्षक आचार संहिता शिक्षक स्वप्रेरणा से अपने–अपने उपर लागू करेगा। अत: स्वीकृत शिक्षक आचार संहिता की महाविद्यालय प्रशासन स्तर पर कोई मान्यता नहीं रहेगी। किन्तु शिक्षक द्वारा स्वयं पालन न करने पर उक्त शिक्षक पर आचार संहिता महाविद्यालय प्रशासन स्तर पर स्वत: लागू हो जाएगी।

**शिक्षक आचार संहिता 2021–22**

- शिक्षक स्वयं विद्यार्थियों के लिए प्रतिमान बनें।
- प्रात: 09:15 पर सभी शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य है। विलम्ब से आने पर स्वयं लाल रंग की रेखा खीचकर समय डाल दें, हस्ताक्षर न करें। जाते समय हस्ताक्षर करें तथा समय डालें। तीन दिन विलम्ब होने पर एक दिन आकस्मिक अवकाश मान लिया जायेगा। शिक्षक द्वारा स्वयं इस नियम का पालन न करने पर संस्थाध्यक्ष द्वारा लाल रंग की दो रेखा खींची जा सकती है।
- प्रार्थना सभा 09:20 से 09:40 तक चलेगी। अनुशासन व्यवस्था के अतिरिक्त सभी शिक्षक अनिवार्यत: सम्मिलित होंगे।
- महाविद्यालय परिसर में किसी भी शिक्षक की उपस्थिति के आसपास अनुशासन की जिम्मेदारी सम्बन्धित शिक्षकों की होगी।
- प्लास्टिक प्रतिबंधित एवं नशा मुक्त परिसर का नियम स्वयं पर लागू करें।
- पाठ्यक्रम योजना का शत–प्रतिशत पालन करें। 02 मई से पूर्व अगले सत्र के सभी कक्षाओं की पाठ्यक्रम योजना प्राचार्य के पास उपलब्ध करा दें।
- प्रायोगिक कक्षाओं के पाठ्यक्रम शत–प्रतिशत पूर्ण हो। प्रायोगिक कक्षाओं में सभी विद्यार्थियों के कक्षावार मोबाइल नम्बर रखें जायें।
- महाविद्यालय की वेबसाइट पर अपने ब्लाग पर पी.पी.टी., सारांश एवं अन्य पाठ्य सामग्री अपलोड करें।
- प्रत्येक व्याख्यान से पूर्व पिछले व्याख्यान पर प्रश्नोत्तर का समय दें।
- कक्षा में मोबाइल लेकर किसी भी कीमत पर न जाएं।
- अधिकतर व्याख्यान प्रोजेक्टर पर पढ़ाएं जाएं।
- पुस्तकालय की सभी पुस्तकें 2 मई से पूर्व प्रतिवर्ष जमा कर अदेयता प्रमाण पत्र अवश्य प्राप्त कर लें। पुस्तकालय की किसी पुस्तक के बकाया होने की दशा में ग्रीष्मावकाश स्वीकृत नहीं होगा।
- महाविद्यालय के किसी प्रकार के आर्थिक आय–व्यय, अग्रिम आदि का समायोजन 20 मार्च तक अवश्य करा लें।
- जो दायित्त्व सौंपा जाय उसे निर्धारित समय से शत–प्रतिशत पूर्ण करें।
- पूर्व निर्धारित कार्यक्रम हेतु अवकाश एक दिन पूर्व स्वीकृत कराएं। अवकाश स्वीकृत कराए बिना अथवा बिना किसी सूचना के अनुपस्थित होने पर अवैतनिक अवकाश मान लिया जायेगा।
- बचे हुए आकस्मिक अवकाश का प्रतिदिन के वेतन की दर से नकद भुगतान अगले सत्र के अगस्त माह में कर दिया जायेगा।
- विश्वविद्यालय पूर्व परीक्षा में प्रश्नपत्र निर्माण, उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन आदि कार्य शिक्षक के स्वाभाविक दायित्व के अन्तर्गत आएगा, उसके लिए किसी प्रकार का अतिरिक्त भुगतान नहीं होगा।

- विश्वविद्यालय परीक्षा मानकानुसार/नियमानुसार सम्पन्न कराना शिक्षक का उत्तरदायित्व है। अत: परीक्षा के समय शहर छोड़ते समय सूचना अवश्य दें।
- महाविद्यालय के सभी आयोजनों, कार्यक्रमों, राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविरों के उद्घाटन, समापन समारोह आदि में शिक्षक की उपस्थिति अनिवार्य होगी। उचित कारण पर आकस्मिक अवकाश दिया सकता है।
- महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् के समस्त आयोजनों/कार्यक्रमों में प्रबन्धा तन्त्र के निर्देशानुसार उपस्थिति एवं सहयोग अनिवार्य होगा।
- 15 अगस्त, 2 अक्टूबर, 26 जनवरी को सभी की उपस्थिति अनिवार्य होगी। अनुपस्थित रहने पर आकस्मिक अवकाश माना जायेगा। किन्तु ध्वजारोहण में कहीं भी सम्मिलित होने का प्रमाण-पत्र देना होगा।
- स्वैच्छिक श्रमदान में शिक्षक प्रतीकात्मक रूप से छात्रों का प्रतिमान बनें। विद्यार्थियों को गोद लेने की योजना को भी शिक्षक स्वेच्छानुसार लागू कर सकते हैं। गोद लिये विद्यार्थियों की सूचना अवश्य दे दें।
- समय-समय पर जारी संशोधनों एवं नये निर्देशों का पालन अनिवार्य होगा।

4. **प्रवेश एवं परीक्षा-** प्रवेश समिति एवं परीक्षा समिति का पुनर्गठन किया गया। प्रवेश के सन्दर्भ में गत 02 मई को सम्पन्न समीक्षा बैठक में लिए गए निर्णय की पुन: पुष्टि की गई। 30 जुलाई तक प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर 11 अगस्त से प्रथम वर्ष, तृतीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष की कक्षाएं संचालित करने का निर्णय लिया गया। 16 जून से स्नातक द्वितीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष की कक्षाएं प्रारम्भ हो चुकी हैं। पूर्ववत् परीक्षानीति को स्वीकृति प्रदान कर दी गई।

   प्रवेश हेतु साक्षात्कार की पूर्व से चली आ रही व्यवस्था के अनुसार छात्र प्रवेश परामर्श समिति का गठन नहीं हो सका, क्योंकि गत सत्र में कोविड-19 महामारी होने से विश्वविद्यालय पूर्व परीक्षा सम्पन्न नहीं हो सकी। इस विश्वविद्यालय पूर्व परीक्षा के टापर्स ही उक्त प्रवेश परामर्श समिति के सदस्य होतें है। प्रवेश समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि साक्षात्कार के आधार पर संस्तुत किए गए विद्यार्थी का ही प्रवेश संयोजक/प्राचार्य द्वारा लिया जाएगा। प्रवेश के समय ही प्रवेशार्थी को परिचय पत्र, पुस्तकालय कार्ड, छात्रवृत्ति फार्म उपलब्ध करा दिया जाएगा। प्रवेश सम्बन्धी सभी प्रक्रियाएं एक ही स्थान पर पूर्ण होंगी।

5. **समय-सारणी-** डॉ. विजय कुमार चौधरी, डॉ. आर.एन. सिंह, डॉ. शिवकुमार बर्नवाल, डॉ. अरुण राव एवं श्री मंजेश्वर द्वारा समय-सारणी अद्यतन कर प्रवेश प्रारम्भ होने से पूर्व महाविद्यालय की वेबसाइट, विद्यार्थियों (स्नातक द्वितीय वर्ष, तृतीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष) के कक्षा व्हाट्सप ग्रुप पर भेज दिया जायेगा तथा सूचना पट्ट पर भी चस्पा कर दिया जायेगा। समय-सारणी बनाते समय गत-सत्र में आई कठिनाइयों का निवारण अवश्य कर लिया जाय।

6. **पठन-पाठन-** महाविद्यालय का ध्येय ही गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करना है। इस कारण से पठन-पाठन प्रभावी एवं उच्च कोटि का हो सके, इसके लिए पाठ्यक्रम योजना का शतप्रतिशत पालन करने की सुनिश्चित व्यवस्था पूर्व की भाँति लागू रहेगा। यद्यपि पाठ्यक्रम योजना के अनुसार प्रथम वर्ष की कक्षाएं 01 अगस्त से तथा द्वितीय एवं तृतीय की कक्षाएं 16 जुलाई से प्रारम्भ होनी थी। परन्तु कोविड-19 महामारी के कारण विश्वविद्यालय परीक्षा 27 जुलाई से 10 अगस्त तक होने के कारण स्नातक द्वितीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष की कक्षाएं 16 जून से प्रारम्भ हो चुकी हैं। शेष स्नातक द्वितीय वर्ष, तृतीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष की कक्षाएं 11

अगस्त से चलेंगी। कक्षाएं 50-50 मिनट की पूर्व की भाँति चलेंगी। प्रयोगात्मक कक्षाओं का भी संचालन पाठ्यक्रम योजनानुसार 16 अगस्त से नियमित संचालित होगा। 30 जनवरी तक सभी विषयों के समस्त पाठ्यक्रम को पूर्ण करना होगा। यदि किन्हीं कारण से 30 जनवरी तक किसी विषय पर प्रश्न पत्र का पाठ्यक्रम पूर्ण नहीं हो सकेगा तब सम्बन्धित शिक्षक प्राचार्य से अनुमति के आधार पर अतिरिक्त कक्षा पढ़ाकर 30 जनवरी तक पाठ्यक्रम पूर्ण करेंगे। फरवरी माह में विश्वविद्यालय परीक्षा पद्धति पर ही विश्वविद्यालय पूर्व परीक्षा आयोजित की जायेगी। ताकि इस परीक्षा से विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय परीक्षा से पहले पूर्वाभ्यास का एक अवसर प्राप्त हो सके तथा उनकी परीक्षा के तैयारी ठीक प्रकार से हो सके।

7. **पुस्तकालय-वाचनालय-** पुस्तकालय प्रभारी द्वारा स्टाक-वेरीफिकेशन पूर्ण होने की सूचना दी गई। प्रभारी द्वारा बताया गया कि पुस्तकालय नए सत्र के लिए नए पाठ्यक्रमों/नए प्रकाशनों/ आवश्यकतानुसार अन्य आवश्यक पुस्तकों के साथ अद्यतन कर लिया गया है। वाचनालय में 100 विद्यार्थियों के एक साथ बैठकर पढ़ने की व्यवस्था सुनिश्चित की जा चुकी है। निर्णय हुआ कि पुस्तकालय-वाचनालय गत सत्रों की तरह चलाया जाय। पुस्तकालय में यदि कोई पुस्तक उपलब्ध नहीं है, जिसकी आवश्यकता किसी छात्र-शिक्षक को है, तो वह छात्र-शिक्षक पुस्तक बाजार से महाविद्यालय के नाम बिल पर क्रय कर, पुस्तकालयाध्यक्ष के माध्यम से पुस्तक पुस्तकालय में चढ़वाकर उसका नकद मूल्य प्राप्त कर, पुस्तक अपने नाम जारी करा सकता है। सभी विषयों के प्राध्यापक अपने-अपने विषय के कम से कम दो-दो राष्ट्रीय-अन्तर्राष्ट्रीय शोध पत्रिका (जर्नल) की सदस्यता हेतु प्रस्ताव पुस्तकालय को 30 जुलाई तक अवश्य दे दें। शिक्षक अपने विषय/प्रश्नपत्र से सम्बन्धित महत्वपूर्ण शीर्षकों एवं पाठ्यसामग्री की साफ्ट कापी पुस्तकालय को उपलब्ध करायें। ऐसी पुस्तकें जो आउट आफ प्रिन्ट हो गयी है यदि वे ऑनलाइन उपलब्ध है तो उन्हें प्रिन्ट कर पुस्तकालय में उपलब्ध करायी जाए। पुस्तकालय में प्रतिदिन पुस्तकों का आगत-निर्गत व्यवस्था को अद्यतन करने के लिए साफ्टवेयर परिवर्तित कर लागू किया जाय। पुस्तक दान की यशस्वी परम्परा को और व्यापक बनाने हेतु समाज के लोगों से सम्पर्क कर पुस्तकदान के लिए आग्रह किया जाय।

8. **प्रयोगशाला-** प्रयोगशालाएँ अद्यतन रखी जाय। उनमें स्वच्छता एवं सुरक्षा सुनिश्चित की जाय। आवश्यकतानुसार प्रयोगशालाओं में आवश्यक प्राथमिक उपचार सामग्री रखा जाना तय किया गया। प्रयोगशाला में दो बार सामग्री क्रय की जाय। एक बार अगस्त-सितम्बर में तथा दूसरी बार दिसम्बर-जनवरी में। प्रत्येक प्रयोगशाला में आवश्यकतानुसार अद्यतन तकनीकों का प्रयोग बढ़ाया जाय। इस सत्र में भौतिकी, प्राणि विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रक्षा अध्ययन भूगोल, रसायन मे कुछ नवीन उपकरण क्रय किए जाने पर आम सहमति बनी। गत सत्र की भाँति इस सन्दर्भ में शिक्षकों-विद्यार्थियों की संयुक्त क्रय-समिति द्वारा माँग पत्र तथा स्तरीय फर्मो से तीन कोटेसन पर ही कार्यवाही प्रारम्भ करने का निर्णय हुआ जिससे प्रबन्ध समिति/प्रबन्धक महोदय से स्वीकृति लेकर उपकरण क्रय किए जा सके। यह निर्णय भी हुआ कि प्रयोगशालाओं में कुछ उपकरण छात्रसंघ भी अपने मद से क्रय करे, इस दिशा में भी प्रयत्न किए जाएँ। प्रत्येक प्रयोगात्मक विषय की भण्डार पंजिका की जॉच एवं सत्यापन सत्र के अन्त में मार्च माह में प्रयोगशाला प्रभारी एवं प्राचार्य से अवश्य करा लें।

9. **कक्षाध्यापन में नए प्रयोग-** कक्षाध्यापन में सहायक सामग्री के रुप में ग्रीन बोर्ड, प्रोजेक्टर, चार्ट, नक्शा, मॉडल, प्रदर्शनी इत्यादि का प्रयोग पूर्ववत चलता रहेगा। सभी विषय के सभी प्रश्नपत्रों के व्याख्यान का पी.पी.टी. बनाकर महाविद्यालय के बेवसाइट के शिक्षक ब्लॉग पर प्रत्येक शिक्षक द्वारा अपलोड किया जाय। इसके अतिरिक्त अन्य

पाठ्य सामग्री जो छात्र उपयोगी हो उसे भी शिक्षक अपने ब्लॉग पर अवश्य डालें। पाठ्य विषय को और भी रूचिकारी बनाने हेतु कुछ शीर्षकों को आडियो-विडियो के माध्यम से कक्षाध्यापन किया जाय। इसी प्रकार पाठ्यक्रम से सम्बन्धित डाक्यूमेंट्री और नाट्य रूपान्तरण के माध्यम से भी विषय को विद्यार्थी के बीच रखने का प्रयास किया जाय। भाषा की कक्षा (हिन्दी, अंग्रेजी) विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए नि:शुल्क चलायी जाय। प्रत्येक विभाग में प्रतिमाह कम से कम दो व्याख्यान विश्वविद्यालय सहित अन्य प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थानों के शिक्षकों द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के किसी शीर्षक पर अवश्य करायी जाय। इसी प्रकार अन्तरानुशासनात्मक पद्धति के अन्तर्गत एक विषय के विद्यार्थियों को दूसरे विषय की जानकारी प्रदान कराने का प्रयास किया जाय। प्रत्येक कक्षा में शिक्षक द्वारा अनौपचारिक बातचीत के क्रम में अनुशासन, समाज, राष्ट्र की चर्चा जीवनदृष्टि के सन्दर्भ में अवश्य जाय।

10. **प्रार्थना सभा**- प्रार्थना सभा में पूर्व की भाँति राष्ट्रगान, ईश वन्दना, सरस्वती वन्दना और राष्ट्रगीत के साथ महापुरुषों से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियों पर संक्षिप्त व्याख्यान यथावत् सम्पन्न होगा जबकि निर्धारित तिथियों में श्रीमद्भगवतगीता का वाचन हेतु पूर्व चयनित श्लोकों का वाचन और उसकी हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत में व्याख्या की जाय। प्रत्येक शनिवार प्रार्थना सभा के अन्तर्गत प्राणायाम एवं योगाभ्यास कार्यक्रम सम्पन्न होगा। वाद्ययन्त्र के साथ प्रार्थना सभा को और भी जीवन्त करने का प्रयास किया जाय। प्रार्थना का समय 09:20 से 09:40 अर्थात् 20 मिनट का होगा।

11. **विविध प्रयोगों में विकासात्मक प्रवृत्ति की दिशा**- महाविद्यालय में पठन-पाठन एवं विद्यार्थियों के समग्र विकास की दृष्टि से लागू मौलिक प्रयोगों की विस्तृत समीक्षा की गई। उन प्रयोगों/योजनाओं के उद्देश्य, कार्यपद्धति एवं परिणाम के आधार पर वर्तमान-सत्र में उसे लागू करने का निर्णय लिया गया। प्रमुख प्रयोगों/योजनाओं के सन्दर्भ में निम्नवत् निर्णय लिया गया-

- **पाठ्यक्रम योजना**- सभी शिक्षकों द्वारा अपने विषय के प्रत्येक प्रश्नपत्र की वार्षिक पाठ्यक्रम योजना निधारित प्रारूप पर बनायी जाती है। इस सत्र के लिए विगत 02 मई तक प्रत्येक विभाग द्वारा अपनी-अपनी कक्षा के पाठ्यक्रम बनाकर प्रचार्य कार्यालय में जमा कर दिया गया और 30 जून तक इसे टाईप करके महाविद्यालय के बेवसाइट पर अपलोड कर दिया गया।

  **उद्देश्य**- समय से (30 जनवरी तक) पाठ्यक्रम पूर्ण करना। पाठ्यक्रम का कोई हिस्सा छूटे न, किसी विषय को आवश्यकता से अधिक समय तथा किसी को कम समय में न पढ़ाना पड़े। विद्यार्थी को यह पता रहे कि वह अपनी कक्षा में किस तिथि को क्या पढ़ेगा।

  **कार्यपद्धति**- अनुभव के आधार पर शिक्षकों द्वारा बनाए गए प्रारूप पर दिनांक, शिक्षक का नाम, विषय, प्रश्नपत्र, शीर्षक के साथ वार्षिक पाठ्यक्रम योजना को 3+2+1 के सिद्धान्त पर तैयार किया जाता है। अर्थात् प्रथम तीन कार्य दिवस एक प्रश्नपत्र, तत्पश्चात् दो कार्य दिवस दूसरा प्रश्न पत्र, महीने के तीन सप्ताह छठवें कार्य दिवस पर छात्र-छात्राओं द्वारा कक्षाध्यापन तथा माह के अन्तिम सप्ताह के छठवें कार्यदिवस पर मासिक मूल्यांकन किया जायेगा। पाठ्यक्रम योजना वेबसाइट पर सभी के लिए उपलब्ध होगी।

- **विद्यार्थी द्वारा साप्ताहिक कक्षाध्यापन**-

  **उद्देश्य**- विद्यार्थियों में अभिव्यक्ति के वाचिक/मौखिक क्षमता का विकास तथा विषय में अभिरूचि विकास प्रश्नोत्तर के माध्यम से तर्क, विचार, चिन्तन को सशक्त बनाना।

**कार्यपद्धति**– सप्ताह के प्रथम दिन अर्थात कक्षाध्यापन से लगभग 5 दिन पूर्व कक्षाध्यापन करने वाले विद्यार्थियों के नाम तथा उनका विषय कक्षा में तय कर घोषित कर दिया जाय। अध्यापक उन विद्यार्थियों की कक्षा के बाहर तैयारी कराए। कक्षाध्यापन के दिन एक-एक कर विद्यार्थियों से पूर्व निर्धारित विषय पर अध्यापन कराया जाय। कक्षाध्यापन कर चुके विद्यार्थी को दूसरा अवसर तब तक नहीं दिया जाएगा, जब तक कि सभी विद्यार्थियों का एक चक्र पूरा न हो जायं। कक्षाध्यापन करने वाले विद्यार्थियों का विवरण शिक्षक द्वारा उन्हें पूर्णांक 10 अंक में अंक देने के साथ रखा जाएगा।

उक्त उद्देश्य एवं कार्यपद्धति की समीक्षा की गई। अधिकांश शिक्षकों द्वारा इस योजना का प्रामाणिक विवरण न होने से परिणाम का स्पष्ट चित्र नहीं उभर सका। वर्तमान सत्र में इस योजना का परिणाम सुनिश्चित किया जाएगा।

- **मासिक मूल्यांकन**– प्रत्येक माह के अन्तिम सप्ताह में शिक्षक द्वारा अपने पढ़ाए गए पाठ्यक्रम के आधार पर विद्यार्थियों की लिखित परीक्षा के द्वारा कक्षा में मासिक मूल्यांकन किया जाता है।

  **उद्देश्य**– विद्यार्थियों को नियमित पाठ्यक्रम की तैयारी हेतु प्रेरित करना। मुख्य परीक्षा के समय विद्यार्थियों को तनावमुक्त रखना।

  **कार्यपद्धति**– शिक्षकों द्वारा वर्तमान सत्र के विश्वविद्यालय पूर्व परीक्षा के प्रश्न-पत्र बनाकर 6 भागों (अगस्त, सितम्बर, अक्टूबर, नवम्बर, दिसम्बर, जनवरी का मासिक मूल्यांकन) में बराबर-बराबर विभक्त कर मासिक मूल्यांकन का प्रश्न पत्र तैयार किया जाता है। 30 अंक के 6 मासिक मूल्यांकन के आधार पर प्रत्येक विषय के 180 अंक पर मूल्यांकन किया जाता है। प्रत्येक माह 5 अंक आचरण एवं व्यवहार पर शिक्षक द्वारा दिया जाएगा। इस प्रकार पूरे सत्र में 30 अंक आचरण व्यवहार के होंगे। मासिक मूल्यांकन के इन्हीं प्रश्नों पर विश्वविद्यालय पूर्व परीक्षा सम्पन्न होती है। वर्तमान सत्र में यह व्यवस्था पूर्ववत् लागू रहेगी।

- **शिक्षक प्रतिपुष्टि प्रपत्र द्वारा शिक्षक मूल्यांकन**– विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के सन्दर्भ में भरा जाने वाला यह एक प्रारूप है। इस प्रारूप के द्वारा प्रत्येक शिक्षक के कक्षाध्यापन एवं कक्षा में आचरण-व्यवहार पर विद्यार्थी अपना-अपना अभिमत देते है।

  **उद्देश्य**– विद्यार्थियों के अभिमत के आधार पर शिक्षक द्वारा स्वयं का व्यक्तित्त्व विकास।

  **कार्यपद्धति**– वर्ष में दो बार (सितम्बर-दिसम्बर) छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षक प्राचार्य के माध्यम से अपने बारे में शिक्षक-प्रतिपुष्टि प्रपत्र भरवातें हैं। प्राचार्य द्वारा प्रत्येक शिक्षक की कक्षा में विद्यार्थियों को प्रारुप उपलब्ध कराया जाता है, जिसे भरकर विद्यार्थी कक्षा प्रतिनिधि के माध्यम से अगले दिन प्राचार्य के पास जमा करेगें। प्राचार्य विद्यार्थी द्वारा भरे गये प्रपत्रों का अवलोकन करने के उपरान्त सम्बन्धित शिक्षक को अवलोकन हेतु उपलब्ध करा देते हैं। इस प्रारुप के आधार पर शिक्षक अपना स्वमूल्यांकन करता है। इसके उपरान्त यह प्रपत्र प्राचार्य के पास संग्रहीत कर लिया जाता है।

- **शिक्षक स्वमूल्यांकन**– यह शिक्षक द्वारा मासिक भरा जाने वाला प्रारूप है।

  **उद्देश्य**– शिक्षक द्वारा प्रतिमाह निर्धारित प्रारूप के माध्यम से स्वमूल्यांकन कर स्व-विकास करना।

  **कार्यपद्धति**– योजना बैठक में शिक्षक स्वमूल्यांकन प्रपत्र पर विचार-विमर्श कर सर्वसम्मति से यह प्रारूप प्रति वर्ष जारी होता है। शिक्षक द्वारा जुलाई से जनवरी माह तक प्रत्येक माह का शिक्षक स्वमूल्यांकन प्रपत्र ऑनलाइन अगले माह के प्रथम दो दिवस में भरा जाता है। जिसका प्रिंट आउट कार्यालय द्वारा निकाल कर

प्राचार्य के अवलोकनार्थ रखा जाता है। प्राचार्य द्वारा समीक्षोपरान्त इसे शिक्षक की व्यक्तिगत पत्रावली में लगवा दिया जाता है।

- **साप्ताहिक स्वैच्छिक श्रमदान-**

**उद्देश्य-** इस योजना का उद्देश्य छात्र-छात्राओं, शिक्षकों-कर्मचारियों में श्रम के प्रति श्रद्धा भाव पैदा करना है। कोई कार्य छोटा-बड़ा नहीं, सभी कार्यों का अपने-अपने सन्दर्भ में समान महत्त्व के सिद्धान्त की प्रतिष्ठा करना। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों में आत्म-सम्मान का भाव पैदा करना तथा उन्हें यह एहसास कराना कि जो कार्य वह करते है वह छोटा कार्य नहीं है उसे प्राचार्य, शिक्षक, विद्यार्थी भी करते है। संस्था के प्रति सभी में अपनापन के भाव को विकसित करना।

**कार्यपद्धति-** प्रत्येक शनिवार को मध्यावकाश स्थगित तथा मध्यावकाश के बाद की चार कक्षाओं के 50-50 मिनट का समय घटाकर 40-40 मिनट का कर दिया जाता है। इस प्रकार 60 मिनट अर्थात् एक घंटा (12:10 से 1:10 तक) साप्ताहिक स्वैच्छिक श्रमदान का होता है। यह श्रमदान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों के लिए अनिवार्य है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यालय में स्वैच्छिक श्रमदान हेतु इच्छुक शिक्षक-कर्मचारी तथा विद्यार्थी पंजीकरण कराते हैं। पंजीकृत शिक्षकों के नेतृत्व में 10-10 विद्यार्थियों की टोली बनायी जाती है। प्रत्येक टोली के श्रमदान का स्थान-कार्य शुक्रवार तक प्रभारी द्वारा टोली प्रभारी को दे दिया जाता है। टोली प्रभारी के नेतृत्व में शनिवार को स्वैच्छिक श्रमदान के पश्चात् उपस्थिति सदस्य टोली प्रभारी के पास उपलब्ध कराये गए उपस्थिति-पत्र पर हस्ताक्षर कर लेते हैं। प्रत्येक माह के अन्त में यह उपस्थित पत्र राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यालय में जमा कर दिया जाता है। यह योजना यथावत वर्तमान सत्र में भी लागू रहेगी।

- **गोद लिए गए विद्यार्थी-** प्रत्येक शिक्षक द्वारा पांच छात्र-छात्रएं गोद लिए जाते हैं। इन विद्यार्थियों के पठन-पाठन एवं आचरण-व्यवहार के विकास की जिम्मेदारी सम्बन्धित शिक्षक की होती है।

**उद्देश्य-** चिन्हित एवं लक्षित विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में शिक्षक का योगदान।

**कार्यपद्धति-** सत्रारम्भ में शिक्षकों द्वारा अपनी-अपनी कक्षाओं से चार-चार विद्यार्थी चुने जाते हैं तथा एक विद्यार्थी प्राचार्य द्वारा प्रत्येक शिक्षक को दिया जाता है। शिक्षक द्वारा इन पाँचों विद्यार्थियों के पूर्ण परिचयात्मक विवरण फोटो सहित इस हेतु बनायी गई पंजिका पर दर्ज होता है। शिक्षक गोद लिए विद्यार्थी के साथ आत्मीय सम्बन्ध विकसित करता है, वर्तमान सत्र में गोद लिए गए विद्यार्थियों के सन्दर्भ में यह निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक, छात्रावासी, कक्षा प्रतिनिधि में से ही छात्र-छात्राएं गोद लिए जाएंगें। एक बार गोद लिया गया विद्यार्थी इस महाविद्यालय में अध्ययनरत रहते हुए उसी शिक्षक के पास बना रहेगा। रिक्त स्थानों पर प्राय: स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थी को ही गोद लिया जाएगा।

- **गोद लिए गए गाँव-** प्रत्येक विभाग द्वारा आस-पास के गाँव में से एक गाँव गोद लिया गया है।

**उद्देश्य-** आस-पास के गावों के साथ महाविद्यालय का आत्मीय सम्बन्ध विकसित करना, उनसे सीखना तथा उन्हें सीखाना। स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण सामाजिक समरसता इत्यादि राष्ट्रीय सामाजिक विषयों पर जन-जागरण।

**कार्यपद्धति-** प्रत्येक विभाग द्वारा गोद लिये गए गाँव का पूर्ण विवरण विभागीय रपट में उपलब्ध है। गाँव के परिवारों का विवरण, अमीर-गरीब, साक्षर-निरक्षर, रोजगार-बेरोजगार, वृद्ध, दिव्यांग इत्यादि की पूर्ण

सूचना विभाग के पास होती है। गाँव में जन-जागरण एवं उसके प्रभाव के लिए विभाग प्रयत्न करता है। वर्ष में न्यूनतम चार बार विभाग के शिक्षक-विद्यार्थी (अगस्त का प्रथम रविवार, वाल्मीकि जयन्ती, फरवरी का प्रथम रविवार, परीक्षा के बाद का प्रथम रविवार) गाँव में जाएंगे।

- **सारांश**- विद्यार्थियों को प्रत्येक कक्षा में शिक्षक द्वारा अपने व्याख्यान की छायाप्रति अब नहीं दी जाएगी। इसके वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में महाविद्यालय के बेवसाइट के शिक्षक ब्लाग पर अपलोडेड पी.पी.टी द्वारा विद्यार्थी सम्बन्धित विषय की पाठ्य सामग्री प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षक ब्लॉग पर ही शिक्षक सारांश भी अपलोड कर सकते है।

12. **प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम**- **(क) एवं (ख)** महाविद्यालय द्वारा दो प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम-'**जीवन मूल्य**', '**हमारे पूर्वज**' संचालित किए जाते है।

**उद्देश्य**- विद्यार्थियों के आचरण-व्यवहार में भारतीय जीवन-मूल्यों का विकास करना। भारतीय संस्कृति के महापुरुषों की लम्बी श्रृंखला से परिचित कराना एवं अपनी सांस्कृतिक विरासत के प्रति आत्मगौरव एवं श्रद्धा का भाव उत्पन्न करना।

**कार्यपद्धति**- उक्त दोनों प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम बी.एड. के लिए अनिवार्य तथा अन्य कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए स्वैच्छिक है। यह कक्षा सामूहिक परिचर्चा पद्धति से चलायी जाती है। कोई एक शिक्षक इस कक्षा का संचालन करता है। निर्धारित पाठ्यक्रम से प्रत्येक विद्यार्थी को अपना मत लिखकर घर से लाना होता है।

**ग) नि:शुल्क सिलाई-कढ़ाई एवं पेंटिंग**- योगिराज बाबा गम्भीरनाथ नि:शुल्क सिलाई-कढ़ाई एवं पेंटिंग पाठ्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा किया जाता है।

**उद्देश्य**- संस्थागत सामाजिक उत्तरदायित्व के अन्तर्गत आस-पास के महिलाओं को आर्थिक दृष्टि से स्वावलम्बी बनाना।

**कार्यपद्धति**- महाविद्यालय द्वारा इस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम हेतु एक प्रशिक्षिका की नियुक्ति की गई है। अगस्त से जनवरी तक छ: माह के इस पाठ्यक्रम की परीक्षा फरवरी माह में होती है। परीक्षा के तत्कालबाद परिणाम घोषित कर दिया जाता है समावर्तन संस्कार के अवसर पर उक्त प्रमाण-पत्र प्रशिक्षार्थियों को दिया जाता है। उक्त पाठ्यक्रम भी यथावत चलता रहेगा। वर्तमान सत्र से श्रेष्ठतम प्रशिक्षार्थी को सिलाई मशीन पुरस्कार स्वरुप प्रदान किया जाएगा।

**घ) नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण**- संस्थागत सामाजिक उत्तरदायित्व के अन्तर्गत ही ''नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण'' पाठ्यक्रम महाविद्यालय के कम्प्यूटर साइंस विभाग द्वारा संचालित किया जाता है।

**उद्देश्य**- आस-पास के गरीब बच्चों/छात्र-छात्राओं को कम्प्यूटर के माध्यम से आधुनिक तकनीकी ज्ञान के प्रति जागरूक करना।

**कार्यपद्धति**- 40-40 प्रशिक्षार्थियों का दो वर्ग इस पाठ्यक्रम में पंजीकृत किया जाता है। 15 जून से 30 जून तक 'पहले आओ-पहले पाओ' की नीति पर गाँव का जो भी बच्चा (किसी भी स्कूल की छात्र-छात्राएँ) सर्वप्रथम आवेदन करते हैं उनमें से 40 को प्रवेश दिया जाता है। 01 अगस्त से इनकी कम्प्यूटर कक्षाएँ प्रारम्भ कर दी जाती है। पुन: 16 अगस्त को इनमें से रिक्त स्थानों के लिए एवं दूसरे 40

के वर्ग का आवेदन लिया जाता है और प्रथमत: आने वालो का पंजीकरण कर दिया जाता है। 3 बजे से 4 बजे तक यह कक्षा कम्प्यूटर साइंस की प्रयोगशाला में चलती है। वर्तमान सत्र में भी यह कक्षा पूर्ववत् चलायी जाएगी।

ङ) **आपदा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबन्धन**- महाविद्यालय में 'आपदा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबन्धन' पाठ्यक्रम रक्षा अध्ययन विभाग द्वारा संचालित किया जा रहा है।

**उद्देश्य**- वर्तमान समय में पर्यावरणीय एवं परिस्थितिकीय परिवर्तन और इसके परिणाम स्वरुप प्राकृतिक एवं मानव जनित आपदायें मानव जीवन पर तीव्र गति से प्रभाव डाल रही है। इन्ही समस्याओं को ध्यान में रखते हुए रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग द्वारा विद्यार्थियों में प्राकृतिक एवं मानव जनित आपदाओं के प्रति जागरुकता लाने के लिए एवं उसके प्रभाव को कम से कम करने के लिए आपदा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबन्धान का प्रमाण पत्र कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया है।

**संचालन विधि**- आपदा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबन्धन के प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम 20 अगस्त 2021 से प्रारम्भ होकर 29 जनवरी 2022 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। सभी कक्षायें शुक्रवार एवं शनिवार को सातवीं घंटी में रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग में संचालित की जायेंगी। कक्षाओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से संचालित किया जायेगा और प्रोजेक्ट कार्य के रुप में विद्यार्थियों से स्थानीय समस्याओं और उनके निराकरण के लिए सम्भावित उपायों पर विद्यार्थियों से सूचना एवं आकड़े एकत्रित करवाये जायेंगे।

13. **नि:शुल्क प्राथमिक उपचार केन्द्र**- महाविद्यालय द्वारा ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ नि:शुल्क प्राथमिक उपचार केन्द्र का संचालन विगत वर्षों से किया जा रहा है। इस उपचार केन्द्र में डाक्टर एवं अन्य सामग्री गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय गोरखनाथ की ओर से उपलब्ध कराया जाता है। महाविद्यालय के आस-पास के गाँवों के गरीब और कमजोर व्यक्तियों तथा महाविद्यालय के विद्यार्थियों हेतु उपचार एवं नि:शुल्क दवा की व्यवस्था होती है। आवश्यकता होने पर गम्भीर रोग से पीड़ित मरीजों को गुरु श्रीगोरक्षनाथ चिकित्सालय में रेफर कर उनका उपचार कराया जाता है। इस सत्र में नगर के कुछ प्रतिष्ठित चिकित्सकों को भी इस उपचार केन्द्र पर आमंत्रित करने की योजना बनाकर बुलाने की व्यवस्था किया जायेगा।

14. **क्रीड़ा**- श्रेष्ठ समाज के लिए शिक्षा के साथ स्वास्थ्य का सुदृढ़ होना अपरिहार्य है। इसी उद्देश्य से महाविद्यालय में आउटडोर एवं इनडोर गेम की व्यवस्था की गयी है। इस सत्र में बालीवाल, फुटबाल, क्रिकेट, बैडमिण्टन, कैरम, चेस इत्यादि गेम के साथ एथेलेटिक्स पर भी अधिक जोर देने का निर्णय लिया गया। सत्र में समय-समय पर जैसे महापुरुषों की जयन्ती, पुण्यतिथि, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापकों से सम्बन्धित तिथियों पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा।

15. **छात्रसंघ**- छात्र संघ का संचालन छात्रसंघ द्वारा बनाए गए संविधान के अनुसार होगा। छात्रसंघ के माध्यम से विद्याथियों में नेतृत्व क्षमता एवं निर्णय लेने की प्रवृत्ति के विकास हेतु महाविद्यालय प्रशासन में छात्र सहभाग और विभिन्न समितियों के माध्यम से निर्णय में सहभागिता द्वारा उनके व्यक्तित्व विकास की व्यवस्थित योजना महत्वपूर्ण है।

16. **राष्ट्रीय सेवा योजना**– राष्ट्रीय सेवा योजना में साक्षात्कार के आधार पर पूर्व की भाँति ही स्वयं सेवकों का चयन किया जाएगा। पूर्ववत् सभी प्रकार के आयोजनों/गतिविधियों/ कार्यक्रमों के साथ इस सत्र का महत्वपूर्ण लक्ष्य होगा 'आदर्श ग्राम योजना'। इस योजना को ग्राम हसनगंज में लागू किया जाएगा। जिसके अन्तर्गत गाँव में स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण, नशा उन्मूलन सरकारी योजनाओं का लाभ इत्यादि के सम्बन्ध में जन जागरण जैसा प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

